आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 122 | उज्जैन, सोमवार 18 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 2 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### नीदरलैंड से 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ। ये करीब 1000 साल पुराने तमिल दस्तावेज हैं, जिनमें चोल साम्राज्य से जुड़ी ऐतिहासिक जानकारी है। समझौते के तहत 11वीं सदी की चोल ताम्र पट्टिकाएं जल्द भारत लाई जाएंगी। यह 21 बड़ी और 3 छोटी तांबे की प्लेटों का संग्रह है। इनमें ज्यादातर लेख तमिल भाषा में लिखे गए हैं। मोदी ने कहा कि इन पट्टिकाओं में राजा राजेंद्र चोल प्रथम और उनके पिता राजा राजराजा चोल प्रथम से जुड़ी जानकारी दर्ज है। ताम्र पट्टिकाएं तांबे की बनी प्लेटें होती हैं, जिन पर पुराने समय में अहम बातें लिखी जाती थीं।

### कांगो में इबोला वायरस से 80 मौतें, 246 संदिग्ध केस

**कांगो।** कांगो के पूर्वी इटुरी प्रांत में इबोला से अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। 246 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। हालांकि, डब्ल्यूएचओ का कहना है कि यह महामारी की कैटेगरी में नहीं आता है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल-रोजर कंबा के मुताबिक, पहला मामला एक नर्स का माना जा रहा है, जिसकी 24 अप्रैल को मौत हुई थी। जांच में अब तक इबोला के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन के 8 मामलों की पुष्टि हुई है। बीमारी फिलहाल इतुरी प्रांत के बुनीया, रवामपारा और मोंगवालू इलाकों तक पहुंच चुकी है। कांगो में 1976 में पहली बार इबोला वायरस सामने आया था। यह देश में इसका 17वां मामला है।

### 22 मई को दूसरी बार शादी करने वाले हैं पंड्या



**माहिका शर्मा के साथ रिलेशनशिप में हैं दोनों की तरफ से कोई ऐलान नहीं**

**मुंबई।** हार्दिक पंड्या इन दिनों चोट के कारण आईपीएल 2026 के कुछ मैच नहीं खेल पाए हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि वो और उनकी गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा शादी कर सकते हैं। हालांकि, दोनों की तरफ से अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक यूजर ने दावा किया है कि हार्दिक और माहिका 22 मई को राजस्थान के उदयपुर में शादी करने वाले हैं। वहीं, एक दूसरे यूजर ने अपनी पोस्ट में दावा किया कि माहिका लगातार मैचों के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहती थीं और हार्दिक मैच खत्म होने के बाद सीधे उनके पास चले जाते थे। पोस्ट में यह भी कहा गया कि टीम की निजी चर्चाएं लीक होने की शिकायत के बाद बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के टीम कैंप में आने पर सख्ती की। दावा किया गया कि हार्दिक इन नियमों से नाराज थे और इसी वजह से शादी का फैसला लिया गया। हालांकि, इन दावों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स इन वायरल पोस्ट्स को फर्जी भी बता रहे हैं। बता दें कि हार्दिक ने मई 2020 में नताशा स्टेनकोविक से शादी की थी। उसी साल नताशा ने बेटे अगस्त्य को 30 जुलाई 2020 को जन्म दिया। साल 2024 में दोनों अलग हो गए। हार्दिक अब माहिका शर्मा को डेट कर रहे हैं। उन्होंने माहिका के नाम के पहले अक्षर का टैटू भी बनवाया है। 2026 टी20 विश्व कप जीत के बाद स्टेडियम में जश्न के दौरान हार्दिक और माहिका साथ नजर आए थे। दोनों का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसमें वे एक-दूसरे के साथ समय बिताते दिखाई दिए थे।

### ईरान के बाद क्यूबा पर अमेरिकी हमले का खतरा

**हवाना।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जॉन रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है। क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है।

### कुआलालंपुर एयरवेज की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**हैदराबाद।** हैदराबाद एयरपोर्ट पर नीदरलैंड से आ रही कुआलालंपुर एयरवेज की एक फ्लाइट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी के बाद से पूरा हैदराबाद एयरपोर्ट हाई अलर्ट पर है। मेल में दावा किया गया कि प्लेन में बम है, जो कभी भी फट सकता है। हालांकि फ्लाइट सुरक्षित हैदराबाद पहुंच गई। इससे पहले शुक्रवार शाम 6.30 बजे हैदराबाद एयरपोर्ट पर बम की धमकी का एक ईमेल मिला था। जिसके बाद पूरे एयरपोर्ट की जांच हुई थी। इसमें कहा गया था कि मलेशिया से हैदराबाद आने वाली एयरएशिया की एक फ्लाइट को उसके पहुंचने से पहले ही बम से उड़ा दिया जाएगा। गुरुवार को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आने वाली लुफ्थांसा फ्लाइट को लेकर भी एसी ही धमकी दी गई थी। यानी ये 4 दिन में तीसरी धमकी है। जिसके बाद से एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं।

---

**तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन दिल्ली जा रही ट्रेन लूनी रिच्छा-आलोट के बीच हादसे का शिकार**

# चलती राजधानी एक्सप्रेस में लगी आग, दो बोगियां प्रभावित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रविवार तडके तिरुवनंतपुरम से हजरत निजामुद्दीन दिल्ली जा रही ट्रेन संख्या 12431 राजधानी एक्सप्रेस में रविवार तड़के बड़ा हादसा टल गया। घटना तडके 5.15 बजे कोटा रेल मंडल के लूणीरिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशनों के बीच घटित हुई। आग इतनी तेजी से फैली कि इसने देखते ही देखते दो बोगियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे यात्रियों में भारी दहशत फैल गई। कोच में सवार सभी 68 यात्री सुरक्षित निकाल लिए गए। घटना से करीब दो घंटे दिल्ली मुंबई ट्रेक पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही है।

रतलाम कंट्रोल को सुबह 05.20 बजे कोटा कंट्रोल रूम से राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 कोच में आग लगने की प्रारंभिक सूचना मिली थी। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जैसे ही आग की लपटें दिखाई दीं, यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, रेलवे स्टाफ की मुस्तैदी और सूझबूझ से तुरंत प्रभावित बोगियों को ट्रेन के बाकी हिस्सों से अलग कर दिया गया, जिससे आग आगे नहीं फैल सकी। राहत की बात यह है कि इस भीषण अग्निकांड में किसी भी यात्री के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

कोटा मंडल रेल प्रबंधक सौरभ जैन के जारी वीडियो संदेश में बताया कि सुबह 5.15 बजे ट्रेन में फायर केस रिपोर्ट किया गया । एसएलआर एवं बी-1 कोच में आग लगने की घटना हुई थी। रेलवे कर्मचारियों ने पेसेंजर को इंश्योर करते हुए कोच को अलग कर दिया था। फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। अतिरिक्त कोच की व्यवस्था कोटा से की गई। हादसे के कारण 5-6 ट्रेनें इनरेग्यूलेट हुई है।

#### ये ट्रेनें प्रभावित हुई

इधर हादसे के कारण दिल्ली-मुंबई मुख्य रेल मार्ग का परिचालन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ । सुरक्षा के लिहाज से रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ा किया। इनमें 19020 देहरादून एक्सप्रेस शामगढ़, 12472 स्वराज एक्सप्रेस शामगढ़, 12416 इंटरसिटी एक्सप्रेस सुवासरा, 22210 नई दिल्ली-मुंबई दूरंतो चौमहला, 05017 स्पेशल ट्रेन नाथू खेड़ी और 01492 पुणे स्पेशल मोड़क पर ठहराव दिया गया।

#### राहत दल दुर्घटनाग्रस्त

घटना के बाद सुचना पर शामगढ़ से आलोट-लूनी रिछा घटनास्थल के लिए रवाना हुआ रेलवे मेकेनिकल खंड ग्रुप डी का स्टाफ दुर्घटना का शिकार हुआ है। सड़क मार्ग से भार वाहन से निकले कर्मचारी एवं सामान सुवासरा थाना अंतर्गत दलपथ नई आबादी के यहां मवेशी आ जाने पर पलटी खा गया। इस दुर्घटना से वाहन में सवार रेलवे कर्मचारी गणेश वर्मा, रामपालसिंह, धनसिंह राठौर को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर चोंट आने पर रेलवे के कोटा अस्पताल रैफर किया गया है। अन्य कर्मचारी श्यामसिंह एवं राजेशसिंह को सामान्य उपचार के बाद सुवासरा अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**रतलाम डीआरएम रिलिफ के साथ पहुंचे**

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीआरएम रतलाम तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए। इसके साथ ही रतलाम से एआरटी (एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन) और एआरएमई (एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल इक्विपमेंट) को मौके पर भेजा गया। परिचालन और तकनीकी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए टावर वैगन भी रतलाम से घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है। फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काम किया। कोटा पीआरओ के मुताबिक, रेलवे की स्वास्थ्य विभाग की टीम भी चिकित्सा व्यवस्था संभालने के लिए मौके पर पहुंच गई थी। सुबह 8.30 बजे अप लाइन चालू करते हुए ट्रेनों का प्रचालन शुरू कर दिया गया था। एक ही लाईन से दोनों और की ट्रेनों के आवागमन जारी रहा। पूर्वान्ह में करीब 10.45 बजे कोटा मंडल ने अतिरिक्त कोच लगाकर प्रभावित ट्रेन के यात्रियों की व्यवस्था जुटाकर उन्हें गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

---

**वित्तीय बोझ का हवाला देकर सरकार ने रोकी भर्तियां**

# प्रदेश सरकार ने 1 लाख 20 हजार पदों को हमेशा के लिए किया समाप्त

### भविष्य में इन पदों पर अब कोई नई सरकारी भर्ती नहीं की जाएगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए बेहद निराश करने वाली खबर सामने आई है। राज्य में जहां एक तरफ पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 25 लाख के पार पहुंच चुकी है और युवा लगातार नई भर्तियों की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सरकार ने एक बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए 1 लाख 20 हजार से अधिक पदों को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया है।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निदेशों के मुताबिक, इन पदों को 'डाइंग कैडर' घोषित कर दिया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि भविष्य में इन पदों पर अब कोई नई सरकारी भर्ती नहीं की जाएगी। सरकार ने वित्तीय बोझ को इन पदों को खत्म करने का कारण बताया है। सरकार का तर्क है कि राज्य पर बढ़ते वित्तीय बोझ को कम करने के लिए यह



कड़ा कदम उठाना पड़ा।

सामान्य प्रशासन विभाग ने साफ निर्देश दिए हैं कि यदि किसी भी विभाग, कलेक्टर या विभागाध्यक्ष ने इन समाप्त किए गए पदों पर नई नियुक्तियां कीं तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकार के इस फैसले के बाद अब मध्य प्रदेश में केवल नियमित और संविदा पदों पर ही नई भर्ती प्रक्रियाएं संचालित की जा सकेंगी। दूसरे सभी कैडर के पदों को खत्म कर दिया गया है। इन पदों पर अब भविष्य में कोई नई भर्ती नहीं की जाएगी।

#### राज्य और स्थानीय प्रशासन

जिन पदों को खत्म किया है उसमें कार्यभारित श्रेणी के 16,810 पद, आकस्मिकता निधि के 55,808 पद, संविदा और कोटवार श्रेणी के 34,497 पद शामिल हैं। कार्यभारित पद सड़क, सिंचाई और भवन निर्माण जैसी परियोजनाओं के लिए अस्थायी रूप से बनाए जाते थे। आकस्मिकता निधि कर्मचारियों का वेतन अस्थायी खर्च के लिए निर्धारित निधि से दिया जाता था। जबकि संविदा, कोटवार पद पर निश्चित अवधि के अनुबंध के आधार पर नियुक्तियां की जाती थीं। इसके साथ ही नियमित पदों पर काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को मार्च 2027 तक हटाने और उनकी जगह नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 से बढ़कर हुई 38

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश की न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया है। सरकार सुप्रीम कोर्ट में अधिकतम जजों की संख्या में इजाफा करने जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने संबंधी केंद्र सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब देश की सर्वोच्च अदालत में मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी गई है।

### भोजशाला की गोमूत्र से शुद्धि गर्भगृह में अखंड ज्योत स्थापित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ धार

धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की नई गाइड लाइन लागू होने के बाद रविवार को विधिवत पूजा-अर्चना की गई। भोज उत्सव समिति और हिंदू समाज के लोगों ने सूर्योदय के साथ ही मां वाग्देवी की आराधना की और सुबह 11.45 बजे आरती की।

रविवार सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां वाग्देवी के चित्र लेकर भोजशाला पहुंचे। समिति ने सबसे



पहले परिसर को गंगाजल-गोमूत्र से शुद्ध किया। इसके बाद गर्भगृह को रंगोली से सजाया गया। परिसर के बाहर स्थित ज्योति मंदिर की अखंड ज्योत को भी गर्भगृह में स्थापित किया गया। इसके साथ ही सूर्योदय से ही मंत्रोच्चार, देवी अनुष्ठान और वास्तु पूजन शुरू हो गया।

---

**नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार से किया सवाल**

# पीएम ने शिक्षा मंत्री को बर्खास्त क्यों नहीं किया

### बार-बार नीट पेपर कराने में फेल, 9वीं आरोपी मंधारे सीबीआई कस्टडी में भेजी गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने रविवार को नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले पर केंद्र सरकार से सवाल किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द नहीं हुई, सीबीआई ने जांच बिठाई। बार-बार फेल हो रहे शिक्षा मंत्री को पीएम मोदी बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे हैं।



राहुल ने आगे लिखा- नीट 2026 का पेपर लीक हुआ, परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने फिर इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर जांच कर रही है। मोदी जी देश आपसे सवाल पूछ रहा है- जवाब दो, बार-बार पेपर लीक क्यों हो रहे हैं? बार-बार इस परीक्षा पे चर्चा पर आप चुप क्यों हैं?

इधर, पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 9वीं आरोपी को सीबीआई ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां कोर्ट ने बॉटनी टीचर मनीषा मंधारे को 14 दिन की कस्टडी में भेज दिया है।

#### मंधारे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा रही

एजेंसी का दावा है कि मंधारे एनटीए की पेपर सेटिंग कमेटी का हिस्सा थीं। वह जानती थीं कि एग्जाम में कौन से सवाल आएंगे। उसने एग्जाम से पहले पुणे में स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। वहां छात्रों को बॉटनी और जूलॉजी के सवाल नोट करवाए थे। जांच में यह भी सामने आया है कि मंधारे ने पुणे से गिरफ्तार ब्यूटीशियन मनीषा वाघमारे के जरिए नीट देने वाले स्टूडेंट्स को अपने कोचिंग में एडमिशन दिलाया था। सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहिल्यानगर से अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। टीम ने रविवार को नांदेड़ में एक आरोपी के फ्लैट पर छापा मारा है।



---

**ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के**

### मसाज थेरेपिस्ट ने 9 महीने में 61 महिलाओं का यौन शोषण किया

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के मसाज थेरेपिस्ट सुमित सतीश रस्तोगी को 61 महिलाओं के यौन शोषण मामले में 13 साल 10 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने माना कि उसने महिलाओं का भरोसा तोड़ा और मसाज के दौरान उनके साथ गलत हरकतें कीं। अधिकारियों के मुताबिक, 39 साल का सुमित 2011 में दिल्ली से ऑस्ट्रेलिया आया था। उसने अक्टूबर 2021 से जुलाई 2022 के बीच एक मसाज पार्लर में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। उसने कोर्ट में 97 आरोप स्वीकार किए, जिनमें महिलाओं के गुप्त वीडियो बनाना और यौन शोषण शामिल है।

### केदारनाथ मंदिर में क्षमता से 40 प्रतिशत ज्यादा श्रद्धालु

एजेंसी ▸▸ गौरीकुंड

इस साल उत्तराखंड स्थित केदारनाथ धाम में आ रही बेहिसाब भीड़ और इन्हें संभालने के लिए की गई व्यवस्थाएं चिंता बढ़ा रही हैं। हालात ये हैं कि समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर हजारों श्रद्धालु रोज दर्शन के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, क्योंकि हर दिन औसतन 25 हजार श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

प्रशासन का दावा है कि इस बार यात्री क्षमता बढ़ाकर 22 से 24 हजार की है, लेकिन यात्रा के पहले दिन से ही इससे ज्यादा श्रद्धालु आ रहे हैं। इसलिए घोड़ा पड़ाव से मंदिर तक मौजूद सभी दुकानें, टेंट, गेस्ट हाउस, छोटे लॉज सब हाउसफुल हैं और इमरजेंसी में रुकना पड़े तो एक कमरे का रात का किराया 5 से 10 हजार रुपए तक लिया जा रहा है। 5 बाय तीन के टेंट भी बमुश्किल 2 से 6 हजार रुपए में मिल पा रहे हैं। वहीं, 21 किमी नीचे गौरीकुंड और सोनप्रयाग में भी ऐसे ही हालात हैं।

---

**गुजरात की जंगल सफारी में जानवरों के लिए एसी-स्प्रिंकलर लगाए**

# अमरावती-वर्धा देश में सबसे गर्म

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/मुंबई

पश्चिम में राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र-विदर्भ से लेकर मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। इन इलाकों में पारा लगातार 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है। दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं।

महाराष्ट्र के अमरावती और वर्धा देश के सबसे गर्म शहर रहे। दोनों शहरों का तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। यूपी के बांदा, मध्य प्रदेश का नौगांव और खंडवा में भी पारा 44 डिग्री से ज्यादा रहा।

इधर, गुजरात के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास बनी जंगल सफारी (सरदार पटेल जूलॉजिकल पार्क) में जानवरों और पक्षियों के लिए एसी, कूलर और स्प्रिंकलर लगाए गए हैं। वडोदरा के सायाजीबाग जूलॉजिकल पार्क ने जानवरों और पक्षियों को गर्मी से बचाने के लिए ठंडक के कई इंतजाम किए हैं। इनमें पानी का छिड़काव, बर्फ के टुकड़े, फॉगर शामिल हैं।

### मप्र के 15 शहरों में पारा 43 डिग्री पार, खंडवा सबसे गर्म

#### रतलाम में तेज धूप से मोबाइल बंद हो गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। इंदौर और उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा गर्मी है। शनिवार को नौगांव और खंडवा में पारा 44 डिग्री के पार रहा। वहीं, 15 शहरों में तापमान 43 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

रतलाम में इतनी तेज धूप थी कि मोबाइल ही बंद हो गया। वहीं, भोपाल के बाजार सूने रहे। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार, रविवार को रतलाम, खरगोन और खंडवा में तीव्र लू का अलर्ट है। यहां पारा 44 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

वहीं, इंदौर, उज्जैन, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, धार, बुरहानपुर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, मऊगंज, सीधी और मऊगंज में लू चलेगी।



भोपाल-जबलपुर में तेज गर्मी पड़ेगी
रविवार को भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, श्योपुर, नीमच, मंदसौर, शाजापुर, देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया और कटनी में भी तेज गर्मी का असर बना रहेगा।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जांच की जद में आए अफसर...

हाल ही में मां चामुंडा के जिले में हुए हादसे में मगध प्रदेश के गरीब श्रमिक बेवजह ही धन के पिपासुओं के कारण बेवजह ही काल के गाल में समा गए। अब तक 5 की मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। दो गरीब श्रमिकों के लापता होने का मामला भी अन्य घायल बराबर उठा रहे हैं लेकिन लापता मामले में अब तक जिम्मेदारों के बयान सामने नहीं आए हैं। बराबर घायल इसमें प्रश्न उठा रहे हैं पर नक्कार खाने में तुती सुनी ही नहीं जा रही है। मामले की प्रारंभिक जांच में लापरवाही और अपने कर्त्तव्यों की अनदेखी की स्थिति सामने आने पर 4 अफसर निलंबित किए गए हैं। वैसे निलंबन को सजा के दायरे में नहीं रखा जाता है। इसे प्रक्रियागत माना जाता है। दोनों धन पिपासु फैक्ट्री संचालकों को सुरक्षा कानून के दायरे में लेकर उन्हें भगवान श्री कृष्ण की शिक्षास्थली और धर्म नगरी के अंग्रेजों के जमाने के कारागार को अच्छे से जानने एवं देखने के लिए 3 माह के लिए भेजा गया है। गरीब ,मजदूरों की जान की कीमत कितनी सस्ती है। उद्योगों का संचालन किस तरह से नियमों के विरूद्ध किया जा रहा है और नियमों का पालन करने वाले कितने गंभीरता से अपने कर्त्तव्यों का पालन कर रहे हैं ये घटना सीधे तौर पर ऐसे ही मुद्दों से संबद्ध है। पूर्व में भी ऐसे कई हादसे हुए और जांचें हुई। अफसरों पर प्रारंभिक दौर में निलंबित किया गया। उसके बाद जैसे-जैसे मामला ठंडा होता गया सब कुछ ठंडा हो गया। इसके अन्यानेक उदाहरण सामने हैं लेकिन जिम्मेदारों में अब तक कोई बदलाव न आने का परिणाम मां चामुंडा के जिले में हुए हादसे ने प्रमाणित कर दिया है। खुसूर-फुसूर है कि पिछला पूरा सप्ताह ही हादसों का भरा रहा है। एक भारवाहक वाहन में सवारी ढोने के दौरान हादसा हुआ। क्रूज डूबा। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। अंत में बस में आग लग गई। जांच के मुद्दे वही लापरवाही कहां कैसे और किसने की। सजगता को लेकर पूर्व से कोई तैयारी नहीं देखी जाती है। यह हमारे स्वभाव में ही आ चुका है। हर बार हम हादसे का शिकार होते हैं और उसके उपरांत एक श्मशानी संकल्प लेते हैं। दिन व्यतीत होते ही हम उसे भूला देते हैं। अब इस मामले में देखा जाना चाहिए कि आखिरकार कितने दिनों तक सचेत हुआ जाता है। वैसे तो हादसे के बाद प्रदेश भर के पटाखा कारखानों में जांच की जाना थी लेकिन ऐसा कहीं न तो देखा ही जा रहा है और न ही सुना ही जा रहा है।

खुसूर फुसूर

## न्यूज कॉलम

### राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् चेयरमैन बनने पर किया स्वागत



**उज्जैन।** सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के पंडित जवाहर लाल नेहरु प्रबंध संस्थान के पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष प्रो.नागेश्वर राव के राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (एनएएसी) के चेयरमेन बनने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य अर्पण भारद्वाज पूर्व कुलगुरु आचार्य बालकृष्ण शर्मा, मध्य प्रदेश सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान के अध्यक्ष आचार्य गोपाल शर्मा, हिंदी अध्ययनशाला के पूर्व विभागाध्य आचार्य हरिमोहन बुधौलिया, पूर्व कुलसचिव डॉ. बीएल बुनकर एवं सार्वभौम मानव विकास संस्थान के अध्यक्ष एवं डॉ. अंबेडकर पीठ विक्रम विश्वविद्यालके पूर्व आचार्य शैलेंद्र पाराशर ने उनका पुष्प मालाओं, शाल एवं उत्तरीय उड़ाकर आत्मीय एवं भावभीना स्वागत किया।

### साहित्यिक संस्था गजलांजलि की काव्य गोष्ठी का आयोजन

**उज्जैन।** साहित्यिक संस्था गजलांजलि की काव्य गोष्ठी डॉ. सखा पाहवा के निवास पर आयोजित हुई। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में सामूहिक सरस्वती वन्दना की गई। अवधेश वर्मा नीर ने जीवन में माँ के महत्त्व पर माता के बिना संसार में व्यक्ति का प्रारब्ध सम्भव था ही नहीं, फिर क्यों एक ही दिवस उनके हेतु काव्य रचना पढ़ी गई। तुम जब भी आ जाती हो मेरी यादों में बज उठता है संगीत कई तरह, इस पंचतत्व की काया में कविता विनोद काबरा ने पढ़ी। दिलीप जैन ने कुछ संदेशात्मक क्षणिकाएँ पढ़ीं उत्तम आहार आवश्यक है हमारी, यह बन जाता है विलासिता यदि ग्रहण किया स्वाद-रंजन के लिए, वहहीं सत्यनारायण नाटानी ने उतर रही मेघमयी साँझ, धीरे-धीरे अम्बर से, सूरज भी किरणें समेट रहा है भावपूर्ण रचना पढ़ी।

7 दिन की जांच में ही शहर एवं जिले में 6 दर्जन से ज्यादा अवैध

# शहर में 39, देहात में 35 अपंजीकृत चिकित्सा केंद्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग प्रशासन के सख्त होते ही जिले में अवैध चिकित्सा केंद्र सामने आ गए हैं। 7 दिनों की जांच में विभागीय 5 दलों ने उज्जैन शहर सहित देहात में जांच का सिलसिला चलाया था। अवैध केंद्रों के सामने आने की स्थिति भी धड़ल्ले से शुरू हो गई। शहर में 39 एवं देहात में 35 ऐसे अवैध चिकित्सा केंद्र सामने आए हैं जो अपंजीकृत रूप से संचालित किए जा रहे थे।

बकौल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल 10 से 16 मई तक जांच दल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया गया। शहरी क्षेत्र में कुल 68 स्थानों पर जांच की गई जिसमे 29 पंजीयन पाए गए एवं 39 अपंजीकृत पाए गए। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 51 स्थान पर जांच की गई, जिसमे पंजीकृत 16 एवं अपंजीकृत 35 पाए गए, निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य संस्थान बिना वैध पंजीयन, आवश्यक अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों के विपरीत संचालित पाए गए। ऐसे संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया गया।

स्वास्थ्य विभाग प्रशासन सख्त हुआ तो बहुतेरे मामले सामने आए





### उज्जैन शहर में अपंजीकृत क्लिनिक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के अनुसार उज्जैन शहर की जांच में विश्वबंधु दवाखाना, फाजलपुरा डॉ. गोपाल राठौर, डॉ. तपेश राय निकास चौराहा, डॉ. संदीप डुंगरवाल अवंतिपुरा रोड, उज्जैन क्योरवेल फेमिली क्लिनिक एवं आॅर्थो, इंदिरा नगर, डॉ. एन. कपूर, अवंतिपुरा, सुखमन डेंटल एवं शिशु रोग क्लिनिक, आगर रोड, रोशन डेंटल, आई एवं ईएनटी क्लिनिक, 7 फाजलपुरा, डॉ. दीपिका, भेरूगढ़, न्यूरो क्लिनिक फ्रीगंज डॉ. पंकज वर्मा, राज श्री हेल्थकेयर नरेन्द्र कुमावत, भेरूगढ़ रोड, रामेश्वर क्लिनिक रामेश्वर वर्मा, आदर्श दवाखाना, श्री मेडिकोज एंड क्लिनिक, कानीपुरा रोड, एस.एन. गहलोत क्लिनिक, भेरूगढ़ रोड, मीना मेडिकोज, भेरूगढ़ रोड, डॉ. प्रदीप पाटीदार डेंटल क्लिनिक एवं ज्योति मेडिकल स्टॉर्स डॉ. आर के शर्मा, 17 कंचनपुरा, मक्सी रोड, डॉ. जितेन्द्र वी. मालवीय, डॉ. के.जी. अग्रवाल, गणेशपुरा मक्सी रोड ब्रिज, डॉ. समीक्षा राठौर, मक्सी रोड, हनी पॉलिक्लिनिक, मक्सी रोड डॉ. अयान खान, डॉ. बीएल तोरनिया, निरामय मल्टिपैथी हॉस्पिटल एंड पंचकर्म सेंटर डॉ. आशीष सक्सेना, शेक्सपीयर क्लिनिक डॉ. गफ्फार शेख, डॉ. अजीज यादव, चिराग मेडिकोज, सी 21 मॉल नानाखेड़ा डॉ. नियती जैन शाह, डेंटल क्लिनिक, निजातपुरा, डॉ. चिन्मय खत्री, अंकुर क्लिनिक डॉ. अंकुर गुप्ता, अशोक विहार सेठीनगर, महाकाल दवाखाना डॉ. प्रणीत कुमार बिस्वास नागझिरी, शिफा क्लिनिक डॉ. खालीद शेख, नागझिरी, स्वास्तिक क्लिनिक डॉ. प्रवीण कुमार डोंगरे, नागझिरी, साक्षी क्लिनिक डॉ. एचएस पंवार, नागझिरी, पूजा डेंटल क्लिनिक डॉ. पूजा चंद्रवंशी, नागझिरी, डॉ. मोहम्मद जावेद, नागझिरी, संपूर्ण दांत का दवाखाना डॉ. प्रियंका सोलंकी, नागझिरी, आदिनाथ क्लिनिक डॉ. राजेश जैन, लक्ष्मीनगर, सोनी डेंटल क्लिनिक, डॉ. हितेश दिल्लीवाल क्लिनिक, डॉ. लाल पैथ लेब क्लिनिक।

### उज्जैन ग्रामीण एवं तहसील में अपंजीकृत

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल के अनुसार जिले के तराना में डॉ. वीएस राठौर, हिमांशु डेंटल क्लिनिक, मुस्कान जैन दवाखाना डेंटल स्टूडियो, सचिन निजी क्लिनिक, माकड़ौन में मंगलसिंह जन औषधि केंद्र, मोहनसिंह परमार, तरुण कुमार गौलादार, विजय परमार आयन मेडिकल एवं हेल्थ केयर सेंटर, इंगोरिया में स्वास्तिक डेंटल क्लिनिक डॉ. सुलोचना पाटीदार, संजीवनी हेल्थ केयर सेंटर डॉ. रामनारायण राठौर, झुटावद में पाल दवाखाना विकास पाल,जेएसआर दवाखाना मोहनलाल केलरिया, सोना क्लिनिक महेश राठौर, सूर्यवंशी दवाखाना कृपा सूर्यवंशी, महिदपुर में शिफा क्लिनिक मुद्दसिर, राहत क्लिनिक डॉ. उमर फारूख, जनता मेडिकोज डॉ. एम एन नागौरी, श्री राजलक्ष्मी मेडिकोज, अपना क्लिनिक नागोरी मोहल्ला डॉ. ए एच नागौरी, दवाखाना डॉ. धर्मेन्द्र अधिकारी, सरकार मेडिकल व क्लिनिक पुलक सरकार, विश्वास क्लिनिक अमित विश्वास, सोनी क्लिनिक मनोहर लाल सोनी, ताजपुर बैस क्लिनिक, रफीक खान क्लिनिक, नरवर महावीर दवाखाना, इकबाल अली क्लिनिक, बीएल शर्मा क्लिनिक, नागदा-खाचरौद बंगाली क्लिनिक तुषार पांडे, सुरेल में बंगाली क्लिनिक अक्षत विश्वास, संदला में दवाखाना राजीव विश्वास, दवाखाना अजय विश्वास, राय क्लिनिक, चांदबड़ में काजी क्लिनिक।

गढ़ कालिका मंदिर में रविवार दोपहर आरती के दौरान हुआ विवाद

# किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास , पुलिस ने संभाली स्थिति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गढ़ कालिका मंदिर में रविवार दोपहर आरती के दौरान एक विवाद हो गया। यह विवाद किन्नर अखाड़ा तेलंगाना की महामंडलेश्वर साध्वी काली नंद गिरी और मंदिर के पुजारी व गार्डों के बीच हुआ। इस घटना के बाद मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महामंडलेश्वर साध्वी काली नंद गिरी दोपहर 12 बजे की आरती में शामिल होने मंदिर पहुंची थीं। साध्वी का आरोप है कि आरती के दौरान उन्हें वहां से हटने और बाहर जाने के लिए कहा गया, जिससे वे आक्रोशित हो गईं। उन्होंने माफी मांगने की मांग की। जीवनजीगंज सीएसपी पुष्पा प्रजापति ने बताया कि गढ़कालिका मंदिर में कुछ बातों को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।



**कार से पेट्रोल लाकर खुद पर डाला**

विवाद बढ़ने पर साध्वी ने विरोध स्वरूप अपनी कार से पेट्रोल लाकर मंदिर परिसर में खुद पर डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें रोक लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान मंदिर का एक गेट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया था, जबकि दूसरे से दर्शन जारी रहे। घटना की सूचना मिलते ही जीवाजीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने साध्वी को समझा-बुझाकर थाने ले गई।

### किनारे खड़े होने की बात पर विवाद

मंदिर प्रभारी मूलचंद जाटवा के अनुसार, आरती के दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ थी। साध्वी से केवल इतना कहा गया था कि वे थोड़ा किनारे हो जाएं ताकि अन्य श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकें। इसी बात को लेकर साध्वी नाराज हो गईं और विवाद बढ़ गया। फिलहाल, जीवाजीगंज पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी विवादों में रही हैं

वहीं किन्नर अखाड़ा की सती माता नंद गिरी ने कुछ समय पहले एक वीडियो जारी कर कहा था कि काली नन्द गिरी हमारे नियमों का पालन नहीं कर रही थी इसलिए इन्हें अखाड़े से बर्खास्त किया जाता है।

## रात्रिकालीन शिफ्ट में निगम आयुक्त ने किया चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के आंतरिक मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रात्रिकालीन शिफ्ट में कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट एवं जूना सोमवारिया क्षेत्र में चल रहे चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक दोनों ओर नाली निर्माण कार्य के साथ पेयजल लाइन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं सड़क निर्माण का पीक्यूसी कार्य अंतिम चरण में प्रचलित है। निगम आयुक्त ने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए कि केडी गेट चौराहे की सुव्यवस्थित प्लानिंग के साथ केडी गेट से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण कार्य गुणवत्ता एवं समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण किया जाए। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने तथा आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए।

## रिप्लाई और रिएक्शन से हटकर परिवार को समझना होगा : स्वामी मुस्कुराके



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व परिवार दिवस के अवसर पर टीम आनंदक, परिवार द्वारा परिवारः संवाद, संस्कार और संबंध विषय पर विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में परिवार को समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बताते हुए संवाद, विश्वास, संवेदना और संस्कारों को परिवार की वास्तविक शक्ति बताया गया। वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. स्वामीनाथ पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भलाई का सबसे बड़ा प्रमाण पत्र परिवार देता है। परिवार दिखावे की चीज नहीं, बल्कि हमारी पहचान, विश्वास और सबसे बड़ा संबल है। जीवजीराव वैधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र गुप्त ने कहा कि परिवार दिवस, पाश्चात्य संस्कृति की देन है। आज की परिस्थितियों में हमें परिवार दिवस मनाना पड़ रहा है, यह अपने आप में चिंतन का विषय है। आयोजन के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त स्वामी मुस्कुराके ने अपने आनंदमय, सहज एवं प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि, सात वार होते हैं, लेकिन परिवार नहीं तो सात वार का भी कोई महत्व नहीं। जो गंदगी पहले बाहर थी, वह अब घरों में आ गई है। रिप्लाई और रिएक्शन से हटकर परिवार को समझना होगा। हीरा परखने वाले से पीड़ा परखने वाला ज्यादा अच्छा होता है। गूगल के आने के बाद परिवारों की सोच और स्वरूप दोनों बदल गए हैं।

## योगीपुरा क्षेत्र में चौड़ीकरण के दौरान मकान ढहा

### परिवार हुआ बेघर, मकान में रखा लाखों रुपए का सामान मलबे में दबकर नष्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के योगीपुरा क्षेत्र में चौड़ीकरण कार्रवाई के दौरान एक मकान पूरी तरह ढह गया, जिससे एक परिवार बेघर हो गया। मकान में रखा लाखों रुपए का सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया।

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और कई परिवार डर के चलते घर खाली कर रहे हैं। रहवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

रामघाट जाने वाली गली में चल रही चौड़ीकरण कार्रवाई के दौरान जेसीबी से तोड़फोड़ की जा रही थी। इसी दौरान राजेंद्र राव सावदेकर का मकान क्रमांक-12 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मकान गिरने से घर में रखा टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखे, गीजर, पानी की टंकी, किराना सामान और बर्तन सहित पूरी गृहस्थी मलबे में दब गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कार्रवाई के दौरान मकान का मलबा गिरता दिखाई दे रहा है वहीं, गली में सामान बिखरा पड़ा है। घटना शनिवार देर शाम की है। मामला रविवार को तब सामने आया जब परिवार मुआवजे के लिए प्रशासन से गुहार लगाने पहुंचा।

हादसे के बाद आसपास के लोगों में डर का माहौल है। स्थानीय निवासी कुणाल ने बताया कि पास के तीन मकान पहले ही धंस चुके हैं और अब उनका मकान भी गिरने का खतरा बना हुआ है। इसी वजह से उन्होंने भी घर खाली कर दिया है। बताया जा रहा है कि करीब 15 परिवार इस कार्रवाई से प्रभावित हो रहे हैं।



### कार्रवाई के दौरान रिश्तेदार के घर में था परिवार

पीड़ित ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से नीचे की ओर चौड़ीकरण का काम चल रहा था। खतरे को देखते हुए परिवार शुक्रवार रात अस्थायी रूप से डायमंड कॉलोनी स्थित रिश्तेदार के घर चला गया था। शनिवार सुबह पड़ोसियों से मकान गिरने की सूचना मिली। परिवार का आरोप है कि प्रशासन ने न तो स्पष्ट जानकारी दी और न ही सामान निकालने के लिए पर्याप्त समय दिया। घटना के बाद परिवार अब किराए के मकान में रहने को मजबूर है।

# शनि का रेवती नक्षत्र में परिवर्तन से कुछ राशियों को रहना होगा संभलकर

## शनि का यह नक्षत्र परिवर्तन शनि जयंती के ठीक एक दिन बाद हुआ जिसके कारण काफी बढ़ गया इसका ज्योतिषीय महत्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वैदिक ज्योतिष शास्त्र में शनि ग्रह का विशेष महत्व होता है। शनि को सभी ग्रहों में सबसे मंद गति से चलने वाला और कर्मफलदाता माना गया है। शनि का शुभ-अशुभ प्रभाव काफी लंबे समय तक रहता है। शनि एक राशि में करीब ढाई वर्षों तक रहते हैं फिर इसके बाद दूसरी राशि में गोचर करते हैं लेकिन इस दौरान शनि एक निश्चित अंतराल पर नक्षत्र परिवर्तन भी करते रहते हैं जिसका प्रभाव सभी राशियों के जातकों के ऊपर किसी न किसी रूप में पड़ता है। 17 मई को शनि रेवती नक्षत्र में प्रवेश कर जिनके स्वामी ग्रह बुध देव होते हैं। शनि का यह नक्षत्र परिवर्तन शनि जयंती के ठीक एक दिन बाद ही है जिसके कारण इसका ज्योतिषीय महत्व काफी बढ़ गया है। शनि के नक्षत्र परिवर्तन से जहां कुछ राशियों को अच्छा लाभ मिल सकता है तो वहीं कुछ के लिए परेशानियों में इजाफा हो सकता है।

### पुरुषोत्तम मासः 15 जून तक चलेगा मलमास, बेहद फलदयी होंगे ये तीन काम

मलमास, अधिकमास अथवा पुरुषोत्तम मास की शुरूआत रविवार से हो गई। जो 15 जून तक रहेगा। इस दौरान अध्यात्म, साधना, कथा, पाठ व भगवान विष्णु की भक्ति कर सकेंगे।

उत्तराखंड विद्वत सभा के अध्यक्ष हर्षपति गोदियाल के अनुसार, चंद्र वर्ष 354 दिनों और सौर वर्ष 365 दिनों का होता है। दोनों के बीच करीब 11 दिनों के अंतर को संतुलित करने के लिए हर तीन वर्ष बाद एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास कहा जाता है।

**करना चाहिए सात्विक भोजन-** सूर्य संक्रांति न होने के कारण इसे मलमास भी कहा जाता है, जबकि भगवान विष्णु को समर्पित होने के कारण इसका नाम पुरुषोत्तम मास पड़ा। आचार्य सुशांत राज का कहना है इस पूरे महीने भगवान विष्णु की पूजा, श्रीमद्भागवत गीता का पाठ, मंत्र जाप और दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायी माना जाता है।



- **मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए शनि का रेवती नक्षत्र में परिवर्तन अच्छा नहीं रहेगा। आने वाले कुछ दिनो में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आपके खर्चों में बेतहाशा वृद्धि के योग हैं। कार्यों में तरह-तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग नौकरीपेशा हैं उनके ऊपर कार्यक्षेत्र में काम का दबाव रह सकता है क्योंकि इस दौरान आप अपना धैर्य खो सकते हैं। ऐसे में हर एक फैसला बहुत ही सोच-समझकर लेना होगा।
- **कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए शनि का नक्षत्र परिवर्तन अच्छा नहीं रह सकता है। आपको आर्थिक मामलों में कई तरह के उतार-चढ़ाव को सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आपके रूके हुए काम में कुछ नए तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सेहत संबंधी कुछ दिक्कतों का भी सामना करना होगा। वाहन आदि चलाते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी।
- **कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जातकों के लिए शनि का परिवर्तन अच्छा नहीं रहने वाला है। इस दौरान कई तरह की मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जल्दबाजी में कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले कई बार अच्छे से सोच-विचार करके ही करना अच्छा होगा। कामकाज में आपको अनुभवी लोगों की सलाह लेना बेहतर होगा।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 18 मई, 2026 | www.awantika.com




## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर में दो वाहनों से 340 पेटी शराब बरामद

**इंदौर।** कनाड़िया पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जा रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 340 पेटी शराब जब्त की गई है। आरोपी ट्रक और स्कॉर्पियो कार में शराब का अवैध परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर शराब, ट्रक और कार को जब्त कर लिया है। उससे जानकारी निकाली जा रही है कि वे शराब कहां ले जा रहे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि गाड़ियों में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एक ट्रक और स्कॉर्पियों कार को रोका। तलाशी ली तो उसमें 340 शराब की पेटियां मिलीं। इस मामले में चार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। ये चारों गाड़ियों से देवास की तरफ इंदौर होते हुए अलीराजपुर की तरफ जा रहे थे।

### इंदौर क्राइम ब्रांच ने पकड़ा फरार आरोपी

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने डेढ़ लाख रुपए की ब्राउन शुगर तस्करी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार को टीम ने मामले का खुलासा किया। आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी विमल श्रीवास निवासी परदेशीपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी साहिल से पूछताछ और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसकी तलाश की जा रही थी। जांच में सामने आया कि आरोपी अन्य राज्यों से अवैध हथियार खरीदकर इंदौर में सप्लायरों तक पहुंचाता था। इससे पहले क्राइम ब्रांच ने सौरभ, गौरव और साहिल को गिरफ्तार किया था।

### आईसीयू केयर यूनिट में बेड क्षमता 1770 हुई

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को निरंतर सशक्त एवं उन्नत बनाया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के साथ ही उनकी सतत एवं सशक्त निगरानी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। महिला एवं शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार द्वारा आधुनिक स्वास्थ्य अधोसंरचना, विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं एवं प्रभावी मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। इन प्रयासों से प्रदेश में नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सतत सुधार दर्ज किया जा रहा है। राज्य में जन्म के समय कम वजन वाले, समय पूर्व जन्मे एवं जन्म के समय गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के बेहतर उपचार और नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाइयाँ (एसएनसीयू) प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। इन इकाइयों से नवजात शिशुओं को विशेषज्ञ उपचार, आधुनिक चिकित्सा उपकरण एवं प्रशिक्षित चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई जा रही है।

### मंत्री सिलावट ने कृषि रथ का किया वर्चुवली शुभारंभ

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर जिले के विकासखण्ड सांवेर में कृषि रथ का वर्चुवली शुभारंभ किया। इस कृषि रथ का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी एवं वैज्ञानिक सलाह देना है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कृषकों को वर्चुवली संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के हित में यह बड़ा अभियान है, इससे किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। साथ ही उन्होंने हाल ही में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में लिये गये निर्णयों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की शुरूआत में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री सी.एल. केवडा ने बताया कि राज्य शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास के निर्देश पर आगामी 10 दिनों के लिये कृषि रथ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किया जायेगा।

### इंदौर में दिन के तापमान में गिरावट,गर्मी से राहत नहीं

**इंदौर।** इंदौर में पिछले दो दिनों से दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, लेकिन तेज धूप के कारण लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जनजीवन पर इसका खास असर देखा जा रहा है। इस दौरान सड़कों पर आवाजाही भी कम रही। शनिवार को अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिन का तापमान 8 दिनों बाद सामान्य स्तर पर पहुंचा है, जबकि रात का तापमान अब भी सामान्य से 1 डिग्री अधिक बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। फिलहाल गर्मी से राहत की उम्मीद कम है। इधर, शनिवार को दाऊदी बोहरा समुदाय द्वारा शहरभर में बीट द हीट अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 18 हजार लोगों को ठंडी छाछ वितरित की गई। अभियान में 300 से ज्यादा वॉलंटियर्स शामिल रहे। शहर के 11 प्रमुख स्थानों पर यह सेवा दी गई, जिनमें राजवाड़ा चौक, पलासिया, टॉवर चौराहा और राऊ बस स्टैंड शामिल रहे।

# 10 करोड़ घरों में संघ के 100 वर्ष का पहुंचेगा इतिहास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

## शताब्दी वर्ष में लक्ष्य पूर्ण करने की नीति पर किया जा रहा फोकस

संघ प्रथम बार 10 करोड़ घरों तक पहुंचकर एक नया इतिहास रचने को तैयार है। ऐसे में किस तरह से प्रत्येक घर में संघ की विचारधारा के साथ ही उसके 100 वर्ष का संघर्ष भरे इतिहास को पहुँचाना है। इस पर भी लगातार कार्य चल रहा है। उत्सव को छोड़ एक तरह से पूरा लक्ष्य विस्तार और जनसंपर्क रखा गया है।

यह लक्ष्य 2025 के विजयादशमी से शुरू हुआ है, जो इसी वर्ष 2026 के दशहरा तक पूर्ण करना है। वर्तमान में 88 हजार से भी शाखाएं संघ की है, जिसको बढ़ाकर अब 1 लाख से भी ज्यादा का टारगेट रखा गया है।




लगभग 6. 5 लाख गांव में पहुंचने का भी संकल्प लिया गया है। इस कार्य के लिए स्वयं सेवक हर बस्ती और मंडल में स्वयं जाकर 100 वर्ष के इतिहास को लोगों के बीच जाकर साझा करेंगे।

### हिंदू सम्मलेन से लोगों को जोड़ने पर भी ध्येय

संघ सभी जगह हिन्दू सम्मेलन भी आयोजित कर रहा है, जिसमें धर्म और हिन्दू संस्कृति में बनने वाले तीज और त्यौहार की थीम पर ही कार्यक्रम भी आयोजित समय - समय पर किए जा रहे है। इसमें बड़े स्तर पर बच्चे और खासकर महिलाएं ज्यादा संख्या में भी जुड़ रही है इसमें सामाजिक समरसता के साथ जाति भेद को भी खत्म करने जैसे विषयों पर फोकस रखा जा रहा है।



### युवाओ के साथ शिक्षा के भी मायने

संघ ने इसी वर्ष युवाओं को भी जोड़ने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। इसमें कई डॉक्टर, इंजीनियर, आईआईटीयंस के साथ अन्य प्रोफेशनल वर्क करने वालो पर भी जोर दिया गया है।

# वाह रे शिक्षा विभाग.. भटकने को मजबूर छात्र

## इंदौर में दो साल बाद भी नहीं मिली छात्रों को मार्कशीट, स्कूल बदलने वाले छात्रों को प्रवेश लेने में कठिनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में वर्ष 2024-25 में पांचवीं और आठवीं की एमपी बोर्ड परीक्षा देने वाले हजारों विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। इन विद्यार्थियों को दो वर्ष बाद भी अंकसूची (मार्कशीट) नहीं मिली है। हालत यह है कि उस समय पांचवीं में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब सातवीं कक्षा में पहुंच चुके हैं, जबकि आठवीं की परीक्षा देने वाले छात्र अब 10वीं कक्षा में पढ़ रहे हैं। इसके बावजूद विभाग अब तक विद्यार्थियों को उनकी मार्कशीट तक उपलब्ध नहीं करवा पाया है।

मार्कशीट नहीं मिलने के कारण विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्र ऐसे हैं, जो स्कूल



बदलकर अन्य संस्थान में प्रवेश लेना चाहते हैं, लेकिन अंकसूची नहीं होने के कारण उनका एडमिशन नहीं हो पा रहा है।

विद्यार्थी और अभिभावक कई बार स्कूल, जनशिक्षा केंद्र और जिला शिक्षा कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई निराकरण नहीं हो पाया है। हर जगह उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत, लेकिन बिना कार्रवाई के बंद की

अभिभावकों ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन और जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कार्यालय में कई बार शिकायत की गई, पर कोई समाधान नहीं निकला। सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत को बिना कार्रवाई के ही बंद कर दिया गया। स्कूल प्रबंधन भी हर बार यही कह रहा है कि हमारे पास ही अब तक मार्कशीट नहीं आई है।

**केस 1-** सातवीं कक्षा में पढ़ रही अवनी ठाकुर ने बताया कि मैंने वर्ष 2024 में पांचवी कक्षा की परीक्षा दी थी। तब से अब तक मार्कशीट नहीं मिली। कई बार स्कूल जाकर पूछा, लेकिन हर बार आशअवासन ही मिला रहा है। इस सबंध में डीपीसी कार्यालय में भी शिकायत की है, लेकिन कोई हल नहीं हुआ है। मार्कशीट नहीं मिलने के कारण दूसरे स्कूल में एडमिशन लेने में समस्या हो रही है।

# कागजों पर टैंकर चलाने और पानी बेचने के आरोप

## इंदौर नगर निगम में धांधली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम इस वर्ष सबसे ज्यादा टैंकर चलाने का दावा कर रहा है और शहर में जलसंकट गंभीर बना हुआ है। आरोप लग रहे हैं कि जोन और हाइड्रेंड से टैंकर चलाने में धांधली हो रही है। निगम के टैंकर सिर्फ कागजों पर चल रहे हैं और निजी टैंकरों को पानी बेचा जा रहा है। शनिवार को अपर आयुक्त आशीष पाठक बफार्नी धाम पानी की टंकी पर निरीक्षण पर पहुंचे तो ऐसी धांधली का खुलासा भी हुआ। बफार्नी धाम पानी की टंकी से 70 टैंकर दो दिन में भरने की जानकारी दी गई। इस बीच अपर आयुक्त ने लाग बुक (रजिस्टर) की जांच की तो उसमें भरे जाने वाले टैंकरों की कोई जानकारी दर्ज नहीं थी। इस पर अपर आयुक्त आशीष पाठक ने अधिकारियों से जवाब मांगा तो पार्षद सहित अधिकारी चुप्पी साथ गए और एक दूसरे पर दोषारोपण किया। पाठक ने सवाल उठाया कि जब भुगतान का समय आएगा तो फिर टैंकर ठेकेदारों को पेमेंट किस आधार दिया जाएगा। इस मामले में जोन 8 के शरद सोनी कारण बताओं नोटिस जारी करते के निर्देश दिए गए।

## बैठक में व्यापारियों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

# स्वच्छता सर्वेक्षण: अब इंदौर के बाजार भी होंगे साफ-सुथरे

## व्यापारी संगठनों के साथ खुलकर चर्चा की महापौर ने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में चल रहे स्वच्छता संवाद अभियान के तहत महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शनिवार को शहर के विभिन्न व्यापारी संगठनों के साथ खुलकर चर्चा की। इस संवाद का उद्देश्य केवल सफाई व्यवस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर के भविष्य, यातायात, जल संरक्षण, बाजार विकास और बुनियादी सुविधाओं को लेकर भी गंभीर मंथन किया गया।



बैठक में स्वच्छता प्रभारी अश्विनी शुक्ला और भाजपा नगर उपाध्यक्ष भारत पारख भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत नगर निगम के पिछले साढ़े तीन वर्षों के विकास कार्यों की वीडियो प्रस्तुति से हुई। बैठक में सराफा बाजार, छप्पन दुकान, सियागंज, टिम्बर मार्केट, रेडीमेड एसोसिएशन और नमकीन-मिठाई व्यापारियों सहित कई प्रमुख संगठनों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों ने शहर की समस्याओं और उनके समाधान को लेकर कई व्यवहारिक सुझाव दिए। सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और पेयजल समस्या सुलझाने की मांग उठी। वहीं प्रदूषण कम करने के लिए वाहन मालिकों को समय-समय पर पीयूसी प्रमाणपत्र नवीनीकरण के संदेश भेजने का सुझाव दिया गया।यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नए वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों और जिम्मेदार ड्राइविंग का प्रशिक्षण देने की बात भी सामने आई। व्यापारियों ने तालाबों के गहरीकरण और चौड़ीकरण के साथ अतिक्रमण हटाकर जल संरक्षण मजबूत करने पर जोर दिया।

## 2000 करोड़ रुपए के निवेश से बदलेगी तस्वीर

# इंदौर-उज्जैन में बनेगा मेडिकल टूरिज्म वेलनेस कॉरिडोर

## आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ योग, आयुर्वेद और वैलनेस सेंटर भी विकसित किए जाएंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

केंद्र सरकार की देश में पांच विशेष रीजनल मेडिकल हब स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब इंदौर-उज्जैन के बीच मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। सिंहस्थ से पहले इस परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में काम शुरू किया जा रहा है। शुरूआती चरण में इस परियोजना पर लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इंदौर और उज्जैन के बीच मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर के लिए क्षेत्र का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि इंदौर में बड़े अस्पताल समूहों के साथ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इस तरह के कॉरिडोर के लिए जरूरी मानी जाती हैं। वहीं, वर्ष 2024 के बाद मध्य प्रदेश में सबसे अधिक, लगभग 51 प्रतिशत पर्यटक और श्रद्धालु केवल उज्जैन पहुंचे हैं।

इंदौर में पहले से रोबोटिक सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब इस योजना के तहत अस्पतालों द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं और पैकेजों की सूची तैयार की जाएगी, ताकि वैश्विक स्तर पर मरीजों को आकर्षित किया जा सके।

इसके लिए एक केंद्रीकृत पोर्टल बनाया जाएगा और सभी सेवाओं के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तय की जाएगी। साथ ही इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### एक्सपर्ट्स की राय के बाद तैयार होगी रिपोर्ट

इंदौर और उज्जैन के बीच मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर विकसित करने की कवायद अब तेज हो चुकी है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से चर्चा कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे राज्य शासन को भेजा जाएगा।

इस योजना के तहत इंदौर की विशेषज्ञता वाले चिकित्सा क्षेत्रों को बढ़ावा दिया जाएगा और उन सुविधाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जो वर्तमान में अन्य शहर उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, यह कॉरिडोर केवल मेडिकल टूरिज्म तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि योग, आयुर्वेद और नेचुरोपैथी के माध्यम से स्वास्थ्य सुधार और रिकवरी पर भी फोकस किया जाएगा। परियोजना को क्वालिटी ऑफ केयर एंड क्रेडिबिलिटी मॉडल के आधार पर विकसित किया जाएगा।

### इंदौर-उज्जैन को ही क्यों चुना गया

मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर के लिए इंदौर और उज्जैन को सबसे उपयुक्त स्थान माना गया है। एक ओर महाकालेश्वर और दूसरी ओर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की मौजूदगी के कारण यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिन्हें विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा जा सकेगा। इंदौर की हवाई और रेल कनेक्टिविटी, आधुनिक एयर एंबुलेंस सुविधा, प्रतिष्ठित अस्पताल समूह और आसपास के पर्यटन स्थल इसे मेडिकल टूरिज्म इंडेक्स में शीर्ष स्थान दिलाने में मददगार साबित हो सकते हैं। वहीं उज्जैन देश की आध्यात्मिक विरासत का प्रमुख केंद्र है, जहां वर्षभर भारत सहित विदेशों से करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### महाकाल नगरी तक बनेंगे वैलनेस सेंटर

जानकारी के अनुसार, मेडिकल टूरिज्म कॉरिडोर को ओंकार सर्किट को ध्यान में रखते हुए इंदौर और उज्जैन के बीच विकसित किया जाएगा। गुलावट लोटस वैली जैसे प्राकृतिक स्थलों से लेकर महाकाल नगरी तक वैलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

## यूएससीएल ने मंदिर और आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास के लिए योजना बनाई

# 13 करोड़ की लागत से संवेरगा गढ़कालिका मंदिर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के प्राचीन और सिद्ध शक्तिपीठों में से एक गढ़कालिका माता मंदिर का स्वरूप बदलने जा रहा है। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड (यूएससीएल) ने मंदिर और आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास के लिए 13 करोड़ 14 लाख रुपये की योजना बनाई है, जिसके क्रियान्वयन के लिए ठेकेदार चयन की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। परियोजना का उद्देश्य मंदिर की प्राचीन आध्यात्मिक पहचान को सुरक्षित रखते हुए श्रद्धालुओं को आधुनिक और सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

मालूम हो कि मां गढ़कालिका, महाकवि कालिदास की आराध्य देवी का मंदिर है। स्मार्ट सिटी द्वारा इस मंदिर परिसर के कायाकल्प के लिए तैयार की गई योजना में विशेष फोकस सिंहस्थ-2028 के दौरान





संभावित भारी भीड़ प्रबंधन पर रखा गया है।

वर्तमान में जहां प्रतिदिन लगभग पांच हजार श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं, वहीं विकास कार्यों के बाद यह क्षमता बढ़ाकर करीब 12 हजार प्रतिदिन तक करने की तैयारी है। प्रशासन का मानना है कि महाकाल लोक के बाद उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में शहर के प्रमुख धार्मिक केंद्रों का उन्नयन आवश्यक हो गया है। परियोजना के तहत मंदिर परिसर में विरासत संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। मंदिर के शिखर, परकोटे और भार वहन करने वाली संरचनाओं को मजबूत करने के लिए पारंपरिक चूना-सुर्खी तकनीक का उपयोग किया जाएगा, ताकि मूल स्थापत्य शैली प्रभावित न हो। आधुनिक सीमेंट आधारित निर्माण को सीमित रखते हुए हेरिटेज फ्रेंडली कार्य किए जाएंगे।

### विशाल फोरकोर्ट और प्लाजा विकसित होगा

मंदिर परिसर में विशाल फोरकोर्ट और प्लाजा विकसित होंगे, जहां श्रद्धालु बैठ सकेंगे और धार्मिक अनुष्ठान कर सकेंगे। बलुआ पत्थर से बने चबूतरे, आकर्षक पाथवे और पारंपरिक डिजाइन इस क्षेत्र को नया स्वरूप देंगे। भीड़ नियंत्रण के लिए 350 से 400 लोगों की क्षमता वाले कवर्ड कतार मार्ग और टेन्साइल शेड तैयार किए जाएंगे, ताकि गर्मी और बारिश में भी श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। परियोजना में प्रवेश व्यवस्था को भी विशेष रूप से विकसित किया जाएगा। मंदिर के लिए भव्य नक्काशीदार मुख्य द्वार और अलग वीआइपी एंट्री बनाई जाएगी। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण, पैदल यात्री मार्ग, पार्किंग व्यवस्था और एलईडी लाइटिंग जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। स्मार्ट सिटी ने निर्माण गुणवत्ता को लेकर भी सख्त प्रावधान किए हैं। सभी प्रमुख निर्माण सामग्री का थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन अनिवार्य रहेगा।

# मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का नया पोर्टल लोकार्पित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि अमरकंटक से निकलने वाली मां नर्मदा, छोटी-छोटी नदियों के मिलने से विशाल स्वरूप प्राप्त करती है। इसी प्रकार नई तकनीक की धाराओं के माध्यम से कोर्ट, पुलिस, प्रिजन, फॉरेंसिक और मेडिको लीगल की शाखाएं यूनाइटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म में एकाकार होते हुए न्याय पाने में आमजन के लिए सहायक सिद्ध होंगी। आम नागरिक को त्वरित रूप से न्याय देने के लिये न्यायपालिका को अस्पतालों की तरह 247 कार्य करना होगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा नागरिकों के लिए डिजिटल सेवाओं का विकास कर न्याय प्रक्रिया को तेज और सरल बनाना सराहनीय और अनुकरणीय है। उच्च न्यायालय के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से समय पर बंदियों को मुक्त करने, अर्जेंट हियरिंग, कोर्ट ऑर्डर के डिजिटलीकरण जैसी अनेक सुविधाएं मिलेंगी। भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था देश के सभी न्यायालयों में लागू की जाए।

## न्यूज कालम



### हसनाबाद गांव से मुकद्दस सफर-ए-हज पर रवाना हुए

**देपालपुर।** क्षेत्र के ग्राम हसनाबाद में उस वक़्त रूहानी माहौल देखने को मिला, जब गांव के सम्मानित निवासी सदर मोहम्मद सलीम गब्बर एवं रफीक मोहम्मद अपनी अहलिया (सपत्नीक) के साथ मुकद्दस सरजमीं मक्का-मदीना, सऊदी अरब के लिए सफर-ए-हज पर रवाना हुए। इस मुबारक मौके पर परिवारजन, रिश्तेदार, अजीजो-अकारिब, दोस्त-अहबाब एवं गांव के गणमान्य नागरिक बड़ी तादाद में मौजूद रहे और हाजियों को गुलपोशी कर दुआओं एवं नेक तमन्नाओं के साथ रुख़्सत किया। गांव में सुबह से ही एक रूहानी फिजा कायम रही। हर तरफ लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की सदाएं गूंजती रहीं और लोगों ने हज पर जाने वाले खुशनसीब लोगों को मुबारकबाद पेश की। बुजुर्गों ने हाजियों को सब्र, तहम्मुल और इबादत में पूरी तल्लीनता के साथ अरकान-ए-हज अदा करने की नसीहत दी। वहीं बच्चों और नौजवानों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। रवानगी से पहले आयोजित दुआईया मजलिस में उलेमा-ए-किराम एवं बुजुर्गों ने कहा कि हज इस्लाम का अहम रुक्न है और हर साहिब-ए-इस्तिताअत मुसलमान की दिली ख्वाहिश होती है कि उसे अल्लाह तआला अपने घर की हाजिरी नसीब फरमाए।

### शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया



**मंडलेश्वर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण में गायत्री परिवार तहसील महेश्वर के सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 15 मई शुक्रवार शाम के समय संस्कार शालाओं के आयोजकों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्रज्ञापीठ छोटी खरगोन में संपन्न हुआ । जिसमें संस्कारशाला के जिला समन्वयक श्री जितेंद्र भाई यादव जिला सह समन्वयक केसरीलाल पटेल के मार्गदर्शन में एवं तहसील संयोजक रामदास कौशल के सहयोग से तहसील में संस्कार शाला चलाने वाले , समस्त कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। महेश्वर तहसील के संस्कारशाला के प्रभारी श्री भुवानीराम पाटीदार ने तहसील में चल रही संस्कार शालाओं की जानकारी प्रस्तुत की साथ ही जिला सदस्य श्री किशनलाल मुकाती ने उपस्थित सभी का स्वागत किया। पर्यावरण क्षेत्र में सक्रिय रूप से भागीदारी करने वाले मुकेश भाई जाट का विवाह दिवस होने से उपस्थित सभी परिजनों ने वैदिक मन्त्रों एवं पुष्पों की वर्षा के माध्यम से दंपति का स्वागत-सत्कार किया गया एवं बधाईयां दी। कार्यक्रम का संचालन विजय भाई कुशवाहा के द्वारा संपन्न किया गया तथा सभी के प्रति आभार श्री कन्हैयालाल पाटीदार के द्वारा व्यक्त किया गया।

### जनजाग्रति संस्था ने किया नवागत एसपी का स्वागत,सौजन्य भेंट में कही बात



**बुरहानपुर।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि जिले में अपराधों में कमी और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए जन-जन का सहयोग सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनता के सहयोग से जिले में शांति व्यवस्था कायम की जाएगी। समाज सेवा के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ने मंगलवार को नवागत जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी से सौजन्य भेंट कर भावभीना स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, कोषाध्यक्ष मेहुल जैन, कार्यकारिणी सदस्य रजनी गट्टानी, अरुण जोशी, रविन्द्र महाजन, आर एस ठाकुर, देवचंद शर्मा उपस्थित थे। सौजन्य भेंट के दौरान एसपी आशुतोष बागरी ने कहा कि मुझे ज्ञात है कि इस शहर का जनमानस मिलनसार, भाईचारा एवं एकता की मिसाल कायम करता है। उन्होंने कहा कि जहां भी जन सहयोग की आवश्यकता होगी, आप सभी लोग सहभागी बनकर जिले में शांति व्यवस्था कायम करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

### डिजिटल जनगणना के कार्य में ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर सूचीकरण का कार्य किया

**उज्जैन।** देश की पहली डिजिटल जनगणना प्रारंभ हो गई है। 1 मई से 31 मई तक प्रगणकों द्वारा घर-घर पहुंच कर मकान सूचीकरण का कार्य संपन्न किया जा रहा है। इसी क्रम में जनगणना से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गत दिवस ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर जनगणना से संबंधित किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। जिसमें जोन क्रमांक 4 एवं जोन क्रमांक 5 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40 पंवासा क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 41 गोपालपुरा क्षेत्र, लोटी स्कूल के पास, इत्यादि क्षेत्रों में 8 से अधिक ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर एवं प्रगणक के साथ घर-घर भ्रमण करते हुए नागरिकों से जानकारी संग्रहित की गई। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सुपरवाइजर एवं प्रगणक को निर्देशित किया गया कि जनगणना का कार्य समय सीमा में पूर्ण हो। ब्लॉक एवं सर्कल स्तर पर कुछ सुपरवाइजर एवं प्रकरण द्वारा कार्य करते हुए समय से पूर्व ही जनगणना के कार्य को पूर्ण किया गया है, इसलिए संबंधित ब्लाक की टीम सराहना के पात्र है। वर्तमान में गर्मी का समय है। मौसम के अनुकूल रहते हुए कार्य किया जाए। सुबह एवं शाम की शिफ्ट में घर-घर सर्वे किया जाए। साथ ही जिन मकानों में ताले लगे हुए हैं, उनमें फिर से कुछ दिनों बाद विजिट करें। जनगणना 2027 का प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई तक संपन्न किया जाएगा।

# ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर आए हाई कोर्ट निर्णय के बाद खंडवा में सनातन धर्मावलंबियों के बीच उत्साह का माहौल

### घंटाघर चौक पर भारत माता की आरती, और हुआ सरस्वती मां का पूजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर आए हाई कोर्ट न्यायिक निर्णय के बाद खंडवा में सनातन धर्मावलंबियों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला। शुक्रवार शाम शहर के प्रमुख घंटाघर चौक पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए, जहां भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गई एवं मां सरस्वती का पूजन किया गया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजन के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति और धार्मिक नारों से गूंज उठा।

आरती और जयघोषों से बना भक्तिमय माहौल शाम होते ही घंटाघर चौक पर श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे। हाथों में केसरिया ध्वज और आरती की थालि लिए लोगों ने भारत माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान च्वंदे मातरम, जय श्री राम और भारत माता की जय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। सुनील जैन ने बताया कि आयोजन में शामिल लोगों ने इसे सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक



धरोहरों के सम्मान से जुड़ा निर्णय बताते हुए खुशी जाहिर की। विधायक कंचन तंनवे ने कहा कि वर्षों से लंबित इस मामले में न्यायालय की पहल से सत्य की विजय हुई है। इस विजय को लेकर घंटा घर पर हम सभी ने मिलकर भारत माता की आरती कर जयकारे लगाए। भारत माता हमें सब कुछ देती है हमारा भी दायित्व है कि हम सभी भारत माता के प्रति नत मस्तक रहे एवं सदैव माता की आरती करते रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे डॉ. अनिस अरझरे ने भी खुशी खुशी जाहिर करते हुए इस फैसले को सत्य की जीत बताया एवं भारत माता की आरती में भाग लिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की जनता हमेशा से देश की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के पक्ष में रही है। आयोजन के अंत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।

शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ आयोजन सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल रहा तैनात

कार्यक्रम के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए घंटाघर चौक पर पुलिस बल तैनात रहा। भारत माता की आरती के इस आयोजन में जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, हरीश कोटवाले, सेवादास पटेल, डॉ अनिस अरझरे,लोकेंद्र गोड, सुनील जैन,गणेश गुरबाणी, मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, स्नेहा पाराशर, हरीश सेन, श्याम फुलमाली, पंडित शैलेंद्र पांडेय, नवीन शर्मा, प्रशांत मिश्रा, यशदीप चौरे,चंद्रेश पचोरी, सतनाम सिंह होरा, राजेंद्र सिंह सोनी विशाल छाबडा, राम सिंह रावत, आशीष शर्मा, अनिल भगत, दुर्गेश शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बदनावर में छह दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन हुआ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मनावर

तेजी से बदलते आधुनिक दौर और पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के बीच युवाओं को संस्कारों एवं धार्मिक मूल्यों से जोड़ने हेतु बदनावर में छह दिवसीय संस्कार शिविर का आयोजन किया गया । मनावर नगर के बच्चों ने भी की सहभागिता 17 मई को शिविर का समापन हुआ।

इस शिविर में 12 से 22 वर्ष आयु वर्ग के बच्चो ने भाग लिया । शिविर का संचालन आचार्य उमेशमुनिजी म.सा. के सुशिष्य बुद्धपुत्र जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. की प्रेरणा से हुआ । शिविर में पूज्य




मुनिराज धर्मेन्द्रमुनि, संदीपमुनि, अभयमुनि, जयंतमुनि सहित ठाणा ८ एवं महासती मधुबालाजी, सुनीताजी सहित ठाणा 6 के सानिध्य में बच्चों को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, नवकार महामंत्र, सामयिक आराधना तथा जीव दया का अभ्यास कराया गया । प्रत्येक शिविरार्थी के लिए रायसी व देवसिय प्रतिक्रमण तथा नौ सामयिक अनिवार्य थी । सुबह धार्मिक प्रवचनों के बाद ध्यान-योग, प्राणायाम, क्रोध नियंत्रण, आत्मनियंत्रण, शब्दों की मयार्दा एवं साधु जीवन के महत्व जैसे विषयों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गये। बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सामूहिकता की भावना विकसित करने हेतु खेल व मनोरंजक गतिविधियां भी कराई गई। क्रिकेट स्पर्धा मे मनावर श्रीसंघ के आदिश नवलखा की कप्तानी मे मनावर टीम उपविजेता बनी व नगर का नाम गौरवान्वित किया। मनावर श्रीसंघ अध्यक्ष प्रवीण खटोड व संघ सहसचिव आकेश दीपिका नवलखा भी समापन समारोह मे उपस्थित थे। मनावर नगर से आदिश नवलखा, आदित्य नवलखा, आरव खटोड, तनिष्क जैन, कल्प नवलखा और अथर्व काकरेचा ने भीषण गर्मी मे भी समभाव से शिवीर मे भाग लिया व धार्मिक ज्ञान संस्कार अर्जित किये । बच्चों के संस्कार शिवीर मे छः दिन मोबाईल का पूर्ण त्याग, संवर आदि त्याग किये।

## हमारे बुथ समाधान केंद्र बनना चाहिए - जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार

**मनावर।** भाजपा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष श्री भगवान सिंह परमार का भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय में प्रथम आगमन हुआ अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की भाजपा धार ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार एवं अ जा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरज बालेश्वर द्वारा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्षजी का स्मृति चिन्ह प्रतीक भाजपा का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया संगठन में प्रवास के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार ने कहा भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी विचारों काम करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है आज जो लोग संविधान को अपने हाथों में लेकर घूम रहे हैं सब समाज के भोले भाले समाज को भड़काने कम कर रहे हैं आज उनका आधार क्या है आज भाजपा की सरकार डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का काम अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का काम समरसता के भाव से करने का काम कर रही है।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

### फेफड़ा व ईएनटी विशेषज्ञों ने की जांच, बीपी-शुगर टेस्ट नि :शुल्क

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा रविवार, 17 मई को शनि मंदिर स्थित सुपर क्लिनिक में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 35 से अधिक मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परामर्श और जांच का लाभ उठाया।

**विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच**

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक, फेफड़ा रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम वर्मा एवं ईएनटी सर्जन डॉ. विकुल देशवाल ने मरीजों की गहन जांच कर उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने उपस्थित मरीजों को बदलते मौसम में होने वाले विकारों से बचने और खुद को सुरक्षित रखने के महत्वपूर्ण उपाय भी बताए।



**बीपी-शुगर की निःशुल्क जांच**

शिविर के दौरान अस्पताल प्रबंधन की ओर से सभी मरीजों की ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच पूरी तरह निःशुल्क की गई।

**संचालक के मार्गदर्शन में आयोजन**

पूरे स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के कुशल दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर का लाभ उठाने वाले स्थानीय नागरिकों ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों के इस जनहितैषी प्रयास की सराहना की।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शिक्षा वर्ग मंदसौर में प्रारंभ, 302 शिक्षार्थी ले रहे हैं प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग (विद्यार्थी) का भव्य और विधिवत शुभारंभ संजीत रोड स्थित सरस्वती विहार प्रांगण में भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। 15 दिनों तक चलने वाले इस विशेष प्रशिक्षण वर्ग में मालवा प्रांत के 28 जिलों से चयनित 302 शिक्षार्थी सहभागिता कर रहे हैं। इस वर्ग में शिक्षार्थी संघ की कार्यपद्धति, सामूहिक जीवन, सेवा और कड़े अनुशासन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर वर्ग के सर्वाधिकारी जैनेन्द्र जैन, वर्ग पालक व मालवा प्रांत के सह प्रांत प्रचारक केतन सोजीतरा और वर्ग कार्यवाह डॉ. सुमंत कुशवाह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में शिक्षार्थियों को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए मालवा प्रांत के सह



कार्यवाह रघुवीरसिंह सिसौदिया ने कहा कि मां भारती की सेवा का अवसर हमारे जीवन में आया है और यह वर्ग सामूहिक जीवन जीने की कला सीखने का एक श्रेष्ठ माध्यम है। आपने कहा कि हमारी संस्कृति विविधता में एकता का दर्शन कराती है। कई बाहरी आक्रमणों को झेलने के बाद भी यह संस्कृति आज भी जीवंत है क्योंकि इसके मूल्य गहरे हैं। हमारी संस्कृति में नदियों, पहाड़ों और मिट्टी को भी पूजनीय माना गया है और हम जड़ वस्तुओं में भी देवत्व देखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा पूरे विश्व से सताए गए लोगों को शरण दी है और वसुधैव कुटुंबकम तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव को केवल वाक्यों में नहीं बल्कि आचरण में भी उतारा है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण कोरोना काल में विदेशों तक वैक्सीन पहुंचाना था। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि संघ का शिक्षा वर्ग कार्यकताओं के निर्माण की साधना है। इस प्रशिक्षण के बाद जब स्वयंसेवक समाज, देश और गांव के लिए अपना योगदान देंगे, तभी इस वर्ग की सार्थकता सिद्ध होगी।

## श्रद्धालुओं ने शनि देव के दर्शन कर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

शहर के प्राचीन शनि मंदिर में इस वर्ष शनि जयंती, अमावस्या और शनिवार का दुर्लभ संयोग 13 वर्षों बाद बनने पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थीं, जो देर रात तक जारी रहीं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि भवानी माता रोड स्थित शनि मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान शनिदेव की प्राचीन प्रतिमा पर परिवार सहित उपस्थित होकर अपने स्वकल्याण के लिए अपने हाथों से तेल अर्पित कर अभिषेक किया और शनि दोष व राहु-केतु बाधा से मुक्ति की कामना की। मंदिर के पुजारी ज्योतिष विशाल शर्मा ने बताया कि शुभ सहयोग के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान के दर्शन किये, पूरा मंदिर परिसर फूलों और आकर्षक विद्युत सजावट से जगमगा उठा। जय शनिदेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। दोपहर १२ बजे भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया गया, एवं आरती की गई जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इसके बाद 12.30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

दिनभर शनि, राहु और केतु जाप का आयोजन चलता रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। रात 8 बजे हुई महाआरती में भारी भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति में डूब गया। सुनील जैन ने बताया कि भगवान शनि देव के अभिषेक के साथ विशेष श्रृंगार पंडित विशाल शर्मा एवं परिवार द्वारा किया गया, 13 वर्षों बाद बने इस विशेष संयोग के कारण इस बार श्रद्धालुओं की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं और स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई थी जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं ने प्रेम भाव से दर्शन किये।

## एडीपीसी ने किया बालिका छात्रावास महिदपुर का औचक निरीक्षण

**उज्जैन ।** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत संचालित शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास, दशहरा मैदान, महिदपुर में नई शैक्षणिक सत्र के लिए बालिकाओं के आगमन से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने के लिए एडीपीसी श्री गिरीश तिवारी ने शनिवार को छात्रावास का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान श्री तिवारी ने छात्रावास परिसर, कक्षों, भोजनालय , शौचालय, जल आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने बालिकाओं के सुविधाजनक एवं सुरक्षित निवास के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षिका, सहायक कर्मचारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मोक्ष प्राप्ति के लिए भक्ति ही सबसे श्रेष्ठ मार्ग -शास्त्री चिंतनप्रियदासजी

### स्वामीनारायण मंदिर में शुरू हुआ दिव्य अभिषेक महोत्सव, पूरे माह चलेगा विशेष अनुष्ठान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸

बुरहानपुर। पवित्र अधिक पुरुषोत्तम मास के शुभारंभ के साथ ही सिलमपुरा स्थित प्राचीन एवं विश्वविख्यात स्वामीनारायण मंदिर में दिव्य अभिषेक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। पूरे स्वामीनारायण संप्रदाय में केवल बुरहानपुर मंदिर में ही पुरुषोत्तम मास के दौरान लगातार एक माह तक विशेष अभिषेक किया जाता है। इस कारण देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है।



**200 वर्ष पुरानी प्रसादी मूर्ति का अभिषेक**

करीब 195 वर्ष पुराने इस मंदिर की विशेषता यहां विराजित प्रसादी स्वरूप मूर्ति से जुड़ी है, जिसे लगभग 200 वर्ष पूर्व स्वयं भगवान स्वामीनारायण द्वारा छह माह तक पूजा-अर्चना के बाद भक्तों को प्रदान किया गया था। लक्ष्मीनारायण देव की यही प्रसादी मूर्ति पूरे पुरुषोत्तम मास में अभिषेक पूजा का केंद्र है।

**500 लीटर दूध व पंचामृत से अभिषेक**

अभिषेक के लिए ताप्ती नदी से पवित्र जल लाया गया। भगवान का अभिषेक केसर, चंदन, शक्कर, पंचामृत, दही, शुद्ध घी, फलों के रस एवं लगभग 500 लीटर दूध से किया गया। श्रद्धालुओं ने भी घरों से दूध लाकर दुग्धाभिषेक किया। इस दौरान वैदिक ब्राह्मणों द्वारा 1600 मंत्रों का उच्चारण किया गया। अभिषेक के बाद बहने वाली दूध की धारा को तीर्थ स्वरूप ग्रहण किया गया।

**अधिक मास में व्रत-भजन से कल्याण**

व्यास पीठ से शास्त्री चिंतनप्रिय दासजी ने कहा कि मोक्ष प्राप्ति के लिए भक्ति सबसे श्रेष्ठ मार्ग है। अधिक मास में व्रत, पूजन, भजन-कीर्तन और धर्माचरण से मनुष्य का अंतिम समय सरल और कल्याणकारी बनता है। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने इस मास को अपना नाम "पुरुषोत्तम मास" दिया और इसे सभी महीनों में श्रेष्ठ स्थान दिया। इस माह में किया गया धर्माचरण अनेक पापों को नष्ट करता है।

**बुरहानपुरवासी भाग्यशाली**

उज्जैन से पधारे आनंद जीवनदासजी शास्त्री ने कहा कि बुरहानपुरवासी अत्यंत भाग्यशाली हैं जिन्हें भगवान स्वामीनारायण की प्रसादी स्वरूप मूर्ति प्राप्त हुई और पूरे माह दिव्य अभिषेक के दर्शन मिल रहे हैं। महंत कोठारी अप स्वामी ने कहा कि भगवान को बुरहानपुर के भक्त अत्यंत प्रिय थे, इसलिए उन्होंने अपने हाथों से प्रसादी की मूर्ति भेंट की।

**प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे अभिषेक**

पूरे पुरुषोत्तम मास के दौरान प्रतिदिन सुबह 6.30 से ७:३० बजे तक भगवान का विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद आरती, कथा एवं पुरुषोत्तम मास महात्म्य का वाचन होगा। सुबह 9.30 बजे श्रृंगार आरती होगी।

## न्यूज -कॉलम

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर 5 लोगों ने बेची करोड़ों की जमीन

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम उमराझर में फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों की जमीन बेचने का मामला सामने आने पर पुलिस द्वारा 5 लोगों के खिलाफ धारा 318 (4), 338 , 336 (3), 61 (2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि इंदौर के रेडक्रॉस रोड पर रहने वाले अनुराग पिता सुरेन्द्र सोनी की ग्राम उमराझर माकडोन-शाजापुर मार्ग करीब 42 बीघा जमीन है। जिसकी वर्तमान कीमत 10 लाख बीघा से अधिक की है। अनुराग सोनी इंदौर में रहते है और कभी-कभी माकडोन आते है। कुछ समय पहले आने पर उन्हे पता चला कि उनकी जमीन पर दूसरे लोगों ने कब्जा जमा लिया है। जानकारी जुटाने पर सामने आया कि पिछले वर्ष 16 जून से 15 जुलाई 2025 के बीच उक्त जमीन को पांच लोगों ने धोखाधड़ी पूर्वक सौदा कर दिया है। पांचों ने उनके नाम के फर्जी दस्तावेज तैयार किये थे और खुद को जमीन का मालिक बताकर बेची है। अनुराग सोनी द्वारा आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी जिसकी जांच पूरी करने के बाद रविवार को पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। फिलहाल थाना प्रभारी ने अरोपितों के नाम का खुलासा नहीं कि और बताया कि करोड़ों की जमीन बेचने वालों की धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे है। उनके ठिकानों पर दबिश के एक टीम बनाई है। संभावना है कि जल्द सभी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

### चालक ने बिना संकेतक बीच में खड़ा किया था ट्रक

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के उन्हेल-उज्जैन मार्ग पर ग्राम सोडंग में खडे ट्रक से कार टकरा गई। कार में सवार सोनू पिता देवकरण वर्मा 32 साल निवासी सिहोर घायल हो गया। पुलिस ने घायल का प्राथमिक उपचार कराया। घटनाक्रम में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके चलते भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया था। 3 दिनों बाद सामने आया कि चालक ने बिना संकेतक ट्रक को बीच रास्ते में खडा किया था। जिसके चलते दुर्घटना हुई है। ट्रक चालक के खिलाफ घायल के रिश्तेदार प्रीतम पिता सुनील पटेल की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

### शराब के रूपये नहीं देने पर युवक को मारे चाकू




**उज्जैन।** ग्राम सुल्याखेड़ी का रहने वाला लक्ष्मण पिता रामेश्वर गुर्जर 38 साल सिद्धवट मंदिर दर्शन करने पहुंचा था, जहां से लौटते समय उसे मंदिर से कुछ दूरी पर शौचालय के सामने 2 बदमाशों ने रोक लिया और शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे। लक्ष्मण ने देने से इंकार किया तो दोनों बदमाशों ने चाकू से वार कर दिये। घायल होने पर लक्ष्मण ने शोर मचाया। बदमाश मौके से भाग निकले। चाकूबाजी की खबर मिलने पर भैरवगढ़ थाना पुलिस की डायल 112 सिद्धवट मंदिर पहुंची और घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में घायल के बयान दर्ज बदमाशों के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है।

### बेकाबू हुई वाहनों की रफ्तार दुर्घटना में 4 घायल

**उज्जैन।** चार पहिया वाहनों की रफ्तार इन दिनों बेकाबू होती दिखाई दे रही है। जिसके चलते दुर्घटना के मामले बड़ रहे है। तीन थाना क्षेत्र में हुई दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गये। पुलिस ने 2 कार और लोडिंग आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये है। पहला मामला माधवनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा ब्रिज के नीचे हुआ। लोडिंग आटो चालक विष्णु पिता हिन्दूसिंह चौहान 23 साल निवासी ग्राम सिरोठा शाजापुर हाल मुकाम गोपालपुरा की बाइक को टक्कर मार दी। दूसरा मामला पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम देरखेडी मंदिर के पास हुआ। कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू एफ 0703 के चालक ने दिपेश पिता मदनलाल मंडोर 42 साल निवासी ग्राम दत्तोर को टक्कर मारी। तीसरी दुर्घटना बड़नगर थाना क्षेत्र के देपालपुर बड़नगर मार्ग ग्राम गुनावद और बिसलखेड़ी के बीच हुई। कार चालक ने लापरवाही से चलते हुए बाइक सवार दिलीपसिंह पिता लालसिंह राजपूत 33 साल और उसकी हेमकुंवर पति लालसिंह राजपूत 55 साल निवासी सलोनी कानवन को टक्कर मार घायल कर दिया। पिछले कुछ दिनों से दुर्घटना के मामले में कार चालकों की लापरवाही सबसे अधिक होना सामने आ रही है। वहीं दुर्घटना का शिकार होने वाले बाइक सवार है।

### कालीसिंघ नदीं में डूबी युवती



**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के कालीसिंध नदी में ग्राम पाताखेड़ी की रहने वाली 19 वर्षीय नगीना पिता राधेश्याम डूब गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस और गौताखोर मौके पर पहुंचे और कुछ देर की तलाश के बाद युवती का शव बाहर निकाल लिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान और जांच के बाद ही डूबने की सही स्थित स्पष्ट हो पायेगी।

गूगल पर मिला नम्बर, ऑनलाइन किया 42 हजार का ट्रांजेक्शन...

## भस्मारती के नाम पर महिला श्रद्धालु से धोखाधड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



महाकाल दर्शन और भस्मारती के नाम पर फिर से श्रद्धालुओं के साथ धोखाधडी के मामले सामने आने लगे है। रविवार को बडोदरा गुजरात की महिला श्रद्धालु के साथ हुई 42 हजार की धोखाधडी के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 318 (4) का प्रकरण दर्ज किया है।

महकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि रविवार को गुजरात के बडोदारा स्थित योगेश्वर सोसायटी अपोजिट नवीनो बेटरी मकरपुरा में रहने वाली वीणा धनेरिया पति अमित पंड्या 44 साल ने शिकायत दर्ज कराई कि प्रायवेट जॉब करती हूं, 15 मई को दोस्त अल्पना पटेल के साथ महाकालेश्वर दर्शन के लिये उज्जैन आई थी। भस्मारती बुकिंग के लिये गगूल पर सर्च किया। जहां दीपक मिश्रा का मोबाइल नम्बर 8770064451 मिला। जिस पर संपर्क करने पर दीपक मिश्रा से बात करने पर उसके द्वारा दोनों की भस्मारती बुकिंग के लिये 11 हजार 500 रूपये मांगे और आधार कार्ड की फोटो भेजने की बात कहीं। दीपक मिश्रा को गगूल पे के माध्यम से रूपयों को ट्रांजेक्शन किया गया। रात 9.30 बजे फिर दीपक का कॉल आया और बताया कि 10 हजार रूपये भेजना पडेगें। यह प्रोटोकाल में सेव मनी रहेगी। जो बाद में रिफंड हो जायेगा। दीपक के नम्बर पर 10 हजार का ट्रांजेक्शन कर दिया गया। फिर एक घंटे बाद उसका फोन आया और बोला कि आपने जो पेंमेंट मुझे किया है वो आया नही है आप दूसरे नंबर से भेजे। मैने अपने पति अमित पण्डया से बोलकर उनके यूपीआई मो.न.-9898076960 से दीपक के मोबाइल पर 10 हजार का ट्रांजेक्शन कराया। दूसरे दिन फिर दीपक ने कॉल किया और प्रोटोकाल के नाम पर 10 हजार 500 रूपये का ट्रांजेक्शन करने को कहा और बताया कि भस्मारती नंदी हॉल से हो जायेगी। रूपयों का ट्रांजेक्शन करने के बाद रविवार सुबह भस्मारती करना थी, लेकिन उससे पहले दीपक कॉल आ गया। उसने कहा कि भस्मारती बुकिंग नहीं हुई है। आपका पेमेंट रिफंड की प्रोसेस कर दी गई है। भस्मारती दर्शन बुकिंग नहीं हो पाने की स्थित में महाकाल मंदिर पहुंचकर जानकारी ली गई तो सामने आया कि दीपक मिश्रा ने 42 हजार की धोखाधडी की है। थाना प्रभारी के अनुसार वीणा धनेरिया की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। दीपक मिश्रा का मोबाइल नम्बर ट्रेस कर पता लगाया जा रहा है कि कहां का रहने वाला है।

#### महराष्ट्र के श्रद्धालुओं से लिये थे 5 हजार

13 मई को महाराष्ट्र के तीन श्रद्धालु शार्दुल काम्बले, तन्मय भालेकर और मानव गायकोड 5 हजार रूपये आशुतोष शर्मा को प्रोटोकॉल के नाम पर देने के बाद नंदीहाल से दर्शन करने पहुंचे थे। जहां सुरक्षा गार्डो की पूछताछ में पता चला था कि रूपये देकर आये और भस्मारती की बुकिंग कराने के लिये आशुतोष शर्मा द्वारा कही गई है। मामला मंदिर समिति की संज्ञान में आने पर मंदिर सुपरवाइजर मुकेश बोगना की शिकायत पर महाकाल थाना पुलिस ने आशुतोष शर्मा के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया था, जो रविवार शाम तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था। विदित हो कि सालभर पहले ही दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं से धोखाधडी का बडा खुलासा हुआ था और मंदिर से जुडे कर्मचारियों के साथ आउटसोर्स और बाहरी लोगों सहित 14 को गिरफ्तार किया गया था। मंदिर में दर्शन के नाम पर धोखाधडी के मामले नहीं थम रहे है।

## पिता-पुत्र ने तोड़ा था बैंक मैनेजर के मकान का दरवाजा

सार्थक नगर चोरी का खुलासा, पत्नी भी बनी आरोपी



**उज्जैन।** आईसीआईसीआई बैंक मैनेजर के मकान में हुई चोरी की वारदात में पिता-पुत्र शामिल होना सामने आये है। जो मैनेजर के रिश्तेदार ही है। दोनों इंदौर से बाइक पर आये थे और मकान का ताला तोड़कर आभूषण, नगदी सहित 5 लाख का माल चुराकर ले गये थे।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 2 मई को सार्थक नगर में रहने वाले आईसीआईआईसी बैंक मैनेजर विनय जैन के मकान में चोरी की वारदात होना सामने आया था। जैन परिवार राजस्थान से लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा मिला था। घर का सामान बिखरा था और आभूषणों के साथ नगदी गायब थी। मामले की जानकारी लगने पर पुलिस ने जांच शुरू की थी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गये थे। जिसमें बाइक सवार 2 संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिसमें एक ने चेहरा कपडे से छुपा रखा था, पीछे बैठ व्यक्ति ने हेलमेट लगाया था। फुटेज के आधार पर दोनों की तलाश शुरू की गई और इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में रहने वाले हेमंत जैन और आदित्य जैन को हिरासत में लिया गया। जो बैंक मैनेजर के रिश्तेदार होना सामने आये। जिनकी निशानदेही पर 2.80 लाख का सामान बरामद कर विवेचना एसआई वर्षा सोलंकी को सौंपी गई। मामले में एसआई सोलंकी ने बताया कि पूछताछ के दौरान हेमंत जैन की पत्नी को भी आरोपी बनाया है। चोरी की पूरी जानकारी थी। वारदात करने वाले परिवार को पता था कि रिश्तेदार विनय जैन राजस्थान जाने वाले है। मकान सूना रहेगा। इंदौर से पिता-पुत्र बाइक से आये थे और वारदात कर फरार हो गये थे। फिलहाल तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। शेष माल की बरामदगी के प्रयास जारी है।

## सिंहस्थ को लेकर महाकाल मंदिर में उच्च स्तरीय बैठक



**उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर धार्मिक नगरी में प्रतिदिन सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर योजना बनाई जा रही है। रविवार को महाकाल मंदिर में सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा दोपहर में महाकाल मंदिर पहुंचे थे, उन्होने महाकाल थाना प्रभारी और स्टॉफ के साथ मंदिर चौकी प्रभारी और मंदिर समिति के साथ सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की। इस दौरान श्रद्धालुओं के आने पर उन्हे मंदिर में कहां से प्रवेश दिया जायेगा और कहां से श्रद्धालुओं को दर्शन के बाद बाहर भेजा जायेगा इस पर चर्चा की। मंदिर में दर्शन व्यवस्था के साथ आसपास भीड प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध को कैसे प्रभावी बनाया जाये, इस पर दिशा निर्देश जारी किये और सभी व्यवस्थाओं को प्लान तैयार करने की बात कहीं। पुलिस अधीक्षक ने मंदिर से जुडे सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की बात भी कही। विदित हो कि सिंहस्थ महाकुंभ 60 दिनों से अधिक का होगा।

लेकिन श्रद्धालुओं का आगमन पहले ही शुरू हो जायेगा और प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक नगरी में पहुंचेगें। इस बार सिंहस्थ को भव्य पैमाने पर पूरा करने की तैयारी प्रशासन और पुलिस द्वारा की जा रही है। जिसको लेकर प्रतिदिन बैठक हो रही है। पिछले दिनों 21 दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान भी चलाया गया था। जिसमें तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई थी। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जा रही तैयारियों का हर दिन अवलोकन भी किया जा रहा है, ताकि कोई कमी या समस्या हो तो उसे पहले ही दूर कर लिया जाये।

### जहरीला पदार्थ खाने वाली युवती की मौत

**उज्जैन।** चरक अस्पताल में रविवार दोपहर 18 साल की युवती को गंभीर हालत में परिजन लेकर पहुंचे थे। युवती ने जहरीला पदार्थ खाया था। जिसे आईसीयू में भर्ती किया गया। शाम को युवती की मौत हो गई।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम तुमडावदा में रहने वाली डिम्पल पिता ईश्वर को परिजन अस्पताल लेकर आये थे। हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने गहन चिकित्सा ईकाई में भर्ती किया। डिम्पल ने जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी हालत में सुधार नहीं आया और शाम 5.30 बजे के लगभग उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। परिजनों के गमगीन होने पर जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आ पाया। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू करेगी।

कमल कालोनी की रहने वाली पुष्पा पति योगेश 32 साल को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पुष्पा आठ माह से अधिक की गर्भवती थी, जिसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। गायनिक डॉक्टरों ने उसे भर्ती किया, जिसकी शाम को मौत हो गई। मामला संदिग्ध होने पर डॉक्टरों ने पोस्टमार्टम की बात कहीं। लेकिन महिला परिजनों ने पोस्टमार्टम से इंकार किया। काफी समझाईश के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## रेलवे ट्रेक पर मिली महिला की 3 टुकड़ो में लाश

**उज्जैन।** नईखेडी रेलवे ट्रेक पर रविवार सुबह 3 टुकडो में कटी महिला की लाश मिली। महिला क सिर, हाथ और पैर धड से अलग थे। कुछ देर में महिला की पहचान हो गई, जो रात में लापता हुई थी। मामला आत्महत्या का सामने आया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू की है। भैरवगढ़ थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि सूचना मिलने पर सुबह नईखेडी रेलवे ट्रेक पहुंचे थे। जहां 30 से 35 साल की महिला का शव पडा था। सिर, हाथ और पैर अलग थे। महिला की मौत ट्रेन से कटने पर हुई थी। जिसकी पहचान के प्रयास शुरू किये गये। नईखेडी में रहने वाले महिला के ननदोई ने शिनाख्त करते हुए बताया कि नीलम पति सोनू भामी 33 साल निवासी झिरन्या है। परिजनों को सूचना दी गई, दोपहर में ससुराल पक्ष के लोग घटनास्थल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। पोस्टमार्टम एएसआई सलीम खान द्वारा गया। इस दौरान सामने आया कि नीलम का ससुराल पक्ष खेती किसानी के साथ मजदूरी करता है। पति काम के सिलसिले में बाहर गया हुआ है। नीलम 2 बच्चों की मां है और रात में घर से कहीं चली गई थी। नीलम का मायका उज्जैन एटलस चौराहा का है। 10 साल पहले उसने प्रेमविवाह किया था। घटना की जानकारी लगने पर मायके पक्ष से लोग अस्पताल पहुंचे थे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्ता मामला आत्महत्या का सामने आ रहा है। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। पति के बाहर होने पर वह अस्पताल नहीं पहुंच पाया था।

### दो दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का समापन

**उज्जैन।** मध्यभारत के अग्रणी शास्त्रीय कथक एवं लोक नृत्य संस्थान प्रतिभा संगीत कला संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता किंकीणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 2026 का अभिरंग नाट्यगृह कालिदास संस्कृत अकादमी में समापन हुआ। समारोह में संस्थान द्वारा स्थापित देश का प्रतिष्ठित सम्मान गुरु स्व. पंडित कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यालंकरण 2026 बनारस घराने की सुविख्यात कथक गुरु डॉ. पूनम व्यास को प्रदान किया गया।

समारोह में दो दिवसीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में पधारे गुरु पंडित धीरेन्द्र तिवारी और डॉ. मेघा शर्मा जादौन का अभिनंदन किया गया। साथ ही भरतनाट्यम शैली की स्पर्धा में विशेष तौर पर निर्णायक के रूप में पधारीं मध्य प्रदेश शिखर सम्मान से सम्मानित भोपाल की गुरु भारती होंबल का भी सम्मान किया गया। इसके पश्चात देश भर से अपने शिष्यों के साथ उज्जैन पधारे सभी नृत्य गुरुओं को संस्थान द्वारा सम्मानित किया गया। नृत्योत्सव के समापन अवसर पर दो दिवसीय प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई। इसमें प्रत्येक आयु वर्ग में आयोजित एकल, युगल और समूह नृत्य प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। संस्थान की निदेशक इंजी. प्रतिभा रघुवंशी एलची ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यारदे, संस्कार भारती के अखिल भारतीय सह कोष प्रमुख श्रीपाद जोशी, सचिव डॉ. रौनक एलची विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### प्रेम और समर्पण के 60 वर्ष पूर्ण, मनाया हीरक जयंती महोत्सव

**उज्जैन।** अलखधाम नगर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मीकांत नागर और निर्मला नागर के वैवाहिक जीवन के 60 वर्ष पूर्ण होने पर 16 मई को हीरक जयंती महोत्सव मनाया गया। गरिमामय समारोह में उनके प्रेम, विश्वास और समर्पण को वर्तमान पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायी मिसाल बताया गया।

कार्यक्रम में दिल्ली, मुंबई, पुणे और अहमदाबाद सहित देश के विभिन्न हिस्सों से परिजन और मित्र शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि छह दशकों तक निरंतर एक-दूसरे का साथ निभाना और पारिवारिक मूल्यों को सहेजना समाज के लिए अनुकरणीय है। महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक स्वागत और मंगलाचरण से हुई। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत नृत्य व संगीत की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

## बेटियों ने किया धमालः लगाए चौके-छक्के



**उज्जैन।** क्षीर सागर ग्राउंड पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में वी डी मार्केट की बेटियों ने जमकर चौके छक्के लगाए। रोमांचक मैच में भवि प्रसन्न जैन ने 82 नाबाद रन बनाए एवं काशवी मनीष चौधरी ने 3 विकेट लेकर टीम नवकार चैलेंज को मैच जीताकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दोनों प्लेयर को की और से गर्ल्स ऑफ मैच भवी जैन एवं काश्वी चौधरी को 1100/ रु का नगद पुरुस्कार मिला। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश अरविंद जी जैन, धर्मेंद्र सेठी, शैलेंद्र जैन डगवाले, धीरेंद्र जैन, अंतिम जैन, मनीष चौधरी, प्रसन्न जैन टोनी सराओगी, रजत कोठारी आदि विजेता टीम को प्रस्तुत किया।

## जैन यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



जैन यूथ क्रिकेट क्लब (जेवाईसीसी) टूर्नामेंट हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 24 अप्रैल से 24 मई 2026 तक क्षीरसागर स्टेडियम,उज्जैन पर खेला जा रहा है । जेवाईसीसी नित नए प्रयोगों से सामाजिक एकता स्थापित करने के प्रयास में नींव का पत्थर साबित हो रहा है । जेवाईसीसी कमेटी मेंबर शैलेन्द्र जैन ने बताया कि इस वर्ष समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री विजय जी जैन ( नवकार ग्रुप ऑफ़ कंपनीज) एवं रजनीश जी मिंडा ( गुजरात प्राइड ) द्वारा इस संपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंट का लाभ लिया गया । जेवाईसीसी क्रिकेट पुरुष /महिला और अब बच्चों के टूर्नामेंट के आगाज के बाद संपूर्ण परिवार यहां इस मिलन समारोह में शामिल हो रहे है । लगभग 800 लोगों की उपस्थिति में कल दिनांक 16/5/2026 शनिवार को जेवाईसीसी जूनियर क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत की गई जहां 10 से 15 वर्ष के लड़कों और 15 से 20 साल तक की लड़कियों ने भाग लिया। लड़कों के वर्ग में जिनके कोच क्रमशः विपिन कासलीवाल और विनीत जैन थे ,अपने अपने ग्रुप के मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों में नवकार चैलेंजर्स ने प्रसन्न मन~ पर जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की । मैच ऑफ द गर्ल भवी जैन रही । इस टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेवाईसीसी के संरक्षक विनोद जी बरबोटा,अमित जी कावडिया ,श्री रजत जी मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में श्री अरविंद जी जैन(जिला एवं सत्र न्यायधीश जिला रायसेन मध्य प्रदेश) एवं जयंतीलालजी फाफरिया , डॉ सी, के, कासलीवाल , संजीवजी सरावगी उपस्थित रहे । संरक्षक श्री नरेश जी भंडारी , दिनेश जी जैन , स्नेहलता जी सोगानी ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर प्रोत्साहित किया। जेवाईसीसी कमेटी मेंबर धीरेन्द्र सेठी,रजत कोठारी , गौरव सूर्या, शैलेन्द्र सरावगी,नितिन पगारिया, संजय सोनी , आशीष जैन , गौरव हरकावत ,अंकुर गादिया एवं आशीष कासलीवाल ने आगामी 18 ,19 ,20 ,21 को क्वार्टर फाइनल ,सेमीफाइनल एवं 24 तारीख को फाइनल में सभी समाजजनों से विराट उपस्थिति में उपस्थित होने की कामना की।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती भावना उन्जवाल पति श्री नरेन्द्र उन्जवाल, निवासी 124, एलआयजी सेकंड, सांदीपनी नगर, ढांचा भवन, आगर रोड, उज्जैन, (म.प्र.) से उनके मालकी व आधिपत्य का भूखंड कमांक 41, तिरूपति एन्क्लेव, ग्राम डेंडिया, तहसील व जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त भूखंड के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त भूखंड के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो या भूखंड के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा भूखंड में किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या भूखंड के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा भूखंड का शेष विकय मूल्य अदा कर उसके विकय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 18/05/2026

**सुमित बावेजा सर्विस प्रोवाईडर एवं दस्तावेज लेखक सी-22/19, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, नानाखेडा, उज्जैन मो. 8770336766**

## विवेकानंद कहते थे - बंदरों की तरह होती हैं कठिनाइयां



घटना तब की है जब स्वामी विवेकानंद वृंदावन में थे। सड़क पर चल रहे थे। कुछ लाल मुंह के बंदर उनके पीछे पड़ गए। स्वामीजी भागने लगे। बंदर भी उन पर तेजी से आक्रमण करने लगे। तभी एक समझदार व्यक्ति ने कहा, भागो मत। इनके सामने डट कर खड़े रह जाओ। मुकाबला करो।

स्वामीजी ने वैसा ही किया और बंदर भाग गए। इस घटनाक्रम का जिक्र करते हुए स्वामीजी अपने शिष्यों से कहते थे, जीवन में कठिनाइयां भी इन बंदरों की तरह होती हैं। कठिनाइयों से भागने पर वे बढ़ती हैं और सामना करने पर हल हो जाती हैं। खेतड़ी (राजस्थान) के महाराजा स्वामी विवेकानंद का बहुत सम्मान करते थे। स्वामीजी मूर्ति पूजा में विश्वास रखते थे, परंतु महाराज की सोच इससे ठीक विपरीत थी। एक बार महाराजा ने कहा, स्वामीजी मूर्ति में क्या ईश्वर होता है? जिस कक्ष में यह चर्चा चल रही थी, उसमें महाराज का एक चित्र लगा था। स्वामीजी ने उनके नौकर से कहा, यह चित्र उतारो। नौकर ने ऐसा ही किया। इसके बाद स्वामीजी ने उससे कहा, इस चित्र पर थूक दो। सेवक यह दुस्साहस न कर सका। इस पर स्वामीजी ने राजा से कहा, यह तो मात्र कागज का टुकड़ा है। इससे आपका अपमान नहीं होगा। फिर भी सेवक ने नहीं थूका। एक प्रकार से इस चित्र में आप पूरी तरह से विद्यमान हैं। इसलिए आपका यह श्रद्धालु-सेवक इसका अपमान नहीं कर सका। यही बात मूर्ति पूजा पर लागू होती है।

**सम्पादकीय**

# धार की भोजशाला की धार

मेरा शुरू से ही यह मत रहा है कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्म स्थान से मुस्लिम समुदाय को अपना दावा वापस ले लेना चाहिए और इन धार्मिक स्थलों को सहर्ष हिन्दू समुदाय को समर्पित कर देना चाहिए, क्योंकि भारत की मिली-जुली तहजीब की कैफियत यही है जिसमें दोनों सम्प्रदाय एक-दूसरे की भावनाओं की कद्र करते हैं। काशी और मथुरा के धार्मिक स्थल चीख-चीख कर कह रहे हैं कि इनका मुस्लिम अकीदे से कोई लेना-देना नहीं है और ये सिर्फ भारत में मुस्लिम आक्रमण के समय छोड़े गये निशान हैं। इसकी गहराई में आज जाने का कोई लाभ नहीं है, क्योंकि इसी स्तम्भ में इस बारे में मैं पहले कई बार विस्तार से लिख चुका हूं। हम अब 21वीं सदी में जी रहे हैं और इस दौर के भारत को अपने पुराने जख्मों को समेटे रखने की कोई जरूरत नहीं है। हमें वक्त के साथ आगे बढ़ना चाहिए और हिन्दू-मुसलमानों के बीच इतिहास द्वारा छोड़े गये कलुषता के चिन्हों को समाप्त करना चाहिए जिससे हमारी नई पीढ़ियां सुख-चैन से जी सकें और एक-दूसरे का आदर कर सकें। इस क्रम में मध्य प्रदेश के धार शहर में स्थित राजा भोज द्वारा निर्मित ह्यभोजशालाह्न का राज्य के उच्च न्यायालय द्वारा मन्दिर घोषित किया जाना बहुत महत्वपूर्ण है जिससे हमें पता चलता है कि भारत के कई इलाकों में ऐसे स्थल मौजूद हैं जो हिन्दू-मुसमानों के बीच पुराने जख्मों को कुरेदते हुए वैमनस्य पैदा करते हैं। बेशक आज के मुसलमानों का न तो 13वीं सदी के मुस्लिम सुल्तानों से कुछ लेना है और न ही 16वीं सदी के मुगल बादशाहों से। मुस्लिम राजाओं का लक्ष्य जाहिराना तौर पर भारत को समृद्ध बनाने का नहीं था बल्कि इस देश के वैभव से स्वयं को माला-माल करने का था।

इस सिलसिले में मुगल बादशाह ज्यादा अक्लमन्द थे जिन्होंने कालान्तर में भारत को ही अपना घर बनाया और इसकी सुख-समृद्धि में हाथ बंटाया। मगर वे अपने साथ कुछ नहीं लाये थे उन्होंने जो कुछ भी यहां बनाया वह भारत की सम्पदा से ही बनाया, मगर इनमें से भी कई बादशाहों ने खास तौर पर औरंगजेब ने हिन्दू रियासत पर अपनी हुकूमत का रुआब गालिब करने की गर्ज से उनके धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ की और कुछ को इस्लामी तर्ज में ढालने के प्रयास भी किये। अतः बहुत स्पष्ट है कि स्वतन्त्र और धर्मनिरपेक्ष भारत के लोग इतिहास के बदनुमा दागों से छुटकारा पाने को लालायित हों।

**सत्य की जीत**

# भोजशाला : केवल एक स्मारक नहीं, भारत की आत्मा का स्वर

भारत केवल भूगोल का एक टुकड़ा नहीं है; यह हजारों वर्षों की संस्कृति, ज्ञान,साधना और अध्यात्म की जीवित चेतना है। इस चेतना को यदि कहीं मूर्त रूप में देखा जा सकता है,तो वह हमारी प्राचीन शिक्षण परंपराओं,मंदिरों और सांस्कृतिक धरोहरों में दिखाई देती है। मध्यप्रदेश की पावन धरती पर स्थित धार की भोजशाला भी ऐसी ही एक अमूल्य धरोहर है,जो केवल पत्थरों का ढांचा नहीं,बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा,माँ सरस्वती की आराधना और राजा भोज के सांस्कृतिक वैभव की जीवंत गाथा है।



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

मालवा की ऐतिहासिक नगरी धार सदियों से विद्या,कला और संस्कृति का केंद्र रही है। परमार वंश के महान प्रतापी राजा भोज ने इस भूमि को केवल शासन का केंद्र नहीं बनाया, बल्कि इसे ज्ञान की राजधानी के रूप में स्थापित किया। इतिहास के पन्ने बताते हैं कि जिस प्रकार तक्षशिला और नालंदा विश्व में शिक्षा के महान केंद्र माने जाते थे,उसी प्रकार भोजशाला भी संस्कृत अध्ययन, वेद-शास्त्र,संगीत,कला और दर्शन का अद्भुत केंद्र थी। देश-विदेश से विद्यार्थी यहाँ ज्ञान प्राप्त करने आते थे। यह स्थान केवल अध्ययन का केंद्र नहीं था,बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा का स्पंदन था। जनश्रुतियों और ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार राजा भोज माँ सरस्वती के अनन्य उपासक थे। कहा जाता है कि उनकी तपस्या और भक्ति से प्रसन्न होकर माँ वाग्देवी ने उन्हें इसी पावन स्थल पर साक्षात दर्शन दिए। उसी स्मृति में इस स्थान को वाग्देवी मंदिर और आगे चलकर भोजशाला के नाम से जाना गया। आज भी वहाँ मौजूद शिलालेख, संस्कृत के श्लोक,नक्काशीदार स्तंभ, देवी-देवताओं की आकृतियाँ और स्थापत्य कला उस गौरवशाली अतीत की मौन गवाही देते हैं।कल्पना कीजिए उस कालखंड की,जब भोजशाला के प्रांगण में वेदों का उच्चारण गूंजता होगा,यज्ञ की पवित्र अग्नि प्रज्वलित होती होगी,विद्वानों के शास्त्रार्थ होते होंगे और माँ सरस्वती की आराधना से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठता होगा। वह केवल एक भवन नहीं था,बल्कि ज्ञान और संस्कृति का



जीवंत तीर्थ था।

लेकिन इतिहास केवल वैभव की कहानी नहीं कहता; वह संघर्ष और पीड़ा के अध्याय भी अपने भीतर समेटे रहता है। मध्यकालीन आक्रमणों के दौरान इस धरोहर को भी क्षति पहुँची। अनेक ऐतिहासिक विवरणों में उल्लेख मिलता है कि इस स्थल के मूल स्वरूप को बदलने के प्रयास हुए। समय बीतता गया,सत्ता बदलती गई, लेकिन भोजशाला की पहचान और उससे जुड़ी आस्था कभी समाप्त नहीं हुई। यही कारण है कि आज भी करोड़ों लोगों के मन में भोजशाला केवल एक पुरातात्विक संरचना नहीं, बल्कि श्रद्धा और सांस्कृतिक अस्मिता का प्रतीक बनी हुई है। वर्तमान समय में भोजशाला इतिहास,आस्था और न्यायिक विमर्श का केंद्र बनी हुई थी, किन्तु 15 मई 2026 शुक्रवार को मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने अपना निर्णय सुनाते हुए इस स्थान को मंदिर घोषित किया। न्यायालय ने फैसला सुनाया,भोजशाला परिसर के अंदर हिंदुओ के पूजा करने के अधिकार को प्रतिबंधित लड़ने वाला 2003 का एएसआई आदेश और मुस्लिम समुदाय द्वारा प्रार्थना की अनुमति देने वाला आदेश दोनों रदद् किये जाते है। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया की संरचना का धार्मिक स्वरूप एक मंदिर का है।

एक पक्ष इसे माँ वाग्देवी का प्राचीन मंदिर मानता है,जबकि मुस्लिम समाज इसे कमाल मौला मस्जिद के रूप में देखता है। यह विषय संवेदनशील अवश्य है, किंतु इससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि सत्य की खोज संवैधानिक मर्यादा, ऐतिहासिक तथ्यों और सामाजिक सौहार्द के साथ हुई। परिसर में मौजूद मूर्तियाँ,संस्कृत शिलालेख,हिंदू स्थापत्य शैली और पुरातात्विक संकेत इस स्थल के ऐतिहासिक स्वरूप को हम सब न्यायालय के इस फैसले का स्वागत करते है। किन्तु भोजशाला का वास्तविक महत्व किसी विवाद से कहीं अधिक बड़ा है। यह उस भारत की पहचान है जिसने विश्व को ज्ञान, दर्शन,संस्कृति और सहिष्णुता का मार्ग दिखाया। यह स्मरण कराती है कि भारत की आत्मा उसकी सभ्यता में बसती है,और सभ्यता तभी जीवित रहती है जब समाज अपनी विरासत को सम्मान देता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भोजशाला को राजनीति और विवादों की दृष्टि से नहीं,बल्कि भारतीय सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक के रूप में देखा जाए।

इतिहास को मिटाकर भविष्य का निर्माण नहीं किया जा सकता। आने वाली पीढ़ियों को यह जानने का अधिकार है कि उनकी सभ्यता कितनी समृद्ध,कितनी वैभवशाली और कितनी ज्ञानमयी रही है।भोजशाला केवल धार की धरोहर नहीं है; यह सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक स्मृति है। इसके पत्थरों में इतिहास बोलता है, इसके स्तंभों में संस्कृति साँस लेती है और इसके मौन में आज भी माँ सरस्वती की वीणा की ध्वनि सुनाई देती है। प्रश्न केवल एक भवन का नहीं, बल्कि उस आत्मा का है जिसने भारत को विश्वगुरु बनाया था।

**वाग्देवी की प्रतिमा भी आएंगी ....**

हाईकोर्ट की इन्दौर खंडपीठ ने धार स्थित भोजशाला को मंदिर करार दिया है, वर्षो से विवादित भोजशाला अब मंदिर सिद्ध हो ही गई है ,तो प्रसिद्ध भारतीय पुरातत्वविद् डॉ. श्रीधर वाकणकर के साथ ही करोड़ों भारतीयों का यह सपना की... लंदन के संग्रहालय में बरसों से रखी वाग्देवी सरस्वती की प्रतिमा को वापस लाकर भोजशाला में स्थापित किया जाए , अब यह सपना भी जल्दी ही पूरा होते नजर आ रहा है , अभी तक वर्तमान सरकार भारत की करीब 1200 अमूल्य धरोहरों को विदेशों से ससम्मान वापस भारत ला चुकी है, ज्ञातव्य हो 1961में लंदन के संग्रहालय में पहुंचे डॉ. वाकणकर ने वाग्देवी की प्रतिमा को प्रमाणित करते हुए इसे भोजशाला से लाई गई मां सरस्वती की प्रतिमा सिद्ध किया था ।।

**संजय डागा हातोद**

## दीवारों पर लिखी सिसकियाँ

इतिहास की किताबों में लिखा है कि शाहजहाँ ने मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया था। पर हमारे आधुनिक रोमियो इस ऐतिहासिक भ्रम को अपनी जेब में रखे पेन की स्याही से सुधारने का ठेका ले चुके हैं। यह हमारे देश की उन दीवारों की दास्तां है जिन्हें देखकर लगता है कि यहाँ ईंटें कम और प्रेमी जोड़ों के नाम ज्यादा धंसे हुए हैं। इन दीवारों को देखकर अक्सर यह संशय होता है कि यह पुरातत्व विभाग की संपत्ति है या किसी सार्वजनिक प्रेम पत्र का रद्दीखाना। यहाँ हर पुरानी हवेली और बदबूदार शौचालय की दीवार पर किसी पिंटू और रिंकी की अमर प्रेम कहानी खुदी हुई है। मानो अगर उन्होंने खुरदुरी ईंटों पर अपना नाम एक तीर के निशान के अंदर बंद नहीं किया तो उनकी मोहब्बत को ऊपर वाला भी मंजूरी नहीं देगा। यह उस समाज का सामूहिक दर्द है जहाँ इश्क में दिल टूटने से पहले पेन की रिफिल खत्म हो जाती है।

शहर के उस वीरान किले की दीवार पर रमेश ने अपनी जेब से पांच रुपये वाला वह कटर निकाला जिससे वह कभी पेंसिल छीला करता था। वह दीवार की खाल उधेड़ने लगा जैसे वह कोई महान मूर्तिकार हो। उसने बड़े जतन से लिखा 'रमेश संग सपना' और नीचे एक दिल बनाया जो देखने में कम और पिचका हुआ आम ज्यादा लग रहा था। पास खड़े उसके दोस्त ने पूछा ₹अबे भाई अगर सपना ने मना कर दिया तो क्या करेगा?₹ रमेश ने ठिठकी हुई सांस ली और बोला ₹मना कैसे करेगी? पत्थर की लकीर है भाई। दीवार पर लिख दिया है अब तो खुदा को भी इसे मंजूर करना पड़ेगा।₹ रमेश की आँखों में वह चमक थी जो शायद कोलंबस की आँखों में अमेरिका खोजते समय भी नहीं रही होगी। उसे लग रहा था कि उसने अपनी वसीयत सीधे यमराज के दफ्तर में जमा करा दी है। उसे नहीं पता था कि यह पत्थर नहीं बल्कि उसकी अपनी बेरोजगारी का विज्ञापन है। हवाओं में एक अजीब सी गंध थी जो मिट्टी और चूने के मिलन से पैदा हो रही थी। रमेश ने अपने खून से नहीं बल्कि उस लाल रंग के स्केच पेन से दिल को रंगना शुरू किया जो उसने अपनी छोटी बहन के बस्ते से चुराया था।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 मई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 18:58
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - दुतिया 17:52 उपरांत तृतीया
नक्षत्र - रोहिणी 11:32 उपरांत मृगशिरा
योग - सुकर्मा 21:48 उपरांत धृति
करण - बालव
चन्द्रमा - वृषभ में है। 22:08 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 30 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**मिथुन-** लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क-** रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह-** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा।

**कन्या-** शेयर मार्केट में जोखिम न लें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**तुला-** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक-** कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**धनु-** बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मकर-** पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बिगड़े काम बनेंगे।

**कुंभ-** कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। मेहनत सफल रहेगी।

**मीन-** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

**समसामयिक**

# गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि और उस पर जनप्रतिनिधि की भूमिका

आमतौर पर आम नागरिक चुनावी दौर में अपनी राजनीतिक समझ के अनुरूप मतदान करें यह जरूरी नहीं होता। अनेक अवसरों पर हवा के रुख के आधार पर मतदान होता आया है। हालांकि कुछ एक मतदाता गहन चिंतन, विचारण अथवा दल एवं प्रत्याशी की रीति-नीति और सिद्धांतो पर आधारित अपना मत भी बनाते हैं। लेकिन अधिकांश मतदाताओं के लिए यह संभव नहीं है कि वह राजनीति की बारीकी और गहराई में डुबकी लगा सके। दरअसल इस संबंध में संबंधित राजनीतिक दल की ही यह व्यावहारिक जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने ऐसे प्रत्याशी का चयन करें जो कि लोकतंत्र में राजनीति की गहरी या थोड़ी बहुत भी समझ रखता हो।



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

आमतौर पर देखा गया है कि कभी किसी राजनीतिक परिवार से तो कभी फिल्मी या खेलकूद की दुनिया से सितारे को उठाकर राजनीतिक दलों द्वारा अपना प्रत्याशी बना दिया जाता है। इनमें से अधिकांश अपनी शोहरत या ग्लैमरस जिंदगी होने के चलते बहुत आसानी के साथ चुनावी सफलता भी प्राप्त कर लिया करते हैं। लेकिन कालांतर में ऐसे जनप्रतिनिधि अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में आम नागरिकों के लिए एक बोझ के समान सिद्ध होते हैं। इसका कारण बहुत स्पष्ट है कि इनमें अपनी ही दुनिया में विचरण करने की प्रवृत्ति पाई जाती है। आम नागरिकों के दुख दर्द को साझा करना इनके लिए व्यावहारिक रूप से अत्यंत दुष्कर हुआ करता है।

देश-प्रदेश में ऐसे अनेक जनप्रतिनिधि हैं जो सर्वथा गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि के हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उपकृत किए गए हैं। जिन्होंने चुनावी सफलता प्राप्त कर राजनीति के मैदान में चाहे अपनी पृथक पहचान स्थापित कर ली हो, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर ऐसे जनप्रतिनिधि अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रति न्याय नहीं कर पाते हैं। कभी-कभी तो आम नागरिकों के लिए ऐसे सितारे जनप्रतिनिधि तक पहुंच भी दुष्कर हो जाती है। एक प्रकार से उनके तमाम मतदाता अपने जनप्रतिनिधि को प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ही निहारने को विवश हुआ करते है। ऐसे जनप्रतिनिधि अपने मतदाता तो ठीक अपितु सक्रिय कार्यकताओं के लिए भी एक प्रकार से दुर्लभ सिद्ध होते हैं।

अनेक अवसर ऐसे भी आए हैं जब राजनीतिक दलों द्वारा गैर राजनीतिक सितारों को उनकी लोकप्रियता के चलते चुनावी टिकट थमा दिया जाता है। जाहिर है कि संबंधित सीट पर जीत सुनिश्चित हो जाती है। लेकिन ऐसे सितारे जनप्रतिनिधि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के नागरिकों के लिए सच्चे अर्थों में जनप्रतिनिधि सिद्ध नहीं होते। इसके विपरीत राजनीतिक पृष्ठभूमि वाली शख्सियत अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझने का निरंतर प्रयास किया करती है। दरअसल उनमें अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व का दूरगामी आकलन करने की बाध्यता भी स्वाभाविक रूप से रहा करती है।

यही कारण है कि अनेक राजनेता एक ही निर्वाचन क्षेत्र से अनेक बार विजयश्री प्राप्त करते रहे हैं। जहां तक राजनेता के परिवार के सदस्य का ताल्लुक है, तो उनकी चुनावी सफलता विशेष आंधी या लहर के चलते ही मिला करती है। लेकिन राजनेता के परिजन से थोड़ी बहुत राजनीतिक समझ की अपेक्षा तो की जा सकती है। यही कारण है कि देश प्रदेश में अनेक ₹ लोकतांत्रिक राजघराने ₹ देखने को मिलते हैं। वैसे गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले सितारा जनप्रतिनिधि की तुलना में उनकी स्थिति को कुछ बेहतर माना जा सकता है। लेकिन ग्लैमरस सितारा जनप्रतिनिधि का होना उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में आम नागरिकों की पूर्ण संतुष्टि का कारण नहीं बन सकता।

# गर्मी में राहत देने वाला तरबूज बना चिंता का कारण, कई राज्यों में फूड पॉइजनिंग



गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाने और पानी की कमी दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर तरबूज का सेवन किया जाता है, लेकिन हाल के दिनों में देश के कई राज्यों से तरबूज खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने और कुछ मामलों में मौत होने की खबरें सामने आई हैं। इन घटनाओं के बाद खाद्य सुरक्षा और फूड पॉइजनिंग को लेकर चिंता बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के बेलीपार थाना क्षेत्र स्थित मलांव गांव में तरबूज खाने के बाद कई लोग बीमार पड़ गए। बताया गया कि लोगों ने पहले मैगी खाई और बाद में तरबूज का सेवन किया। इसके बाद उल्टी, दस्त और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत शुरू हो गई। गंभीर हालत में नौ लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इसी तरह बिजनौर जिले के शेर नगर नरैनी गांव में 21 वर्षीय युवती की अचानक मौत का मामला सामने आया। परिजनों ने दावा किया कि युवती ने तरबूज खाया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। हालांकि प्रशासन की ओर से अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में भी तरबूज खाने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। बताया गया कि दोनों ने सीने में जलन होने पर तरबूज खाया था, जिसके कुछ समय बाद उनकी हालत बिगड़ गई। डॉक्टरों ने प्रारंभिक तौर पर फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है।

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के घुरकोट गांव में भी कटा हुआ तरबूज खाने के बाद चार बच्चे बीमार पड़ गए, जिनमें एक 15 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि मामले में बैक्टीरियल संक्रमण और फूड पॉइजनिंग की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

बिहार के बक्सर जिले के सोनबरसा गांव में भी एक ही परिवार के आठ लोगों की तबीयत तरबूज खाने के बाद खराब हो गई। सभी को उल्टी, दस्त और सिरदर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने इसे फूड पॉइजनिंग का मामला बताया है।


वहीं मुंबई के पायधुनी इलाके में कुछ समय पहले एक परिवार के चार लोगों की मौत के मामले में शुरूआत में तरबूज को वजह माना गया था, लेकिन बाद में खाद्य एवं औषधि विभाग तथा फॉरेंसिक जांच में तरबूज में किसी तरह की मिलावट या जहर नहीं पाया गया। जांच में फूड पॉइजनिंग को मौत का कारण बताया गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि सामान्य रूप से तरबूज खाना सुरक्षित होता है, लेकिन खराब, लंबे समय तक कटा हुआ या संक्रमित तरबूज स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। गैस्ट्रोलॉजी विशेषज्ञों के अनुसार दूषित फल खाने से उल्टी, दस्त और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए कटे हुए फलों के सेवन में सावधानी बरतना जरूरी है।

**धर्म-आस्था**

# सनातन परंपराओं में आस्था, अनुशासन और वैज्ञानिक चेतना का अद्भुत समन्वय

भारत की सनातन परंपरा केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं रही, बल्कि जीवन को संतुलित, अनुशासित, सकारात्मक और प्रकृति के अनुकूल बनाने वाली व्यापक जीवनशैली के रूप में विकसित हुई है। हजारों वर्षों से मंदिर, तीर्थ, आरती, परिक्रमा, घंटा, दीपक, धूप, पुष्प और मंत्र केवल धार्मिक प्रतीक नहीं रहे, बल्कि मानसिक शांति, सामाजिक अनुशासन, स्वच्छता, ऊर्जा और सामूहिक चेतना के माध्यम भी बने हैं। आधुनिक विज्ञान जिस पॉजिटिव एनर्जी, साउंड थेरेपी, मेडिटेशन और माइंडफुलनेस की बात आज कर रहा है, उसकी झलक भारतीय परंपराओं में सदियों पहले से दिखाई देती है।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

मंदिर में प्रवेश से पहले जूते-चप्पल बाहर उतारने की परंपरा केवल धार्मिक श्रद्धा का विषय नहीं है। भारतीय मंदिरों की संरचना इस प्रकार बनाई जाती थी कि वहां का वातावरण शांत, स्वच्छ और ऊजार्वान बना रहे। नंगे पैर चलने से धरती का स्पर्श शरीर को स्थिरता और मानसिक संतुलन प्रदान करता है। यही कारण है कि मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही मन स्वतः शांत होने लगता है। आरती के बाद दीपक या कपूर की लौ पर हाथ फेरकर आंखों और मस्तक पर लगाने की परंपरा भी केवल आस्था नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक और शारीरिक अनुभूति से जुड़ी हुई है। हल्की ऊष्मा, सुगंध और प्रकाश मन को एकाग्र करते हैं। कपूर और धूप की सुगंध वातावरण को शुद्ध बनाने में सहायक मानी जाती है। आज भी सुगंध चिकित्सा और ध्यान पद्धतियों में इसी प्रकार के प्रयोग किए जाते हैं।

मंदिरों में घंटा बजाने की परंपरा भी अत्यंत रोचक है। घंटी की मधुर ध्वनि मन की चंचलता को कम कर ध्यान को केंद्रित करने में सहायक होती है। प्राचीन भारतीय वास्तु और ध्वनि विज्ञान में धातुओं की ध्वनि का विशेष महत्व माना गया है। मंदिर में प्रवेश करते समय घंटा बजाने का उद्देश्य व्यक्ति को बाहरी चिंताओं से हटाकर आध्यात्मिक वातावरण में ले जाना था।

भारतीय मंदिर स्थापत्य में गर्भगृह का विशेष महत्व होता है। यह स्थान सबसे शांत और केंद्रित ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु जब वहां कुछ क्षण एकाग्र होकर खड़े होते हैं, तो उन्हें मानसिक स्थिरता और सकारात्मकता का अनुभव होता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में यही मानसिक शांति सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है।

परिक्रमा की परंपरा भी केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ध्यान और अनुशासन का अभ्यास है। श्रद्धा के साथ धीरे-धीरे चलना, मंत्र स्मरण करना और मन को एक दिशा में केंद्रित रखना व्यक्ति के भीतर संयम विकसित करता है। मंदिर परिसर में स्वच्छता, शांत वातावरण और सामूहिक भक्ति का प्रभाव मन पर सकारात्मक पड़ता है।

भगवान को पुष्प अर्पित करने की परंपरा प्रकृति और सौंदर्य के प्रति भारतीय दृष्टि को भी दशार्ती है। फूलों की सुगंध, धूप और वातावरण की पवित्रता मन को प्रसन्नता प्रदान करती है। भारतीय संस्कृति में पूजा केवल ईश्वर तक सीमित नहीं रही, बल्कि प्रकृति, सुगंध, प्रकाश, जल और ध्वनि को भी जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया।

सनातन परंपराओं में कुछ नियम और मयार्दाएं भी निर्धारित की गईं, जिनका उद्देश्य सामाजिक अनुशासन और धार्मिक व्यवस्था बनाए रखना था। मंदिर परिसर में स्वच्छता रखना, शांतिपूर्वक दर्शन करना, भीड़ में अनुशासन बनाए रखना, पूजा सामग्री का सम्मान करना और श्रद्धा के साथ व्यवहार करना – ये सभी बातें सामाजिक संस्कारों का हिस्सा हैं।

हालांकि समय के साथ यह भी आवश्यक हो गया है कि परंपराओं को विवेक, संवेदनशीलता और आधुनिक सामाजिक दृष्टिकोण के साथ समझा जाए। कई मान्यताएं विशेष ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थितियों में बनी थीं। आज समाज शिक्षा, समानता और वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान करते हुए समाज में समरसता, महिला सम्मान, स्वच्छता और मानवता के मूल्यों को भी समान महत्व देना आवश्यक है।

भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने समय के साथ संवाद और आत्ममंथन की परंपरा को जीवित रखा। सनातन विचार केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि सत्य की खोज का मार्ग भी माना गया। यही कारण है कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा दुनिया भर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी- 5101-5750, डालर-3461-8000, मटर- 1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन- 2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी- टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## जहाँ जनपद भवन बनना है वहाँ तहसील भवन का किया जा रहा है निर्माण – पंवार

**खाचरोद।** म.प्र. सरकार द्वारा जुलाई 2025 को नवीन जनपद भवन निर्माण हेतु पाँच करोड़ 25 लाख की स्वीकृति प्रदान हुई है। राशि स्वीकृति के छः माह पश्चात 2 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा नवीन जनपद भवन का सर्वे क्रमांक 984 पर स्थानीय प्रशासन द्वारा भूमि पूजन करा लिया गया है। भूमि पूजन के चार माह बाद भी आज तक अनुनय निवेदन पर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा भूमि का आवंटन नहीं किया गया है जो सरासर प्रोटोकाल का उल्लंघन हो रहा है। जनपद अध्यक्ष कुंवर पृथ्वीराज सिंह पवार ने एसडीम महोदया, कलेक्टर, कमिश्नर से रूबरू चर्चा करने के बाद भी भूमि का आवंटन नहीं किया जा रहा है। जनहित में मजबूर होकर 19 मई को प्रातः 10 बजे शुक्रवारिया बाजार से न्याय यात्रा शुरू कर एसडीएम कार्यालय पहुँचकर स्थानीय प्रशासन का घेराव किया जाएगा। पवार ने स्थानीय प्रशासन से हठधर्मिता छोड़ने एवं जनहित में सर्वे क्रमांक 984 पर नवीन जनपद भवन निर्माण के लिए भूमि जनपद की अपनी स्वंय की भूमि है इस पर निर्माण हेतु तत्काल भूमि आवंटन करने को कहा है। श्री पंवार ने स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया है कि जनहित सर्वोपरि हैं। शासकीय भवन निर्माण में सहयोग करे क्योंकि शासन स्तर से भवन निर्माण के लिए एक वर्ष पूर्व 5 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत कर शासन स्तर पर टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यादेश एवं तकनीकी स्वीकृति हो चुकी है। अब भूमि आवंटन करने में आनाकानी कदापि जनहित में न्यायसंगत नही है।

**चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार,**

## चोरी गया मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त दो बाइक सहित 2.13 लाख रु. का माल जप्त



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु एसपी द्वारा अभियान चलाया जा रहा। इसी क्रम में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित कुल 2,13,300 रु का माल जप्त किया है। फरियादी बंशीलाल पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष निवासी गुराडिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत दिनों दोपहर करीब 4 बजे अज्ञात व्यक्ति उसका मोबाइल चोरी कर ले गए। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर दानिश मंसूरी, विकास कुशवाह, रियाज अंसारी एवं सलमान अंसारी से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना को स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया मोबाइल कीमत 13,300 रु तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल कीमत 2,00,000 रु जप्त की। आरोपी दानिश पिता मुबारिक मंसूरी उम्र 21 वर्ष निवासी कुरावर, विकास पिता बलराम कुशवाह उम्र 19 वर्ष निवासी कुरावर, रियाज पिता समंद अंसारी उम्र 19 वर्ष निवासी कुरावर, सलमान पिता जाफर अंसारी उम्र 25 वर्ष निवासी कुरावर को गिरफ्तार कर मोबाइल एवं मोटरसाइकिल जप्त की।

## सारंगपुर में गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागरजी मसा का मंगल प्रवेश



**सारंगपुर।** परम पूज्य गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागर जी म.सा. आदि ठाणा 4 का आज धर्मनगरी सारंगपुर में मंगलमय आगमन हुआ। पूज्य गुरुभगवंत के नगर प्रवेश के साथ ही वातावरण भक्तिमय हो उठा और बडी संख्या में श्रद्धालुजन दर्शन-वंदन हेतु उपस्थित हुए। पूज्य गुरुदेव ने अपने प्रेरणादायी प्रवचन में मानव जीवन की महत्ता को अत्यंत सरल और प्रभावशाली शब्दों में समझाते हुए कहा कि यह जीवन केवल भोग और संग्रह के लिए नहीं, बल्कि आत्मकल्याण और धर्म आराधना के लिए प्राप्त हुआ अमूल्य अवसर है। उन्होंने बताया कि मनुष्य जन्म दुर्लभ है और यदि यह धर्म, संयम एवं सदाचार से जुड जाए तो जीवन सार्थक बन जाता है। प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु गुरुवाणी सुन भावविभोर हो उठे। गुरुदेव के वचनों ने सभी के अंतर्मन को स्पर्श किया और वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। पूज्य गणिवर्य श्री कीर्तिरत्नसागर जी मसा वर्तमान में बडौद नगर से विहार कर नागपुर की ओर पधार रहे हैं, जहाँ आगामी चातुर्मास भव्य रूप से सम्पन्ना होगा। गुरुदेव के नागपुर चातुर्मास को लेकर भाविकों में अभी से विशेष उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिल रहा है। सारंगपुर की इस पावन धरा पर आज गुरुवाणी के माध्यम से धर्म, जागृति और आत्मचिंतन की दिव्य गंगा प्रवाहित हुई।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

नीट पेपर लीक का विरोध में कांग्रेस की मशाल रैली

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया न्यायिक जांच की मांग, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई





दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने शनिवार रात मशाल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

इस रैली में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मशाल लेकर नारेबाजी की और कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं से मेहनती छात्रों के सपने टूट रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों से देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि छात्रों के भविष्य से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सारंगपुर।**

सारंगपुर में शनिवार शाम को कांग्रेस कार्यालय से लेकर एसडीएम कार्यालय तक कांग्रेसजनों ने रैली निकाली और एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार सोनू गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने नीट परीक्षा रद्द होने के मुद्दे पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नेताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और एनटीए अध्यक्ष प्रदीप जोशी के तत्काल इस्तीफे की मांग की। उन्होंने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच कराने की भी मांग उठाई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बच्चों के डायपर भी इतनी बार लीक नहीं होते, जितनी बार भाजपा सरकार में पेपर लीक हुए हैं। पेपर लीक होना भ्रष्टाचार एवं परीक्षा प्रणाली की लापरवाही है। इसकी न्यायिक जांच होनी चाहिए। कांग्रेस जिला महासचिव समीर मेव एवं कैलाश राजपूत ने बताया कि देशभर में हर साल लगभग 23 लाख छात्र-छात्राएं नीट परीक्षा की तैयारी करते हैं। बार-बार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से मेहनती छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी एवं युकां ब्लाक अध्यक्ष अभय सिसोदिया ने आरोप लगाया कि शिक्षा माफिया अमीर परिवारों के बच्चों को फायदा पहुंचाने के लिए पेपर लीक करवाते हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय छात्र मानसिक तनाव और अवसाद का शिकार हो रहे हैं। सिसोदिया ने यह भी कहा कि कई छात्र आर्थिक तंगी के कारण परीक्षा केंद्रों के बाहर प्लेटफॉर्म पर रात गुजारते हैं। सुबह परीक्षा देने के बाद जब उन्हें पेपर लीक होने की खबर मिलती है, तो उनका सपना टूट जाता है। पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय ने टिप्पणी की कि एक ओर प्रधानमंत्री अमृतकाल की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड किया जा रहा है। युकां विस अध्यक्ष राहुल चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने का सिर्फ दिखावा करती है। पेपर लीक की घटनाओं से भर्ती और परीक्षाएं प्रभावित होती हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। सुरक्षा व्यवस्था पटवारी शहजाद खान, आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, बनवारी गुर्जर आदि उपस्थित थे। ज्ञापन देने वालो में पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, प्रदीप सादानी, समीर मेव, निजाम कुरैशी, अभय सिसोदिया, राहुल चौहान, राधेश्याम भैसानिया, कैलाश राजपूत, चंद्रर सिंह परमार, शेख मुशर्रफ, लखन राजपूत, कान्हा अहिरवार, मधुसुदन राजपूत, राधेश्याम वर्मा, अमन सेन, मुरलीधर खाती, मनीष गुप्ता, सुभाष पाल, अलरजा सद्दाम कुरैशी, सोनू मिश्रा, अजय जाटव, हारून नायक, शोएब मेव आदि उपस्थित थे।

सुठालिया पुलिस की अवैध गैस रिफिलिंग करने वालों पर कार्रवाई

# घरेलू गैस सिलेंडरों से कार में अवैध गैस रिफिलिंग करते आरोपी गिरफ्तार

**गैस सिलेंडर, मोटर एवं मारुति कार सहित 3.70 लाख का माल किया जप्त**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के थाना सुठालिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से वाहन में गैस रिफिलिंग करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

कस्बा सुठालिया में बाजार व्यवस्था ड्यूटी के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि नालाझिरी रोड स्थित पशु बाजार के पास एक व्यक्ति घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों से मोटर की सहायता से अवैध रूप से कार में गैस भरने का कार्य कर रहा। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जहां पर एक व्यक्ति घरेलू गैस सिलेंडर से मोटर के माध्यम से मारुति कार में गैस भरता हुआ मिला। गैस रिसाव होने से आसपास गैस की तीव्र गंध फैल रही थी, जिससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई थी। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी शंभु पिता विक्रम सिंह राजपूत 35 वर्ष, निवासी नालाझिरी रोड, सुठालिया से गैस रिफिलिंग संबंधी वैध दस्तावेज मांगे, किंतु वह कोई वैध अनुमति अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

आरोपी का उक्त कृत्य आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय पाए जाने पर थाना सुठालिया में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो खाली घरेलू गैस सिलेंडर (इंडेन कंपनी), एक भरा हुआ घरेलू गैस सिलेंडर (इंडेन कंपनी), गैस भरने में प्रयुक्त दो मोटर (एक बड़ी एवं एक छोटी) नोजल सहित, एक सफेद रंग की मारुति ओमनी कार क्रमांक एमपी 04 बीसी 1907 कुल माल जिसकी कीमत लगभग 3,70,500/- जप्त किया।

## प्रोटोकाल गेट से वीआईपी दर्शन कराने पर किया विवाद

**नलखेड़ा।** प्रसिद्ध बगलामुखी माता मंदिर में बाहर से आए जजमानों को प्रोटोकाल गेट से शीघ्र दर्शन कराने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। मंदिर कर्मचारी ने पंडित के वेश में घूम रहे एक युवक पर धक्का-मुक्की और मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है।



पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पवन बैरागी नामक युवक पंडित जैसे वस्त्र पहनकर मंदिर परिसर में प्रोटोकाल गेट के पास खड़ा था। आरोप है कि युवक अपने साथ आए जजमानों को मुख्य लाइन से हटाकर सीधे दर्शन कराने के लिए प्रोटोकाल गेट खोल रहा था। लंबी कतार में लगे श्रद्धालुओं ने इस पर आपत्ति जताई।

मंदिर कर्मचारी मानसिंह भिलाला ने जब युवक से गेट खोलने का कारण पूछा तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि युवक ने कर्मचारी को धक्का देते हुए हाथापाई की। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया। मामले में खास बात यह है कि उक्त युवक पर पहले भी मंदिर परिसर में नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी की चप्पल चोरी करने का आरोप लग चुका है। उस मामले में भी शिकायत दी गई थी, लेकिन युवक को समझाइश देकर छोड़ दिया गया था।

डेंटिंग-पेंटिंग गैरेज में आग, मैकेनिकल सामान भी जला

# 18 से ज्यादा कार जलकर खाक, तीन जगह की दमकलों ने चार घंटे में आग पर पाया काबू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आष्टा



आष्टा बायपास स्थित एक डेंटिंग-पेंटिंग एवं मैकेनिकल वर्कशॉप में रविवार सुबह अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते गैरेज को चपेट में ले लिया। घटना में करीब डेढ़ दर्जन चार पहिया वाहन जलकर राख हो गए। वहीं, गैरेज में रखा डेंटिंग-पेंटिंग व मैकेनिकल कार्य का सामान भी नष्ट हो गया। प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

जानकारी अनुसार रविवार सुबह करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच आष्टा बायपास स्थित न्यू इंडिया डेंटिंग पेंटिंग एंड मैकेनिकल वर्कशॉप में अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा- तफरी मच गई। वर्कशॉप के आसपास अन्य दुकानें होने से आग फैलने का खतरा भी बना रहा।

**तीन जगह की दमकलों ने पाया काबू**

घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका आष्टा की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, उसमें पानी कम था। 10 मिनट में पानी खत्म होने के बाद फायर बिग्रेड वापस पानी लेने गई, तब तक लाइट जा चुकी थी। आग विकराल होने के कारण प्राइवेट व्यक्ति का टैंकर बुलाकर बुझाने का प्रयास किया गया।

वहीं, जावर और कोठरी नगर परिषद की दमकलों को भी बुलाया गया। तीनों दमकलों ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। बताया गया कि जिस समय आग लगी, उस दौरान शहर में मेंटेनेंस कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बंद थी। इसके कारण आसपास के निजी पानी टैंकरों को भी पानी भरने में परेशानी का सामना करना पड़ा, जिससे राहत कार्य प्रभावित हुआ।

**डेढ़ दर्जन वाहन जलने की सूचना**

एसडीएम नितिन कुमार टाले एवं तहसीलदार रामलाल पगारे ने बताया कि सुबह करीब 8 बजे आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। तत्काल फायर ब्रिगेड भेजी गई और अतिरिक्त सहायता के लिए जावर एवं कोठरी की दमकलों को भी रवाना किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार करीब 18 से ज्यादा कार जली हैं।

वर्कशॉप आमिर पिता नूरभाई मैकेनिक एवं रऊफ पेंटर पिता नासिर की बताई जा रही है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्कशॉप के पीछे पड़े कचरे में किसी ने आग लगाई थी, जो बाद में फैलकर गैरेज तक पहुंच गई।



**पीएम मित्रा पार्क में विस्थापित परिवारों का गृह प्रवेश**

## केंद्रीय मंत्री ने सौंपी मकानों की चाबी, 13.48 करोड़ में बने हैं मकान

**बदनावर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क के तहत विस्थापित परिवारों को नए आवास सौंपे गए। भैंसोला स्थित पीएम मित्रा पार्क परिसर में निर्मित आवासों में विस्थापित ग्रामीण परिवारों का गृह प्रवेश कराया गया। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने हितग्राहियों को मकानों की चाबियां सौंपीं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने लाभार्थियों को नए मकानों की चाबी देकर गृह प्रवेश करवाया। प्रशासन द्वारा विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नए मकानों के आसपास पेयजल, बिजली और पशुओं को बांधने की व्यवस्था भी की गई है। नए घरों का मालिकाना हक मिलने पर कई परिवारों ने शासन-प्रशासन के प्रति संतोष व्यक्त किया। आवास पुनर्वास योजना के तहत लगभग 13.48 करोड़ रुपए की लागत से एक कॉलोनी विकसित की जा रही है। प्रत्येक मकान की अनुमानित लागत लगभग 6 लाख रुपए है। इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से पूरा कर सभी पात्र हितग्राहियों को मकान सौंपे जाएंगे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) प्रियंका मिमरोट, तहसीलदार सुरेश नागर, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश गिरवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह मुंगेला, उपसरपंच राधेश्याम डामर, गिरधारी गिरवाल, हल्का पटवारी दिनेश सोलंकी, निलेश जैन सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बदनावर में पंचायत सचिव संगठन की जिला स्तरीय बैठक हुई**



## हाईकोर्ट में याचिका दायर करने का निर्णय सचिवों की समस्याओं और मांगों पर चर्चा

**बदनावर।** बदनावर स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पंचायत सचिव संगठन की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से बड़ी संख्या में पंचायत सचिव और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में पंचायत सचिवों की विभिन्न समस्याओं, मांगों और कानूनी प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि संगठन सचिवों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ता रहेगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी आठ दिनों के भीतर धार जिले की 13 जनपद पंचायतों की ओर से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। गंधवानी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश निगम ने बताया कि इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही प्रतिनिधिमंडल हाईकोर्ट जाएगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती विद्याकुंवर पति स्व. रघूराजसिंह, निवासी-ग्राम किशनपुरा, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-123 (S) रकबा 0.3100 हेक्टर, 128/1/2 (S) रकबा 0.2800 हेक्टर, 128/3/2 (S) रकबा 0.1800 हेक्टर, 130 (S) रकबा 0.3700 हेक्टर, 131/2 (S) रकबा 1.2800 हेक्टर एवं 133/1/1 (S) रकबा 0.1600 हेक्टर, कुल किता 06 कुल रकबा 2.5800 हेक्टर ग्राम किशनपुरा, प. ह. नं.-12 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों। इति दिनांक-17.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 94259-46659**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1- ब्रजेश आहूजा पिता स्व. श्री प्रेमचंद आहूजा 2- श्रीमती चंचल आहूजा पति श्री ब्रजेश आहूजा 3- मितेश आहूजा पिता श्री ब्रजेश आहूजा निवासीगण - 9/25 ए, वसंत विहार, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भवन क्रमांक 275 श्रेणी H.I.G., जो कि उ.वि.प्रा. की महाश्वेता नगर योजना, उज्जैन में स्थित हैं। भवन तल व प्रथम मंजिल आर.सी.सी. का निर्मित हैं। भवन की भूमि का कुल क्षेत्रफल 345.43 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व दिशा में - 9.00 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम दिशा में भवन क्रमांक 268, 269, उत्तर दिशा में -भवन क्रमांक 276 एवं दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक 274 हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर बैंक आफ बडोदा शाखा वेदनगर, उज्जैन का ऋण है इसके अलावा किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। ईति दिनांक 17-05-2026

**सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट**
**ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96177-77776**

## शेल्बी हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही के आरोप

**इंदौर।** इंदौर के शेल्बी हॉस्पिटल में एक मरीज के इलाज को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। परिजन का कहना है कि गलत इलाज से मरीज की हालत बिगड़ने की आशंका है और डॉक्टरों ने भी इसे लिखकर दिया है। अब वे डिस्चार्ज करना चाहते हैं, लेकिन हम क्यों डिस्चार्ज लें। दूसरी ओर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज के परिजन लगातार विवाद पर उतारू है और जबर्दस्ती लिखवाया गया है। सुबह 11 बजे से चल रहा घटनाक्रम अभी भी चल रहा है। यह आरोप वल्लभ नगर निवासी विवेक मेहता ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर ये आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी मां हंसा मेहता को पैर में फ्रैक्चर होने के बाद 10 मई को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया था। आरोप है कि उपचार के दौरान डॉक्टर द्वारा स्टाफ को मना करने पर भी गलत सिरप दिए। हंसा मेहता के बेटे विवेक का कहना है कि मरीज का इलाज कर रहे डॉ. योगेश शाह द्वारा उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। उनका आरोप है कि अस्पताल की ओर से यह अल्टीमेटम दिया गया कि यदि वे स्वयं डिस्चार्ज नहीं कराते हैं तो शाम 5 बजे के बाद मरीज को जबरन डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। विवेक का कहना है कि मां की हालत हिलने तक जैसी नहीं है, हम कहां ले जाए। बहरहाल, शाम 7.30 बजे तक डिस्चार्ज नहीं किया गया था जबकि मरीज की हालत ठीक है।

## ट्विशा के परिजन का सीएम हाउस पर प्रदर्शन

**भोपाल।** भोपाल में रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की बहू ट्विशा शर्मा की सुसाइड का मामला सीएम हाउस तक पहुंच गया है। ट्विशा के मायके वालों ने रविवार को यहां मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों से बात की। इसके बाद ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने कहा- अधिकारियों ने माना कि जांच के लिए मध्य प्रदेश के बाहर की एजेंसी की जरूरत है। उन्होंने शव के दूसरे पोस्टमॉर्टम की जरूरत भी मानी है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा है कि ज्यूडिशियरी स्वतंत्र है, इसमें वे कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकते हैं। लेकिन प्रशासनिक तौर पर पूरी मदद करने का आश्वासन दिया है। ट्विशा के पिता ने कहा, 'हमारी लडाई रेयरेस्ट ऑफ रेयर कंडिशन में है क्योंकि आरोपी न्यायिक व्यवस्था का ही हिस्सा हैं। हम शव का दिल्ली एम्स में दूसरा पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही बेटी का अंतिम संस्कार करेंगे। इससे पहले, रविवार दोपहर करीब साढे 12 बजे ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा, मां रेखा, भाई मेजर हर्षित शर्मा, भाभी राशि, मामा-मामी, मुंहबोले भाई और कुछ दोस्त सीएम हाउस पहुंचे थे। मेन गेट पर खड़े होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलने की गुहार लगाई। इस पर स्टाफ ने उन्हें समस्या लिखकर देने और उनकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की? वजह हैंगिंग बताई गई है। शरीर पर कई चोटें भी मिली हैं। ससुराल पक्ष ने अंतिम संस्कार के लिए शव मांगा तो मायके वालों ने इससे इनकार कर दिया।

## तीन पटाखा फैक्ट्रियां सील मिली गंभीर लापरवाही

**इंदौर।** देवास जिले में हुई पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने इंदौर में संचालित पटाखा गोदामों और फैक्ट्रियों की जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को प्रशासनिक टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा मानकों में गंभीर लापरवाही मिलने पर तीन पटाखा फैक्ट्रियों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। इनमें दातोदा स्थित लक्ष्मी फायर वर्क एंड इंडस्ट्री, सिमरोल की सतनाम फायर वर्क और घोसीखेड़ा की फटका मैन्युफैक्चरिंग इकाई शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम और एसडीओपी महू ने संयुक्त रूप से इन इकाइयों का निरीक्षण किया। प्रशासनिक जांच में पाया गया कि फैक्ट्रियों में शासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिनमें पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव, निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन और मजदूरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होना शामिल है। प्रशासन ने इसे गंभीर खतरा मानते हुए तीनों इकाइयों को तत्काल सील करने की कार्रवाई की। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों की जांच की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके।

## तालाब में नहाने गया छात्र लापता, पानी में उतरा था

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा इलाके में रहने वाला एक छात्र कृष्णा रविवार को टिगरिया बादशाह स्थित तालाब में डूब गया। बताया जा रहा है कि वह अपने चार दोस्तों मयंक, शिवांशु, प्रिंस और अमन के साथ नहाने गया था। इस दौरान वह गहराई में चला गया और फिर दिखाई नहीं दिया। दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची और छात्र की तलाश शुरू की गई। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक कुम्हार खाड़ी निवासी कृष्णा (16) पिता कुलदीप राजावत अपने दोस्तों के साथ टिगरिया बादशाह इलाके में नहाने पहुंचा था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। कुछ देर बाद जब वह दिखाई नहीं दिया तो दोस्तों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। दोस्तों के मुताबिक वे दोपहर करीब 1 बजे तालाब पर पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार एसडीआरएफ की टीम कृष्णा की तलाश में जुटी हुई है। परिवार ने बताया कि कृष्णा ने इस साल 10वीं कक्षा की परीक्षा दी थी।

## भोजशाला पर दिग्विजय सिंह बोले- यह जगह पूजा स्थल नही

**भोपाल।** कांग्रेस सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व ष्टरूदिग्विजय सिंह ने भोजशाला मामले में हाईकोर्ट के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा क्ि स्ढ्ढ (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) को इस जगह पर मंदिर का कोई सबूत नहीं मिला। पूर्व सीएम ने इंदौर में शनिवार को कहा कि ASI संरक्षित यह स्मारक 'पूजा स्थल नहीं है।' हाईकोर्ट का आदेश अस्पष्ट था। उन्होंने कहा कि यह स्मारक के तहत संरक्षित है। नियमों के तहत, कानूनी तौर पर पूजा-पाठ का कोई प्रावधान नहीं है। दरअसल, हाईकोर्ट ने 15 मई को भोजशाला को वाग्देवी मंदिर माना। इस फैसले में ्स्ढ्ढ की रिपोर्ट और कोर्ट में पेश की गई।

# सफाई व्यवस्था की खुली पोल, सड़क पर बह रहा गंदा पानी

## वार्ड नंबर 2 में उफने चैंबर

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शहर के स्टेशन रोड स्थित वार्ड नंबर 02 में इन दिनों नगर पालिका के स्वच्छता दावों की जमीनी हकीकत सामने आ रही है। सिकरवार ऑफिस के पास बने ड्रेनेज चैंबर की लंबे समय से सफाई न होने के कारण अब गंदा पानी उफन कर सड़क पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकरवार ऑफिस के समीप स्थित सीवेज चैंबर कचरे और गंदगी से पूरी तरह से चोक हो चुका है। निकासी न होने से गंदा और बदबूदार पानी मुख्य मार्ग पर जमा हो रहा है। इसके कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई है। गंदे पानी के जलभराव के कारण मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है, जिससे वार्ड में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडराने लगा है। मोहल्ले के नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों और सफाई कर्मियों को इस गंभीर समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक चैंबर की सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और पैदल चलने वाले स्कूली बच्चों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। कई बार तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर गंदे पानी के छींटे राहगीरों पर उड़ते हैं, जिससे लोगों के कपड़े खराब होते हैं और आपसी विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है। वार्ड नंबर 02 के आक्रोशित नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका अधिकारियों से मांग की है कि जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द इस चैंबर की और नालों सफाई कराई जाए। जल निकासी की व्यवस्था को सुचारू किया जाए ताकि लोगों को इस नारकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

### पिछली बारिश में हुई थी मुसीबत

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पिछले वर्ष समय पर नालो की सफाई नहीं होने से भारी मुसीबत खड़ी हुई थी, क्योंकि थोड़ी बारिश में ही ये नाले फुल हो गए थे और बारिश के पानी के साथ नाले का गंदा पानी घरों में घुस गया था। रहवासियों ने नाला सफाई की मांग की है।

# ईट भट्टे से चोरी गए ट्रेक्टर-ट्रॉली के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

जिले के बेरछा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलावद गोविंद से चोरी हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली के मामले को सुलझाने में पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने महज कुछ ही दिनों के भीतर 2 लाख रुपये कीमत का चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर लिया है और वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### खेत से रातों-रात पार कर दिया था ट्रैक्टर

जानकारी के अनुसार, 11-12 मई 2026 की दरमियानी रात ग्राम तिलावद गोविंद में भेरू महाराज वाले खेत पर ईंट भट्टे के पास से अज्ञात चोरों ने फरियादी जीवन प्रजापति का महिंद्रा ट्रैक्टर को ट्रॉली सहित चोरी कर लिया था। फरियादी की शिकायत




पर बेरछा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की थी। एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक भरतसिंह किरार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा पुराने वाहन चोरों से पूछताछ की।

इसी बीच, 16 मई को मुखबिर से मिली पक्की सूचना के आधार पर पुलिस ने सेतखेड़ी निवासी रामचरण पिता दयाराम गुर्जर 25 वर्ष और राहुल पिता बालू गुर्जर 32 वर्ष को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया, जिसके बाद उनकी निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली कीमत 2 लाख रुपये बरामद कर लिया गया। इस पूरी कार्रवाई और चोरी का पर्दाफाश करने में थाना प्रभारी निरीक्षक भरतसिंह किरार, उप निरीक्षक मेहरबानसिंह चौहान, सउनि रघुनाथसिंह राठौड़, प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा, रामपालसिंह राठौड़, हरीश सक्सेना, हेमेंद्र सोलंकी, आरक्षक रूपसिंह यादव, दीपक साहु, महेश वर्मा और आरक्षक चालक शैलेंद्रसिंह तोमर की अहम भूमिका रही।

## मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग का शाजापुर में शुभारंभ

**शाजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग का औपचारिक शुभारंभ रविवार को शाजापुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, दुपाड़ा रोड परिसर में हुआ। वर्ग का शुभारंभ प्रांत संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री, वर्ग सर्वाधिकारी प्रवीण सैनी, वर्ग कार्यवाह राधेश्याम पाटीदार द्वारा माँ भारती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डॉ. प्रकाश शास्त्री ने शिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संघ शिक्षा वर्ग केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रभाव और व्यक्तित्व निर्माण की एक साधना है। 15 दिनों तक परिवार और व्यक्तिगत सुविधाओं से दूर रहकर स्वयंसेवक सामूहिक जीवन, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और संगठनात्मक जीवन का अभ्यास करते हैं। वर्ग का उद्देश्य ऐसा कार्यकर्ता तैयार करना है जो समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते हुए अपने परिवार, व्यवसाय और सामाजिक दायित्वों का भी प्रमाणिकता के साथ निर्वहन करे। उन्होंने कहा कि संघ कार्य का मूल मंत्र व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण है। वर्ग में कम साधनों में सामूहिकता के साथ जीवन जीने की प्रक्रिया स्वयंसेवकों में समायोजन, सहनशीलता और सहयोग की भावना विकसित करती है। यहां बौद्धिक चर्चा, शारीरिक प्रशिक्षण, योग, खेल, गीत, समता, नियुद्ध एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वयंसेवकों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। संघ शिक्षा वर्ग में मालवा प्रांत के 8 विभागों के 28 जिलों से कुल 234 शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचे हैं। आगामी 15 दिनों तक चलने वाले इस वर्ग में प्रतिदिन प्रातः से रात्रि तक निर्धारित समयानुसार शारीरिक एवं बौद्धिक सत्र आयोजित किए जाएंगे। वर्ग के समापन पर होने वाले प्रकट कार्यक्रम में शिक्षार्थी अपने प्रशिक्षण, अनुशासन एवं विविध कौशल का प्रदर्शन करेंगे। विशेष बात यह है कि पूरे वर्ग की व्यवस्थाएं स्वयं संघ के कार्यकर्ता ही संभाल रहे हैं। भोजन व्यवस्था, आवास, जल प्रबंधन एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं का दायित्व स्वयंसेवकों द्वारा सेवा भाव से निभाया जा रहा है। वर्ग में कार्यकर्ता बिना किसी विशेष सुविधा की अपेक्षा के अनुशासित एवं आत्मीय वातावरण में कार्य कर रहे हैं, जो संघ की कार्यपद्धति और सामूहिक जीवन का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## सूने घर में अज्ञात कारणों से लगी आग, सामान जलकर खाक



**शाजापुर।** शहर के बेरछा रोड स्थित अयोध्या बस्ती के एक सूने मकान में देर रात अज्ञात कारणों के चलते अचानक भीषण आग भड़क उठी। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर में रखा काफी सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के मुताबिक, वार्ड क्रमांक-3 निवासी राहुल किसी काम से शहर से बाहर गया हुआ था और दरवाजे पर ताला जड़ा था। ऐसे में शनिवार रात करीब 11 बजे पास ही रहने वाले उनके रिश्तेदार धीरज ने घर से धुआं उठते देखा। जब उन्होंने गेट खोलकर अंदर देखा, तो किचन में आग लगी हुई थी। आग की लपटें देखकर मोहल्ले के लोगों ने तुरंत मोर्चा संभाला और नगर पालिका को सूचना दी। सूचना पर दमकल की बजाय नपा का पानी का टैंकर मौके पर पहुंचा, जिसकी मदद से स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। हालांकि घटना में फ्रिज सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

## रामायण जीने की कला सीखाती है- कथा वाचक



दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

ग्रंथ और पुराण हमारे जीवन का आधार हैं, जिनको पढ़कर और सुनकर हमें इस भवसागर से आसानी से पार हो सकते हैं। रामायण जीने की कला सिखाती है और श्री भगवत गीता मरने का तरीका बताती है। उक्त आशीर्वचन 1008 महंत अनुजदास महाराज ने रेलवे मैदान स्टेशन रोड़ पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के दौरान उपस्थितजनों के समक्ष प्रदान किए। श्री नित्येश्वर महादेव भागवत कथा समिति एवं सूर्या ग्रुप के तत्वाधान में आयोजित कथा महोत्सव का यह निरंतर सफलतम 15 वां वर्ष है। इस वर्ष कथा प्रतिदिन शाम 7:30 से 11 बजे तक आयोजित की जा रही है। कथा के दौरान महंतश्री ने रामायण और गीता का महत्व बताते हुए कहा कि जीवन में भाई कैसा होना चाहिए, पिता कैसा होना चाहिए, पुत्र कैसा होना चाहिए, माता कैसी होनी चाहिए और पत्नी कैसी होनी चाहिए अगर यह सीखना है तो रामायण से सीखना चाहिए और इंसान को सांसारिक मोह का त्याग करके अंतिम समय कैसे बिताना चाहिए चाहिए यह श्री भगवत गीता हमें बताती है। जीवन जीने का सार और अंतिम समय में संसार का त्याग कैसे किया जाए दोनों का रहस्य इन महानग्रंथों में छुपा हुआ है। इस अवसर पर महंत ने जीवन में परमात्मा की कथाओं का महत्व बताते हुए कहा कि सांसारिक जीवन में व्यक्ति ईर्ष्या, राग-द्वेष, अहंकार और क्रोध जैसे विकारों के वशीभूत होकर अपने जीवन के सुख और शांति को नष्ट कर लेता है। ऐसी स्थिति में उसके मन को शांति केवल अध्यात्म मार्ग पर चलकर परमात्मा की भक्ति से ही मिल सकती है। परमात्मा की अलौकिक कथाएं आध्यात्मिक मार्ग का वह नक्शा है जो परमात्मा के निकट पहुंचाने का काम करता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं नगरवासीगण उपस्थित रहे।

## समर कैंप में पारंपरिक खेलों संग दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। कैंप का उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक चेतना का विकास करना है। शनिवार प्रातः महाविद्यालय परिसर में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महिला फिटनेस ग्रुप एवं लाठी ग्रुप के मध्य हुई रोमांचक रस्साकशी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें महिला फिटनेस ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद आयोजित रिले दौड़ प्रतियोगिता में आर्मी ग्रुप विजेता रहा। खेल गतिविधियों के उपरांत सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार कर स्वास्थ्य एवं योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। खिलाड़ियों के लिए पौष्टिक नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। इसी दौरान टेरिटोरियल आर्मी में चयनित छात्र आकाश यादव का पुष्पमाला एवं तिलक लगाकर सम्मान किया गया। उनका स्वागत महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने किया। समर कैंप का संचालन देवेंद्र कुंभकार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। बास्केटबॉल ग्रुप के ग्रुप लीडर दीपक मीणा, धीरज व्यास, नरेंद्र सिंह परमार एवं दीपक परमार ने क्लीन कैंपस ग्रीन कैंपस थीम के अंतर्गत नक्षत्र गार्डन की साफसफाई कर पेड़-पौधों में पानी दिया। विद्यार्थियों ने परिसर को स्वच्छ एवं हरित बनाए रखने का संकल्प भी लिया। समर कैंप में खेल, स्वास्थ्य, अनुशासन एवं पर्यावरण संरक्षण का अनूठा समन्वय देखने को मिल रहा है, जिससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा के साथ सामाजिक जागरूकता का विकास हो रहा है।

# सब्जी व्यापारियों ने सुबह किया हाइवे को जाम

**शुजालपुर।** शहर के मंडी क्षेत्र में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार को शहर के मध्य से हटा कर भीलखेडी रोड स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में किए जाने का आदेश दो दिवस पूर्व एसडीएम शुजालपुर ने जारी किया था, जिसके परिपालन में नगर पालिका ने मंडी प्रांगण में दुकाने





लगवाने के लिए साफ-सफाई के साथ चुने से लाईन भी डलवाई। लेकिन सब्जी विक्रेता इस स्थल पर जाने को तैयार नहीं है, जिसके चलते रविवार को पूर्व स्थल पर ही हाट बाजार लगा, हालांकि ग्राहकी कम रही और दुकाने भी प्रभावित हुई। बता दे प्रशासन ने यातायात व्यवस्था सुरक्षा व जगह का आभाव होने की बात कहते हुए वर्षो से प्रचलित रविवार के हाट बाजार को मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में लगाए जाने का आदेश दिया था। इस संबंध में दो दिनों से नगर पालिका मुनादि भी करा रही थी। प्रशासन का यह आदेश सब्जी विक्रेताओं को रास नहीं आया, जिसके चलते रविवार की सुबह थोक सब्जी मंडी स्थल पचोर रोड पर सब्जी विक्रेताओं से हाइवे को जाम कर दिया। जिसके चलते काफी देर तक हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। यहां पर समझाईस देकर चक्का जाम करने वाले छोटे व्यापारियों को हटाया गया। इसके बाद चौबे मार्ग पर इन व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए इस स्थल पर दुकान लगाने की बात कही। यहां पर एसडीएम राजकुमार हलदर ने पहुंचकर सब्जी व्यापारियों से चर्चा की और उनकी परेशानी को जाना। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उक्त स्थल को परिवर्तन करना आवश्यक है। उधर नागरिकों में भी सब्जी मंडी के स्थल परिवर्तन को लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया रही। जहां लोगों ने यातायात की दृष्टि से प्रशासन के निर्णय को उचित बताया वहीं कई लोगों ने तय किए गए प्रांगण क्र मांक 3 की दुरी और परिवहन के साधन नहीं होने के चलते परेशानी बताई। शहर के मध्य में सड़कों पर दुकाने लगने से यातायात प्रभावित होता है, इसके चलते प्रांगण क्रमांक 3 को हाट बाजार के लिए नियत किया गया था। इस स्थान पर समुचित व्यवस्था भी बनाई गई थी, व्यापारियों ने अपनी परेशानी बताई, लेकिन हाट बाजार को कही और शिफ्ट किया जाना तय है। इसके लिए उपयुक्त स्थल तलाशा जा रहा है। राजकुमार हलदर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर

## पेपर लीक व महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**शुजालपुर।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले एवं पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तथा दूध की बढ़ती कीमतों को लेकर रविवार शाम ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा काली माता मंदिर चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीट परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाओं से देश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने में विफल रही है।

उन्होंने कहा कि मामले की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री को तत्काल पद छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर भी केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर और दूध के दाम लगातार बढ़ने से आमजन का बजट बिगड़ गया है और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी। साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके द्वारा केंद्र सरकार की आलोचना का भी समर्थन किया गया। विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस की मशाल रैली

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम




नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। देशभर के करीब 22 लाख विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस ने रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत के नेतृत्व में विशाल मशाल रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में नीट परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी शामिल हुए। मशाल रैली धान मंडी से शुरू होकर शहीद चौक पर संपन्न हुई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीट पेपर लीक घोटाले ने देश के 22 लाख विद्यार्थियों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार इस मामले में जवाबदारी लेने को तैयार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी अब तक इस गंभीर मामले पर कोई ठोस बयान नहीं दिया है।

गहलोत ने मांग की कि पूरे मामले की तत्काल ष्टक्चढ्ढ जांच कराई जाए और नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने भी केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन अब तक किसी भी बड़े आरोपी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक माफिया बेखौफ होकर करोड़ों रुपए कमा रहे हैं और मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य खराब कर रहे हैं। मशाल रैली में शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा उप नेता प्रतिपक्ष कमरुद्दीन कच्छवाया जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम चौहान पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती आशा रावत शांति गवली प्रदीप राठौर मोहम्मद शेरानी सैलाना अगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला लकी जिला पंचायत सदस्य डीपी धाकड़ ग्रामीण कांग्रेस महासचिव जगदीश पाटीदार ब्लॉक अध्यक्ष मंगल पाटीदार जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुजीत उपाध्याय सैलाना युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हनी गहलोत वरिष्ठ नेता जोएब आरिफ संगीता काकरिया शहर कांग्रेस महासचिव हितेश पैमाल रमेश पोरवाल उपाध्यक्ष विजय उपाध्याय एनएसयूआई अध्यक्ष नितेश शर्मा हेमंत नेका रोहित मीणा पार्षद नासिर कुरेशी सलीम बागवान शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वसूद एवं सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 20 मई को जिले में मेडिकल स्टोर बंद रहेंगे

**नीमच।** दवाओं की दोषपूर्ण आनलाइन बिक्री के विरोध में २० मई को जिले की दवा दुकाने बंद रहेगी द्य जिला केमिस्ट एसो.नीमच ने भी देशव्यापी बंद के समर्थन मे नीमच जिले मे भी मेडिकल स्टोर बंद रखने का निर्णय किया है। देश भर मे दवाओं की अनियंत्रित,अप्रमाणित ढंग से ऑनलाइन बिक्री, और नकली दवाओं के बढ़ते कारोबार के विरोध स्वरुप नीमच जिले मे 20 मई को मेडिकल स्टोर को बंद रहेगे। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन अध्यक्ष संजय किलेवाला व सचिव राकेश पटवा,व अजय तिवारी ने जानकारी मे बताया कि राष्ट्रीय व मध्य प्रदेश केमिस्ट एसोसिएशन के आव्हान पर साथ में नीमच जिले ने इस बंद का समर्थन किया है। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिएशन ने 20 मई को जिलेभर के दवा व्यापार बंद रहने की जानकारी दीं । बिना डाक्टर के परामर्श और सही स्टोरेज मानकों के आनलाइन बिकने वाली दवाएं जनस्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकती हैं। नीमच जिला केमिस्ट एसोसिशन ने 20 मई को मेडिकल स्टोर बंद रहने की सूचना जारी करते हुए आम जन से अपील की है कि वे अपनी बीपी शुगर सहित दवाइयां 20 मई के एक दिन पूर्व खरीद कर रख ले द्य ताकि उन्हें परेशानी ना हो।

## एमडी ड्रग्स मामले में एक और आरोपी पकड़ाया

**मंदसौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफेड्रोन) और अफीम की तस्करी के मामले में अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए एक और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस हाईप्रोफाइल मामले में पुलिस अब तक कुल छह आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। उल्लेखनीय है कि कोतवाली पुलिस ने इस महीने की शुरूआत में प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी इमरान पिता मीरगुल उर्फ बंटी पठान निवासी ग्राम दावतखेड़ी को 500 ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स और 500 ग्राम अफीम के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक और आरोपी असलम हुसैन पिता अख्तर हुसैन (उम्र 43 वर्ष) निवासी खिलचीपुरा, मंदसौर को दबोच लिया है। आरोपी असलम को भी न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पूर्व में चार अन्य आरोपी पकड़ाये जा चुके है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण में शामिल कुछ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी अभी शेष है, जिन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## कृति ने डा. एच एन गुप्ता का किया सम्मान

**नीमच।** स्वच्छता अभियान और पर्यावरण सुरक्षा को अपने जीवन का उत्तरार्ध समर्पित करने वाले नीमच के ख्यात शल्य चिकित्सक डॉ एच एन गुप्ता को उनके निवास पर जाकर कृति संस्था के सदस्यों ने सम्मानित किया। संस्था अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी सचिव रघुनन्दन पाराशर, सह सचिव श्याम टांकवाल ने पुष्पमाला और शाल भेंटकर डॉ गुप्ता का स्वागत व सम्मान किया। अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि डॉ गुप्ता चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाते हैं । आपने प्रधानमंत्री के आव्हान पर नीमच में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की। किशोर जेवरिया ने कहा कि डॉ गुप्ता कृति के कार्यक्रमों में हमेशा उपस्थित रहकर हमारा उत्साह वर्धन करते रहे। अपने सम्मान के प्रतिउत्तर में डॉ गुप्ता ने नीमच में बिताए स्वर्णिम समय को याद करते हुए संस्था के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रकाश भट्ट, डॉ पृथ्वीसिंह वर्मा,गणेश खंडेलवाल, सत्येंद्र सिंह राठौर, बाबूलाल गौड़ , नीरज पोरवाल, आदि सदस्य उपस्थित थे।

## रतलाम माहेश्वरी समाज के चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न

**रतलाम।** 51 सदस्यीय महेश पैनल विजयी, 8 पदाधिकारियों व 13 सदस्यीय कार्यसमिति का गठन अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के मॉडल अनुसार रतलाम नगर माहेश्वरी समाज के वर्ष 2026-29 के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया समाज के संरक्षक माधव काकाणी एवं अध्यक्ष शैलेंद्र डागा के मार्गदर्शन में तथा चुनाव अधिकारी गोपाल काकाणी, मुकेश मालपानी एवं दिनेश मालपानी के निर्देशन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपादित की गई।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान नगर के पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण- विधायक जैन

**जन सहयोग से 118वें दिन नदी से निकाली गई 8 ट्रॉली गाद, प्लास्टिक कचरा व गाजर घास**



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर

विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। पिछले वर्ष 1 मई से शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से शुरू हुए इस अभियान के 118वें दिन रविवार को शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिवना तट पहुंचकर करीब दो घंटे तक उत्साहपूर्वक श्रमदान किया।

इस महा-अभियान में विभिन्न समाजों, सामाजिक व महिला संगठनों, युवा वर्ग और ग्रामीण अंचल के प्रबुद्धजनों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। श्रमदान के दौरान नदी की तलहटी में जमी भारी गाद, प्लास्टिक कचरा और गाजर घास को हटाकर कुल 8 ट्रॉली गंदगी बाहर निकाली गई।

इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी का शुद्धिकरण नगर के पर्यावरण संतुलन और मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। नदी की स्वच्छता से न केवल जल प्रदूषण पर कड़ा नियंत्रण होगा, बल्कि इसके पानी की गुणवत्ता में भी बड़ा सुधार आएगा। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभियान में लगातार बढ़ती जनभागीदारी इस बात का प्रमाण है कि अब यह सिर्फ एक सफाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

रविवार को आयोजित इस वृहद श्रमदान में विधायक विपिन जैन के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, कायस्थ समाज, त्रिस्तुतिक संघ जनकूपुरा, मराठा समाज, भावसार समाज, खटीक समाज, सार्थक सोशल वेलफेयर सोसायटी, दशपुर योग शिक्षा संस्थान, पेन इलाइट क्लब और सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति अभिनंदन नगर के अनेक पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। इसके साथ ही भंडारिया, बेहपुर व मुल्तानपुरा गांव के सैकड़ों ग्रामीणजन, अनेक वरिष्ठ समाजसेवी, महिला नेत्रियां सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे, जिन्होंने नदी को स्वच्छ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## जनित रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ जावरा

सिविल हॉस्पिटल में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी डा प्रमोद प्रजापति के मार्गदर्शन में सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी के निर्देशन में कार्यशाला आयोजित की गई,। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि कार्यशाला में डेंगू के लक्षण, उपचार,बचाव, सावधानी एवं मच्छरों की उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी गई ।मेडिकल ऑफिसर डा नरेंद्र वर्मा, डा विजय चौहान, डा विनय धाकड़ ने बताया कि डेंगू डेन नामक वायरस के काटने से होता है,। सात दिन तक बुखार,सिरदर्द, जोड़ो में दर्द, छाती, हाथों में लाल चकते, मांसपेशियों में दर्द, मुख्य लक्षण है डेंगू के,, लक्षण पाए जाने पर तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर परामर्श, जांच उपचार लेना चाहिए।,बीईई बसंतीलाल मईडा, बीपीएम रघुनंदन पाटीदार,मलेरिया इंस्पेक्टर सलीम मंसूरी, ने जानकारी देते हुए कहा कि उच्च जोखिम वाले बच्चों, गर्भवती महिलाओं, डायबिटीज, हृदय रोगियों को चिकित्सक को दिखाकर 12 घंटे में ही उपचार लेना चाहिए लार्वा, मच्छरों को पनपने से रोके ओर डेंगू से सुरक्षित रहे।, घर के सभी बर्तनों ,टंकियों,मटकों अंडरग्राउंड टैंक को सप्ताह में एक बार पानी अवश्य खाली करे, पुरी आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरों को नष्ट करने के लिए पायरेथरम का स्प्रे किया जाता है सही समय पर उपचार लेकर स्वस्थ रहें।



## सब्जी के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा 324 किलो डोडाचूरा जब्त

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सब्जी की आड़ में तस्करी किया जा रहा 324 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है। इसके साथ ही परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा पिकअप वाहन को भी जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने नारिया बुजुर्ग फंटा गरोठ-मेलखेड़ा रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी लेने पर उसके डाले में बैंगन, फूलगोभी, बंदगोभी, भिंडी और करेले की प्लास्टिक की थैलियों के नीचे काले रंग के 16 प्लास्टिक के कट्टे मिले। इन कट्टों की जांच करने पर कुल 324 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा पाया गया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत करीब 6 लाख 49 हजार 500 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मादक पदार्थ सहित करीब 10 लाख रुपये मूल्य की महिंद्रा पिकअप और 20 हजार रुपये कीमत के दो रियलमी एंड्रॉयड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। मौके से आरोपी असरब उर्फ अशरफ पिता इस्माइल मंसूरी निवासी मेलखेड़ा, थाना शामगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। गरोठ पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया है।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का रतलाम जिले का प्रवास कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री पवन पाटीदार जी का दिनांक 18 मई 2026 को रतलाम जिले में प्रवास रहेगा। प्रवास के दौरान वे विभिन्न स्थानों पर वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद एवं मुलाकात करेंगे।

प्रातः 10 बजे श्री पवन पाटीदार आलोट सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहां विधायक श्री चिंतामणि मालवीय के साथ स्वल्पाहार कर वरिष्ठजनों से भेंट करेंगे। इसके पश्चात वे आलोट से ताल पहुंचकर पिछड़ा वर्ग जाति समाज के प्रमुख जनों से संवाद एवं चर्चा करेंगे। तत्पश्चात जावरा विधायक जी के निवास पर भेंट कर जावरा स्थित सीताराम बाग में विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क एवं संवाद करेंगे। साथ ही मीसाबंदी स्वर्गीय श्री राजमल जी बरईया के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

इसके उपरांत नामली नगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत के पश्चात तय मार्ग से होते हुए शाम 4 बजे रतलाम स्थित होटल रुद्र पैलेस में जनप्रतिनिधियों एवं जिला पदाधिकारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 5.50 बजे रंगोली गार्डन में हितग्राही संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रवास के दौरान श्री पवन पाटीदार वरिष्ठ नेता श्री हिम्मत कोठारी , श्री कन्हैयालाल जी मौर्य एवं श्री बजरंग पुरोहित के निवास पर भी आत्मीय भेंट करेंगे। श्री पवन पाटीदार जी की अगवानी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री बलवंत भाटी, श्री आशीष सोनी एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री संदीप यादव द्वारा की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री पवन पाटीदार, श्री प्रदीप उपाध्याय, विधायक श्री मथुरालाल डामोर, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, श्रीमती मनीषा शर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार, अनिल मंडावरा, जिला महामंत्री श्री जयवंत कोठारी सहित रतलाम जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## पुलिस अधीक्षक का व्यापक निरीक्षण

**नीमच।** जिले मे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात सुरक्षा को ओर अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिले के राजकीय राज्य मार्ग-31 सहित विभिन्न चिहिन्त ब्लैक स्पॉट्स का विस्तृत निरीक्षण किये जाने का आदेश थाना प्रभारी यातायात को दिया गया ।

## मोदी सरकार ने लाखों युवाओं के भविष्य से किया खिलवाड़ -तरुण बाहेती

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर शनिवार शाम जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर में जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल मशाल जुलूस निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। यह मशाल जुलूस शहर के भारतमाता चौराहा से प्रारंभ हुआ, जहां कांग्रेस नेताओं ने हाथों में मशालें लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया।

इसके बाद रैली शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई विजय टॉकीज चौराहा पहुंची और पुनः भारतमाता चौराहा पर आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में 'युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो', 'नीट घोटाले की निष्पक्ष जांच करो' और 'पेपर माफियाओं पर कार्रवाई करो' जैसे गगनभेदी नारे गूंजते रहे। मशाल रैली के पश्चात युवा कांग्रेस ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया और जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने केंद्र सरकार पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि आज देश का युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। लाखों विद्यार्थियों ने वर्षों तक मेहनत कर नीट परीक्षा की तैयारी की थी, लेकिन भ्रष्टाचार और लचर व्यवस्था के कारण उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। उन्होंने कहा कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे युवाओं का भरोसा पूरी परीक्षा प्रणाली से उठता जा रहा है। श्री बाहेती ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है और जब देश का युवा अपने भविष्य को लेकर संघर्ष कर रहा है, तब सरकार जिम्मेदारी लेने के बजाय मामले को दबाने में लगी हुई है।

उन्होंने साफ किया कि कांग्रेस पार्टी इस अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और छात्रों को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल चौरसिया, मुकेश कालरा और डॉ. पृथ्वी सिंह वर्मा ने भी संबोधित किया, जबकि पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन संदीप चौधरी द्वारा किया गया। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि नीट पेपर लीक प्रकरण की सर्वोच्च स्तर पर निष्पक्ष जांच कराई जाए और इस पूरे नेटवर्क में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## न्यूज कालम



### राष्ट्र निर्माण में धर्म देश व समाज हेतु महिलाओं को आगे आना चाहिए-पारीक

**जावरा ।** विश्व हिंदू परिषद का उज्जैन संभाग स्तरीय आठ दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है प्रशिक्षण के दूसरे दिन शनिवार को वीहिप के केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय सेवा प्रमुख अजय कुमार पारीक शामिल हुए विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी उज्जैन संभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस पर केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय सेवा प्रमुख अजय पारिख ने राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर बहनों को मार्गदर्शन किया। मंच पर दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका वर्ग प्रमुख ज्योति प्रिया शर्मा उपस्थित रही।पारिख ने कहा जीजा माता ने छत्रपति शिवाजी को तैयार किया। भगिनी निवेदिता ने बहनों के सम्मान के लिए कार्य किया। ऐसे कई महिलाएं हुई ऐसे ही हमे राष्ट्र के निर्माण में धर्म, देश, समाज के लिए कार्य करने के लिए महिलाएं आगे आकर कार्य करे। क्योंकि महिलाएं एक परिवार की धुरी होती है। पूरा परिवार मां पर निर्भर होता है। हम बहने भी इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता दे। ताकि आसपास के असुरों से स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार, समाज, देश और राष्ट्र की रक्षा की जा सके। नगर के एक निजी स्कूल में 15 मई से शुरू हुआ शौर्य प्रशिक्षण वर्ग 22 मई 2026 को पूर्ण होगा।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री गुर्जर ने पिपलिया में कई कार्यक्रम में शिरकत की



**पिपलिया मंडी।** 17 मई 2026 रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र भाई गुर्जर ने नेता प्रतिपक्ष सरफराज मेव के छोटे भाई वह फईम मेव गोलू के बड़े भाई वसीम के निधन पर घर पहुंच कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। तत्पश्चात अध्यक्ष श्री गुर्जर ने ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा के निवास पर पहुंच कर उन्हें जन्मदिन कि बधाई शुभकामनाएं दी। उपरोक्त कार्यक्रम में श्री गुर्जर के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आग से फोरलेन पर यूकेलिप्टस के पेड़ जले, जले पेड़ दे रहे हादसे को आमंत्रण



**पिपलिया मंडी।** फोरलेन भून्याखेड़ि से मन्दसौर बायपास पर अज्ञात कारणों से लगी आग से बड़ी संख्या में यूकेलिप्टस के पेड़ जल गए है।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि आग से यूकेलिप्टस के पेड़ फोरलेन पर कभी भी धराशायी हो सकते है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नही किया जासकता है। शर्मा ने कहा की प्रशासन तत्काल संज्ञान लेकर ऐसे जले हुवे यूकेलिप्टस के वृक्षो को कटवाये क्योकि आंधी तूफान में ऐसे जले हुवे वृक्ष के कभी भी गिर सकते है जो बिल्कुल फोरलेन सड़क से लगे हुवे है।शर्मा ने कहा कि आग लगने के कारणों की भी जांच होनी ही चाहिए।

### विशा नागर वणिक पारिख महिला मंडल की हंसा पारिख चुनी गई अध्यक्ष



**मंदसौर।** विशा नागर वणिक (पारख समाज) पारिख महिला मंडल मंदसौर की नई कार्यकारिणी को गठन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से नई टीम का चुनाव किया। चुनाव के दौरान समाज की सक्रिय सदस्य श्रीमती हंसा पारिख को नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नई कार्यकारिणी में श्रीमती सुनीता बावड़ी वाला को उपाध्यक्ष, श्रीमती रेखा बावड़ी वाला को सचिव और श्रीमती माधुरी मटूजीवाला को कोषाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव संपन्न होने पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, मार्गदर्शकों और सदस्यों ने नवनियुक्त अध्यक्ष सहित पूरी टीम को बधाई दी।

### श्री जगदीश मंदिर में पुरुषोत्तम मास में होंगे विशेष झांकियों के दर्शन

**मंदसौर।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर स्थानीय जीवागंज स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में प्रतिदिन सुबह और शाम श्रद्धालुओं को भगवान की विशेष झांकियों के दर्शन लाभ मिलेंगे। इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर श्री जगदीश मंदिर परिसर में समाजजनों और प्रबंधन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकुपुरा पंचायत ट्रस्ट द्वारा इस धार्मिक अनुष्ठान के सुचारू संचालन के लिए पुरुषोत्तम मास उत्सव आयोजन समिति का गठन किया गया है। तैयारियों की समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में पंचायत के विशेष सहयोग से अजय तिवारी और भक्त मंडल द्वारा आगामी 1 जून से 7 जून तक श्री जगदीश विलास में भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। इस कथा में रतलाम के सुप्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता पंडित योगेश्वर शास्त्री अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा अमृत का रसपान कराएंगे। बैठक में श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकुपुरा पंचायत के अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा उपस्थित थे।

## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ने जिले में लहराया परचम

**कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय रहा अव्वल**





**सुसनेर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सुसनेर ने कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान संकाय में शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय को जिले में गौरवान्वित किया विद्यालय के छात्र तुलसीराम कुमकार ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं प्रियंका सिसोदिया ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जलज दुबे ने 87.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विशेष उपलब्धि के रूप में जीव विज्ञान विषय में 100 में से 99 अंक तथा हिन्दी विषय में 100 में से 96 अंक प्राप्त किए गए विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश कुमार पाठक ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

## हम्मालों की कमी से गेंहू खरीदी प्रभावित, किसानों ने किया चक्का जाम



**ब्यावरा-राजगढ़ ।** पचोर मार्केटिंग सोसायटी द्वारा संचालित गेंहू उपार्जन केंद्र पर हम्मालों की कमी के चलते खरीदी कार्य प्रभावित होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खरीदी में हो रही देरी से नाराज किसानों ने विरोध स्वरूप चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार पचोर, तहसीलदार ब्यावरा, नायब तहसीलदार खुजनेर एवं पुलिस प्रशासन की टीम पहुंची। अधिकारियों द्वारा किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उचित समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त कराया गया। प्रशासन की पहल के बाद उपार्जन केंद्र पर पुनः गेंहू खरीदी कार्य प्रारंभ कराया गया। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि खरीदी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पैक्स सदस्यता महाअभियान में किसानों को बांटे गए सदस्यता फॉर्म



सुसनेर। क्षेत्र में चल रहे पैक्स सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत संस्था गणेशपुरा में किसानों को सदस्यता फॉर्म वितरित किए गए। अभियान का उद्देश्य किसानों को सहकारी योजनाओं से जोड़ते हुए शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण सुविधा का लाभ दिलाना है। शाखा प्रबंधक अंसार उल्ला खान द्वारा किसानों को सदस्यता फॉर्म वितरित कर सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान गणेशपुरा, लटूरी गेहलोत, मालनवासा, गेलाना, खेराना मैना एवं जामुनिया सहित आसपास के गांवों के 9 प्राथमिक संस्थाओं में किसानों को अभियान की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि पैक्स सदस्य बनने पर उन्हें सहकारी समितियों के माध्यम से विभिन्न कृषि योजनाओं एवं ब्याज मुक्त ऋण का लाभ प्राप्त हो सकेगा। अभियान के दौरान किसानों ने भी सदस्यता को लेकर उत्साह दिखाया।

**राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम आयोजित**

## अपने घर और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की ली शपथ




**कानड़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार और जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. हरीश आर्य के निदेर्शानुसार तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश निगवाल के मार्गदर्शन में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कानड़ में 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आयुष चिकित्सक डॉ. कृष्ण पाटीदार की विशेष उपस्थिति में समस्त स्वास्थ्य स्टाफ और उपस्थित ग्रामीणों ने अपने घरों तथा आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की सामूहिक शपथ ली। उपस्थित जनों ने संकल्प लिया कि संक्रमित मच्छरों से होने वाले डेंगू रोग से किसी भी व्यक्ति की असमय मृत्यु न हो, इसके लिए हरसंभव पूर्ण प्रयास किए जाएंगे। इस वर्ष डेंगू दिवस की थीम ₹डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी; जांच करें, सफाई करें एवं ढकें₹ निर्धारित की गई है, जिसके तहत लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान खंड विस्तार प्रशिक्षक भगवान सिंह डगवाल, नर्सिंग ऑफिसर मनीष शर्मा, फार्मासिस्ट गोविंद पाटीदार, भूपेंद्र बारेठ, लैब टेक्नीशियन रीना बघेल, रुकमा तोमर, सचिन सूर्यवंशी, रवींद्र विश्वकर्मा, कमल, देवेंद्र सहित कई विभाग कर्मी और ग्रामीण जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### सारंगपुर में थाना प्रभारी रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस की बडी कार्रवाई:

# अतिक्रमणकारियों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसा शिकंजा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाने, यातायात को सुगम करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस प्रशासन ने एक बडी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सारंगपुर शहर का शुक्रवार शाम को सघन भ्रमण किया। इस दौरान सडक सुरक्षा में बाधा बन रहे अतिक्रमणकारियों और यातायात नियमों की धज्जियां उडाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए गए।

**बल के साथ किया नगर भ्रमण**

थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए थाने के समस्त उपलब्ध पुलिस बल को साथ लेकर मुख्य बाजारों, चौराहों और भीडभाड वाले संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च और पैदल गश्त की। पुलिस का यह अमला जब सडक पर उतरा, तो पूरे कस्बे में हडकंप मच गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य त्योहारों और आम दिनों में लगने वाले जाम से जनता को निजात दिलाना और असामाजिक तत्वों में कानून का खौफ पैदा करना था।



**अतिक्रमणकारियों पर गाज**

दौराने भ्रमण थाना प्रभारी ने देखा कि कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने सडक पर अवैध रूप से सामान फैलाकर अतिक्रमण कर रखा था। दुकानदारों द्वारा अपनी सीमा से बाहर आकर दुकानें आगे बढाने के कारण मुख्य मार्ग संकुचित हो गए थे, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा था। पुलिस टीम ने तत्काल एक्शन लेते हुए सडक पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को सख्त हिदायत दी और मौके पर ही सार्वजनिक मार्ग पर बाधा उत्पन्ना करना के 34 पुलिस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की। पुलिस ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सडकों पर सामान फैलाया गया, तो सामान जब्त करने के साथ-साथ और भी कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**नियम तोडने वाले पर भी चला चाबुक**

कस्बा भ्रमण के दौरान केवल अतिक्रमणकारी ही नहीं, बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक भी पुलिस के राडार पर रहे। बाजार क्षेत्र में लापरवाही से वाहन चलाने वालों, नो-पार्किंग जोन में गाडी खडी करने वालों, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और बिना वैध दस्तावेजों के घूम रहे चालकों को रोककर पूछताछ की गई। लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हडकंप की स्थिति रही। पुलिस की इस मुस्तैदी और सख्त रवैये की वरिष्ठ पेंशनर एलएन त्रिकार, एनके सोनी और पैदल चलने वाले राहगीरों ने जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि ऐसी कार्रवाइयों से न सिर्फ बाजारों में जाम से मुक्ति मिलेगी, बल्कि पैदल चलने वाली महिलाओं और बुजुर्गों के लिए भी सुरक्षित माहौल तैयार होगा। इस कार्रवाई में एसआई अमित त्यागी, दीपक परमार, एएसआई आनंदी भिलाला, आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी, बनवारी गुर्जर आदि शामिल थे।

**बोले जिम्मेदार**

शहर की कानून व्यवस्था और यातायात को दुरुस्त रखना हमारी पहली प्राथमिकता है। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का अंदेशा रहता है। दुकानदार अपनी हद में रहकर व्यापार करें और वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।
**राहुल रघुवंशी, थाना प्रभारी**

# तरबूज खाने के बाद व्यक्ति की मौत

**बेटा गंभीर श्योपुर में बिगड़ी तबीयत, फूड पॉइजनिंग की आशंका**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

श्योपुर में हुए एक दर्दनाक हादसे में सुसनेर निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका बेटा गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है।

बताया जा रहा है कि तरबूज खाने के बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई थी। मामले में फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सुसनेर निवासी इंद्र सिंह परिहार उम्र 43 वर्ष अपने बेटे विनोद परिहार उम्र 21 वर्ष के साथ श्योपुर में रहकर ड्राइवरी का कार्य करते थे। शुक्रवार सुबह दोनों को सीने में जलन और बेचैनी महसूस हुई। गर्मी से राहत पाने के लिए पिता-पुत्र ने तरबूज खाया। जिसके कुछ देर बाद दोनों की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजन दोनों को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने इंद्र सिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कोटा रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वहीं बेटे विनोद की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और उसका उपचार जारी है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन बेटों को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

चिकित्सकों द्वारा मामले में फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई जा रही है हालांकि वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। गर्मी के मौसम में हुई इस घटना के बाद लोगों में चिंता का माहौल है। डॉक्टरों ने नागरिकों से खुले में कटे फलों और बासी खाद्य पदार्थों से बचने की अपील की है। घटना में बाद शनिवार को इंद्र सिंह का शव सुसनेर इतवारिया बाजार स्थित निवास पर लाया गया जहां से शव यात्रा निकालकर मुक्ती धाम पहुची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

## दिगंबर जैन समाज के सबसे वयोवृद्ध रतनलाल जैन का निधन



**सुसनेर।** दिगंबर जैन समाज के सबसे वयोवृद्ध व्यक्ति रतनलाल जैन (सेमलखेड़ी वाले) का 100 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे समाज के सबसे बुजुर्ग मार्गदर्शक थे। वे जैन धर्म की कठिन साधना करते हुए द्वितीय (2वीं) प्रतिमाधारी थे। उनके इस व्रती और अनुशासित जीवन को नमन करते हुए जैन समाज द्वारा उनकी अंतिम यात्रा सामान्य रूप से न निकालकर, पूर्ण धार्मिक विधि-विधान और जयकारों के साथ पालकी (डोल यात्रा)के रूप में निकाली गई। रतनलाल जैन ने अपने जीवनकाल में 151 बार श्री सम्मेद शिखर जी महातीर्थ की वंदना (यात्रा) करने का दुर्लभ गौरव प्राप्त किया था तथा हजारों व्यक्तियों को सबसे बडें इस तीर्थ की यात्रा भी करवाई। वे अत्यंत नियमनिष्ठ थे और प्रतिदिन देव-शास्त्र-गुरु की सेवा में लीन रहते थे। वे रोजाना मंदिर जी में भगवान का अभिषेक और पूजन करते थे।

## मंडी में गेहूं का भाव समर्थन मूल्य तक पंहुचा

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर के निदेर्शानुसार उप संचालक कृषि सचिन जैन द्वारा मंडी सचिवों के साथ कृषि उपज मंडी ब्यावरा, नरसिंहगढ़ एवं कुरावर का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान मंडियों में गेहूं की आवक, नीलामी व्यवस्था एवं किसानों को प्राप्त हो रहे भावों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मंडियों में गेहूं की आवक बढ़ी एवं विक्रय मूल्य 2450 रुपए से 2650 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच गया, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य के समकक्ष एवं उससे अधिक स्तर पर रहा। इससे किसानों में उत्साह का वातावरण देखा गया। उप संचालक कृषि जैन द्वारा मंडी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसानों को मंडी में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित हो। साथ ही किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

# पामास ग्लोबल स्टेट लेवल अबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में सैकड़ों बच्चों ने लिया हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना

7वीं पामास ग्लोबल स्टेट लेवल अबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता का आयोजन 10 मई 2026, रविवार को मनोरमा गार्डन में किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को मात्र 8 मिनट के भीतर गणित के कठिन सवालों को हल कर लिखना था। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता और तेज सोच विकसित करना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने तेज गति और सटीकता के साथ प्रश्नों को हल कर अपनी मानसिक क्षमता का परिचय दिया।




इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को कम समय में बड़ी से बड़ी गणनाओं को हल करना, फोकस बढ़ाना, भविष्य में होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार करना, समय का सदुपयोग करना तथा परीक्षा के दबाव को संभालना जैसे महत्वपूर्ण कौशल सिखाए गए। आयोजकों ने बताया कि अबेकस एवं मेंटल अरिथमेटिक बच्चों के बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इससे बच्चों की स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। साथ ही पामास ग्लोबल की ओर से विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के मानसिक विकास एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### 67 हजार रु नगद, तीन दोपहिया वाहन सहित 5 लाख 97 हजार रु का माल किया बरामद

# अपहरण, डकैती व मारपीट के 7 आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में गंभीर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों को कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना कुरावर पुलिस द्वारा अपहरण, लूट एवं मारपीट के गंभीर प्रकरण में कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है।

फरियादी भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा पिता कृष्णगोपाल शर्मा 53 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी राजगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वे अपनी कार से भोपाल से राजगढ़ आ रहे थे। इसी दौरान तीज बड़ली एवं कुरावर के बीच सड़क पर मंजू प्रजापति निवासी राजगढ़ ने उनसे लिफ्ट मांगी। फरियादी ने वाहन रोकने पर अचानक कुछ युवक कार में बैठ गए और चाकू दिखाकर फरियादी के साथ मारपीट करते हुए उसे बंधक बना लिया। आरोपियों द्वारा फरियादी से कीमती अंगूठी, पेंडल, राडो कम्पनी की घड़ी, नगदी राशि, एटीएम कार्ड एवं हस्ताक्षरित चैक अन्य सामान लूट लिया तथा फरियादी को सीहोर क्षेत्र में ले जाकर उसके खाते से राशि निकलवाई गई। आरोपियों द्वारा फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के संबंध में कुरावर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना के दौरान आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार बरामद होने पर प्रकरण में धारा 25 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिला विशेष टीम एवं कुरावर पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया। साथ ही स्थानीय सूचना तंत्र के आधार पर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी जिला सीहोर क्षेत्र में ईदगाह के सामने मौजूद हैं।



**इन्हें किया गिरफ्तार**

सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर 7 आरोपी देवा वंशकार उर्फ देवराज पिता नारायण वंशकार निवासी गांधी कॉलोनी सीहोर, रविंद्र जीत डग उर्फ काके पिता बलजीत सिंह निवासी इंग्लिशपुरा सीहोर, अदनान खान पिता अफजल खान निवासी ऑफिसर कॉलोनी सीहोर, कृष्णा यादव उर्फ बघीरा उर्फ सनी पिता सुरेश यादव निवासी श्रीराम कॉलोनी सीहोर, तरुण मेवाड़ा पिता धर्म सिंह निवासी चाणक्यपुरी सीहोर, रितिक उर्फ ऋतिक वाल्मीकि पिता अशोक खरे निवासी वाल्मीकि नगर सीहोर, मंजू प्रजापति पति दिनेश प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला पुरा राजगढ़ को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से करीब 5 लाख 97 हजार रु की संपत्ति जप्त की। वही आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है



## वट सावित्री अमावस्या पर बरगद के वृक्ष की परिक्रमा कर पूजा अर्चना की

**महिदपुर रोड।** शनिवार को नगर के हिंदू समाज की विवाहित महिलाओं ने वट सावित्री व्रत की पूजा अर्चना कर बरगद के पेड़ की परिक्रमा कर वट वृक्ष की तरह अपना परिवार फलने फूलने तथा परिवार को अक्षय रखने का आशीर्वाद भगवान से मांगा । नगर के शेषशायी विष्णु मंदिर के पुजारी अशोक पांडे ने बताया ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या के दिन किये जाने व्रत के करने से सुख समृद्धि धन ऐश्वर्य तथा अखंड अक्षय लक्ष्मी की प्राप्ति के साथ परिवार में एकता बनी रहती है।

## कपिलेश्वर धाम में 1000 ऋषि प्रसाद पत्रिकाओं का नि:शुल्क वितरण



**सारंगपुर।** शनिचरी अमावस्या के पावन पर्व पर शहर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम में साधकों द्वारा एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया। इस विशेष अवसर पर तीर्थ धाम आने वाले सैकडों श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से ऋषि प्रसाद पत्रिका का नि:शुल्क वितरण किया गया। समिति के सक्रिय साधक रामचरण नावारिया के नेतृत्व में यह आयोजन संपन्ना हुआ। उन्होंने तीर्थ क्षेत्र में आए श्रद्धालुओं को ऋषि प्रसाद पुस्तक के माध्यम से सनातन धर्म के उच्च विचारों, साहित्य और सत्संग की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## श्याम सिंह बने क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन गौ सेवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष



**सारंगपुर।** क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन मध्य प्रदेश द्वारा संगठन की मजबूती और सामाजिक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने श्याम सिंह राजपूत मऊ की सक्रियता और सेवा भाव को देखते हुए उन्हें संगठन में प्रदेश गौ सेवा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं और समाजजनों में हर्ष की लहर है। क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री राजपूत के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गौ सेवा और गौ संरक्षण के कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी। श्री राजपूत लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों और जनसेवा से जुडे रहे हैं। उनकी कार्यक्षमता और संगठन कौशल को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राजपूत ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। हमारा मुख्य उद्देश्य समाज में गौ माता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, निराश्रित गौवंश के संरक्षण हेतु ठोस कार्य करना और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाना होगा।

## 45 वर्षीय महिला लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी की रिपोर्ट



**सुसनेर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मगीसपुर से एक 45 वर्षीय महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विष्णुप्रसाद सोंधिया ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी, अनीता बाई सोंधिया, पिछले तीन दिनों से लापता हैं। शिकायतकर्ता के मुताबिक, अनीता बाई को 13 मई को सुबह 10 बजे बीमारी का इलाज करवाने के लिए सुसनेर लेकर आया था। इलाज के बाद मेरी पत्नि को गांव में जाने के लिए बस में बिठाने के बाद कारीगरी का काम करने के लिए ग्राम कायरा चला गया । इसके बाद पडोसी ने बताया कि उसके घर पर कोई नहीं है। तथा मेरी पत्नि अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गईं। परिजनों ने अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उनकी काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों की शिकायत पर सुसनेर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

**ब्यावरा।** राजगढ़ कलेक्टर ने जिले के विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्र रामगढ़, कुमड़ा, माचलपुर, गोगड़पुर एवं भानपुरा पहुंचकर उपार्जन कार्य, परिवहन व्यवस्था तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विशेष रूप से उपार्जित गेहूं के परिवहन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परिवहन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो तथा उपार्जन केंद्रों पर गेहूं का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# अमेरिका में अदाणी को बड़ी राहत के संकेत

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

उद्योगपति गौतम अदाणी अमेरिका में चल रहे कई कानूनी मामलों के समाधान के करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने उनसे जुड़े सिविल मामले का निपटारा कर लिया है, जबकि अमेरिकी न्याय विभाग और कोषागार विभाग भी आने वाले दिनों में समानांतर जांचों को समाप्त कर सकते हैं।

एसईसी ने गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी के खिलाफ निवेशकों को किए गए खुलासों से जुड़े दीवानी आरोपों का निपटारा किया, जो भारत में सौर ऊर्जा परियोजनाओं से संबंधित थे। अदालत के अभिलेखों के अनुसार गौतम अदाणी ने छह लाख डॉलर (57.4 करोड़ रुपये) और सागर अदाणी ने 1.2 करोड़ डॉलर(114.8 करोड़ रुपये) का भुगतान करने पर सहमति जताई है, लेकिन बिना किसी दोष को स्वीकार या अस्वीकार किए।

**सरकार ने अदाणी की रिहाई का सौदा किया : कांग्रेस-** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। आरोप लगाया कि केंद्र ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता सिर्फ इसलिए किया, ताकि कथित तौर पर अपने करीबी कारोबारी गौतम अदाणी की रिहाई सुनिश्चित की जा सके। राहुल ने यह आरोप उन रिपोर्टों को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए लगाए, जिनके अनुसार अमेरिका ने अदाणी से जुड़े मुकदमे निपटाने पर सहमति जताई है।

**समूह ने गड़बड़ी से इनकार किया-** गौतम अदाणी अदाणी समूह के चेयरमैन और सागर अदाणी, अदाणी ग्रीन एनर्जी में कार्यकारी निदेशक हैं। अदाणी समूह ने लगातार किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया और कहा कि वह मजबूत शासन और अनुपालन मानकों का पालन करता है। अदाणी के वकीलों ने यह तर्क देते हुए दस्तावेज दाखिल किए थे कि अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के धोखाधड़ी के केस को खारिज कर देना चाहिए।

## पूरा कर्ज चुकाने के बाद भी बैंक और एनबीएफसी लगा रहे सेटलमेंट रिपोर्ट

# ग्राहक कर्ज चुकाने के बाद भी बैंक के काट रहे चक्कर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) से ऋण लेने के बाद उस खाते को बंद करने की प्रक्रिया कहीं ज्यादा मुश्किल भरी है। ऋण समय पर या उससे पहले चुकाने के लिए आंशिक भुगतान और पूर्ण ऋण भुगतान करने वाले ग्राहकों को भी चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

स्थिति ऐसी है कि बैंक काफी मामलों में ग्राहक से पूर्ण ऋण वसूली करने के बाद भी खाता बंद करने की रिपोर्ट नहीं लगा रहे है। यहां तक कि काफी मामलों में ग्राहकों का सिबिल स्कोर भी खराब किया जा रहा है।

बैंकों के खिलाफ ऐसी शिकायतों की संख्या बढ़ी है, जिसमें देखा गया है कि ग्राहक समय पर ऋण जमा करना चाहता है लेकिन बैंक पहले आंशिक भुगतान लेने में आनाकानी करते हैं और फिर भुगतान लेने के बाद भी क्लोजर रिपोर्ट नहीं लगाई जा रही है। ऐसे काफी सारे मामले सामने आए हैं जिसमें ग्राहकों ने समय पर किस्त भरी और निर्धारित समय से पहले पूरा ऋण चुका दिया, लेकिन बैंक ने अपनी रिपोर्ट में लोन क्लोजर रिपोर्ट न लिखकर लोन सेटलमेंट लिखा।




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशाल नाम के यूजर ने लिखा कि उन्हें लोन बंद होने का अपडेट और एनओसी पाने के लिए 18 दिन का इंतजार करना पड़ा जबकि कंपनी ने पांच कार्य दिवसों में ऋण की स्थिति को अपडेट करने का आश्वासन दिया था। वहीं, एक अन्य ग्राहक प्रवीण सिंह ने लिखा कि वह बीते एक सप्ताह से गोल्ड लोन बंद करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। बैंक की शाखा में गए तो उन्होंने कहा कि प्रक्रिया ऑनलाइन होगी, जबकि ग्राहक सेवा केंद्र से संपर्क करने पर कोई समाधान नहीं हो रहा है।

**ऋण जमा करने के नियम और बैंक की जिम्मेदारी-** बैंकों को अनिवार्य रूप से हर 15 दिन में उधारकताओं का डेटा अपडेट करना होगा कर्ज पूरा होने के अधिकतम 15 दिनों के भीतर बैंक को यह जानकारी सिबिल को भेजनी होगी। ऋण लोन चुकता होने के सात से 15 कार्य दिवसों के भीतर ग्राहक को बैंक एनओसी देगा। बैंक को कर्ज बंद होने के 30 दिनों के भीतर वे दस्तावेज वापस करने होंगे।

### पूरा भुगतान करने पर भी बकाया दिखा रहे

कई मामलों में ग्राहक ने ऋण का पूरा भुगतान कर दिया लेकिन क्लोजर रिपोर्ट लगाने की अंतिम तिथि नजदीक आने से पहले बैंक ग्राहकों को मेल भेजते हैं कि आपकी कुछ धनराशि बकाया है। उसको जुमार्ने के साथ जमा करें। ऐसे मामलों में ग्राहकों पर 500-700 या कुछ हजार की धनराशि बकाया दिखाई जाती है। अगर ग्राहक उस जमा नहीं करते हैं तो बैंक लोन क्लोजर की जगह पर लोन सेटलमेंट की रिपोर्ट लगा देता है।

### निजी बैंकों के खिलाफ सबसे अधिक शिकायतें

आरबीआई लोकपाल को वित्तीय वर्ष 2025 में 13.45 हजार शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 29 फीसदी से अधिक शिकायतें अकेले कर्ज से संबंधित थीं। ऋण से जुड़े मामलों में निजी बैंकों की स्थिति सबसे खराब है। करीब 37 फीसदी से अधिक शिकायतें निजी बैंकों के खिलाफ प्राप्त हुईं। रिजर्व बैंक से जुड़े अधिकारी नाम न छापने की शर्त पर कहते हैं कि वित्तीय वर्ष 2026 में कर्ज से जुड़ी शिकायतों में बढ़ोतरी हुई है।

### कहां पर करें शिकायत?

सबसे पहले बैंक की शाखा में लिखित शिकायत दें। सात दिनों में समाधान न मिले तो बैंक के प्रधान नोडल अधिकारी को ईमेल या पत्र से शिकायत करें। अगर 30 दिनों में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता या बैंक शिकायत को खारिज कर देता है, तो सीधे आरबीआई लोकपाल से शिकायत करें। आरबीआई लोकपाल से शिकायत करने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें।

# आईटीआर-1 एवं 4 फॉर्म भरने की सुविधा शुरू हुई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म को ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा शुक्रवार को शुरू कर दी। ये फॉर्म मुख्य रूप से छोटे और मध्यम करदाताओं द्वारा भरे जाते हैं। आयकर विभाग ने कहा कि आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म के लिए एक्सेल यूटिलिटी और ऑनलाइन फाइल करने की सुविधा अब ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध है। इन दोनों फॉर्म को 30 मार्च को अधिसूचित किया गया था। करदाता अब आयकर रिटर्न दाखिल करना शुरू कर सकते हैं। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए आईटीआर-1 दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जबकि आईटीआर-4 के लिए यह समयसीमा 31 अगस्त तय की गई है।

# दामों में तेज बढ़ोतरी के बावजूद सोने-चांदी के आयात में बंपर उछाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने की ऊंची कीमतों के बीच अप्रैल में भारत का सोने का आयात 81.69 प्रतिशत बढ़कर 5.62 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल में चांदी का आयात 157.16 प्रतिशत बढ़कर 41.1 करोड़ डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 में सोने का आयात मूल्य के लिहाज से 24 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 71.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, मात्रा के लिहाज से आयात 4.76 प्रतिशत घटकर 721.03 टन रहा।

सरकार ने 13 मई से सोने और चांदी जैसी कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि आयात शुल्क बढ़ने से वर्ष के दौरान सोने और चांदी के आयात पर असर पड़ेगा और इनमें कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि चांदी का औद्योगिक उपयोग अधिक होने के कारण उस पर शुल्क वृद्धि का असर अपेक्षाकृत कम हो सकता है।

शुक्रवार को वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते महीने भारत के निर्यात में मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस अवधि कुल निर्यात 80.80 अरब डॉलर रहा, जबकि बीते वर्ष की समान अवधि में 71.13 अरब डॉलर था। इस तरह निर्यात में सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, भारत का कुल आयात बीते महीने बढ़कर 88.61 अरब डॉलर पहुंच गया, जो अप्रैल 2025 में 82.29 अरब डॉलर था यानी सालाना आधार 7.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

### अन्य देशों से व्यापार समझौतों पर प्रगति जारी

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर कहा कि भारत ने अमेरिका के सेक्शन 233 और 301 जांच मामलों में अपनी तरफ से जवाब और सुझाव दिए हैं। दोनों देशों के बीच इस मुद्दे पर अमेरिका में हाल ही में चर्चा भी हुई है। दोनों देश लगातार संपर्क में हैं और सही समय आने पर व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**यूके के साथ एफटीए जल्द होगा लागू-** भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते को लागू करने की दिशा में दोनों देश काफी करीब पहुंच चुके हैं। हालांकि ब्रिटेन द्वारा हाल में स्टील पर उठाए गए कदम कुछ अड़चन पैदा कर रहे हैं क्योंकि यह मुद्दा पहले बातचीत में शामिल नहीं था। दोनों देश इसके समाधान के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

## Sport

# कोलकाता ने गुजरात का विजयरथ रोका

### नाइट राइडर्स ने 29 रन की जीत से कायम रखीं प्लेऑफ की उम्मीदें



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

फिन एलेन, रघुवंशी और ग्रीन की तिकड़ी ने शनिवार को ईडन गार्डंस में गुजरात टाइटंस के छक्के छुड़ा दिए। तीनों की तूफानी पारियों से कोलकाता ने गुजरात को 29 रन से रौंद कर न सिर्फ उसका विजय रथ रोका बल्कि प्लेऑफ का इंतजार भी बढ़ा दिया।

कोलकाता ने इस जीत के साथ प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें भी कायम रखी हैं। टीम 11 अंकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गई है।

एलेन (93) सात रन से अपने दूसरे शतक से चूक गए। रघुवंशी ने नाबाद 82 और ग्रीन ने नाबाद 52 रन बनाए जिससे कोलकाता ने दो विकेट पर 247 रन ठोक दिए। यह गुजरात के खिलाफ किसी भी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। कोलकाता ने सत्र का अपना सबसे बड़ा जबकि कुल तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। गुजरात को एलेन, रघुवंशी और ग्रीन के कैच टपकाने महंगे पड़े।

विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की टीम चार विकेट पर 218 रन ही बना पाई। गिल, बटलर और सुदर्शन ने कोलकाता का डटकर सामना किया पर जीत नहीं दिला पाए। टीम को अंतिम 12 गेंदों में 45 रन चाहिए थे। वह 15 रन ही बना पाई और दो विकेट भी गंवाए। यह उसकी लगातार पांच मुकाबलों के बाद पहली पराजय है।

कप्तान गिल ने 85, बटलर ने 57 रन और सुदर्शन ने नाबाद 53 रन की पारी खेली। गिल के क्रीज पर रहते गुजरात की जीत की उम्मीद बंधी थी। पर 17वें ओवर में नरेन की गेंद पर मनीष पांडे ने सीमा रेखा पर उनका शानदार कैच लपककर मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने बटलर के साथ तीसरे विकेट के लिए 73 गेंदों में 128 रन जोड़े। दुबे ने 19वें ओवर में बटलर को भी आउट कर दिया। इससे पहले रघुवंशी ने दो शानदार साझेदारियां कर कोलकाता के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने ग्रीन के साथ तीसरे विकेट के लिए अटूट 108 रन जोड़े।

# पूनाचा-माइनेनी युगल चैंपियन बने

**बेंगलुरु।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कीगन स्मिथ कर्नाटक ओपन टेनिस चैंपियन बन गए हैं। उन्होंने पुरुष एकल के फाइनल में फिलिप सेकुलिक को हराकर खिताब अपने नाम किया। स्मिथ ने जीत दर्ज की। निकी पूनाचा और साकेत माइनेनी की भारतीय जोड़ी ने बियुकोव और लोमाकिन शिकस्त देकर खिताब जीता।

# फातिमा सना ने सबसे तेज अर्धशतक जड़ इतिहास रचा

एजेंसी ▸▸ कराची

पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया जो महिला टी-20 इतिहास का सबसे तेज अर्धशतक है। फातिमा ने कुल 19 गेंद में 10 चौके और दो छक्के से 326.31 के स्ट्राइक रेट से नाबाद 62 रन बनाए।

उनकी पारी और सायरा जाबिन (नाबाद 50) के अर्धशतकों से पाक ने चार विकेट पर 223 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। फिर जिम्बाब्वे की टीम को 17.1 ओवर में 90 रन पर ढेर करके 133 रन से करारी शिकस्त दे दी। इस तरह मेजबान टीम ने तीन मैचों की सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने फातिमा सना की अगुआई में इंग्लैंड एवं वेल्स में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। पाक अपना अभियान 14 जून को भारत के खिलाफ शुरू करेगा।

**टीम :** फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, आयशा जफर, डायना बेग, एमान फातिमा, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली सिद्दीकी, नशरा संधू, नतालिया परवेज, रमीं शमीम, सादिया इकबाल, साइरा जबीन, तस्मिया रुबाब और तुबा हसन।

# सात्विक-चिराग तीसरे खिताब से एक कदम दूर

एजेंसी ▸▸ बैंकॉक

सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने तीसरे खिताब से बस एक जीत दूर रह गई है। दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी सात्विक-चिराग ने शनिवार को तीसरी बार फाइनल का टिकट कटाया। भारतीय जोड़ी ने 2019 और 2024 में भी यह खिताब जीता था।

भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन को एक घंटे 22 मिनट में 19-21, 22-20, 21-16 से शिकस्त दे दी। मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ यह सात्विक-चिराग की 10 मुकाबलों में आठवीं जीत है। ट्रॉफी के लिए सात्विक-चिराग का सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन की जोड़ी से होगा जिन्होंने चीन के हि जि तिंग और रेन शियांग यू को 21-15, 21-18 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। सात्विक ने जीत श्रेय चोटों से संघर्ष और थॉमस कप जीत को दिया। उन्होंने कहा, हम आक्रामक खेलते हैं तो चोट तो लगेगी ही। अब इनसे निपटना सीख लिया है। इससे सामंजस्य बिठाना, संयम रखना और एक-दूसरे का साथ देना अहम है। जब मैं पूरी तरह फिट नहीं हूं तो मेरा जोड़ीदार मेरा पूरा साथ देता है। कोच भी बखूबी निपटते हैं।

ए-वन मेरिज ब्यूरो
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### छात्रा से दोस्ती कर फोटो-वीडियो किए वायरल, इंस्टाग्राम पर शुरू हुई थी बातचीत

**इंदौर।** गांधी नगर में एक छात्रा से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर उसके फोटो-वीडियो वायरल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने इंस्टाग्राम यूजर को आरोपी बनाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांधीनगर पुलिस के मुताबिक, एक स्कूली छात्रा की शिकायत पर गौरख पाटिल नाम के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। छात्रा ने बताया कि एक माह पहले इंस्टाग्राम आईडी के जरिए उसकी गौरख से पहचान हुई थी। इसके बाद आरोपी वीडियो कॉल कर अश्लील बातें करने लगा। उसने छात्रा से अश्लील फोटो और वीडियो मांगे, जिन्हें छात्रा ने उसे भेज दिया। बाद में आरोपी उसे ब्लैकमेल करने लगा। उसने छात्रा के पिता को जान से मारने की धमकी भी दी। डर के चलते छात्रा ने अपने मोबाइल से फोटो और वीडियो डिलीट कर दिए। इसके बाद आरोपी ने छात्रा की मौसी की बेटी को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर छात्रा के फोटो और वीडियो उसे भेज दिए। जब इसकी जानकारी परिवार को लगी तो उन्होंने छात्रा से पूछताछ की। तब छात्रा ने पूरी घटना परिवार को बताई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**स्टेटस लगाने से रोका तो चाकू मारा-** इधर, एक अन्य मामले में लसूड़िया पुलिस ने भी चाकूबाजी के मामले में 17 वर्षीय नाबालिग के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी अपने परिचित के परिवार की फोटो मोबाइल स्टेटस पर लगा रहा था। इसका विरोध करने पर उसने हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, रविदास नगर निवासी कमल राठौर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। कमल ने पुलिस को बताया कि नाबालिग उसके परिवार की फोटो अपने स्टेटस पर लगाता था। इसी बात को लेकर वह उसे समझाने गया था। इस दौरान आरोपी ने चाकू निकालकर कमल के एक हाथ और दूसरे हाथ के पंजे पर वार कर दिया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### मुलाकात के दौरान हुए विवाद में सेंट्रल जेल में कैदियों के बीच मारपीट

**इंदौर।** इंदौर सेंट्रल जेल में शनिवार को मुलाकात के दौरान कैदियों के बीच विवाद हो गया। जेल नंबर 6 की बैरक में बंद हेमंत यादव और कृष्णपाल सिंह उर्फ डॉन व अन्य कैदियों के बीच यह विवाद जेल की खिड़की पर मुलाकात के समय हुआ। मामले में जेल प्रशासन ने किसी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जानकारी के अनुसार, नंदानगर निवासी कृष्णपाल सिंह उर्फ डॉन के जन्मदिन के लिए उसके साथी प्रदीप यादव, गोलू तिवारी और अन्य जेल मुलाकात के लिए पहुंचे थे। इस दौरान कैदी खिड़की पर फोन के जरिए बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान अनवर डकैत और हेमंत यादव के बीच जल्द बात खत्म करने को लेकर कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि विवाद बढ़ने पर अनवर डकैत ने हेमंत यादव को धक्का दे दिया। इसके बाद कृष्णपाल सिंह उर्फ डॉन बीच में आ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मौके पर मौजूद जेल प्रहरियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित किया और मुलाकात बंद कर दी। घटना के बाद अनवर डकैत की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जेल में अतिरिक्त प्रहरियों की तैनाती भी की गई है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी अलग-अलग मामलों में जेल में बंद हैं। सूत्रों के अनुसार, कृष्णपाल सिंह उर्फ डॉन का जेल में प्रभाव माना जाता है और वह अक्सर मुलाकात खिड़की पर अपने साथियों से बातचीत करता है। जेल नियमों के अनुसार सप्ताह में दो दिन मुलाकात की अनुमति होती है, लेकिन यहां लगातार मुलाकात होने के आरोप भी सामने आए हैं।

### अवैध हथियार सप्लायरों को देने वाले फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच ने पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने डेढ़ लाख रुपए की ब्राउन शुगर तस्करी मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। रविवार को टीम ने मामले का खुलासा किया। आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी विमल श्रीवास निवासी परदेशीपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी साहिल से पूछताछ और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसकी तलाश की जा रही थी। जांच में सामने आया कि आरोपी अन्य राज्यों से अवैध हथियार खरीदकर इंदौर में सप्लायरों तक पहुंचाता था। इससे पहले क्राइम ब्रांच ने सौरभ, गौरव और साहिल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की थी। उसी मामले की अगली कड़ी में साहिल से पूछताछ के बाद विमल श्रीवास का नाम सामने आया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो अवैध देशी पिस्टल भी जब्त की हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह प्राइवेट नौकरी करता है और 10वीं तक पढ़ा है। फिलहाल उससे पूछताछ जारी है।

### महिला डॉक्टर की चेन लूटकर भाग रहे बदमाश गिरे, लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**इंदौर।** तिलक नगर थाना पुलिस ने चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक बुजुर्ग महिला डॉक्टर की सोने की चेन लूटकर भाग रहे थे, लेकिन इसी दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। तिलक नगर पुलिस के मुताबिक 74 वर्षीय रिटायर्ड डॉक्टर कीर्ति तिवारी अपने घर से मंदिर जा रही थीं। तभी बाइक सवार बदमाश जाहिद पुत्र मेंहदी हुसैन निवासी खिलचीपुर और गुफरान पुत्र बाबू अली निवासी पचोर वहां पहुंचे और उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात के दौरान चेन का कुछ हिस्सा महिला के गले में रह गया, जबकि बाकी हिस्सा आरोपियों के हाथ में चला गया। चेन लूटकर भागने के दौरान आरोपियों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों बदमाशों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में दोनों आरोपियों के हाथ और पैर में चोट आई है। फिलहाल पुलिस उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

### फर्स्ट बटालियन की बिल्डिंग की आठवीं मंजील से गिरने पर मजदूर की मौत

**इंदौर।** इंदौर के फर्स्ट बटालियन स्थित एक निमार्णाधीन बिल्डिंग में हादसा हो गया। यहां काम करने वाला एक मजदूर शनिवार शाम आठवें माले से नीचे गिर गया। घायल अवस्था में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर बाजार पुलिस के अनुसार, पंकज (22) पुत्र मुकेश को उसका ठेकेदार रियाज अस्पताल लेकर पहुंचा था। ठेकेदार ने बताया कि पंकज प्लास्टर का काम पांचवें माले पर कर रहा था। शाम को काम खत्म होने के बाद सभी मजदूर नीचे आ रहे थे, तभी पंकज आठवें माले पर कुछ सामान लेने चला गया। काफी देर तक वह नीचे नहीं आया, जिसके बाद अन्य कर्मचारियों ने उसे घायल अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा और ठेकेदार को सूचना दी। पंकज मूल रूप से उत्तर प्रदेश के देवरिया का रहने वाला था और करीब दो महीने पहले इंदौर में अपने नाना के पास आकर काम करने लगा था। उसका भाई दिल्ली में रहता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन इंदौर के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस मामले में जांच के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई करेगी।

---

देवास जिले के टोंककला में हुए भीषण पटाखा फैक्टरी हादसे में झुलसे मरीजों का एमवाय में इलाज जारी

# 75 से 90% तक झुलसे तीन मरीजों की हालत गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवास जिले के टोंककला में हुए भीषण पटाखा फैक्टरी हादसे में झुलसे मरीजों का इंदौर के एमवाय अस्पताल में इलाज जारी है। यहां बर्न यूनिट में एडमिट तीन मरीजों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और उनके लिए अगले 48 घंटे काफी अहम हैं। इनमें से एक मरीज वेंटिलेटर पर है।

दरअसल, आग से झुलसे मरीजों में तीसरे दिन से संक्रमण का खतरा तेजी से बढ़ जाता है, इसलिए विशेष सावधानी बरती जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने संक्रमण के खतरे को देखते हुए बर्न यूनिट में बाहरी लोगों की आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी है। केवल जरूरी मेडिकल स्टाफ को ही प्रवेश दिया जा रहा है।

अस्पताल की बर्न यूनिट में राम (20) पिता मुकेश कुमार, निरंजन (30) पिता हीरालालराम और अजय (27) पिता नुनू पासवान एडमिट हैं। तीनों मरीज 75 से 90% प्रतिशत तक झुलसे हुए हैं। वहीं हादसे में घायल विशाल (25) को सिर में गंभीर चोट आने के बाद न्यूरो सर्जरी वार्ड में एडमिट किया गया है। धमाके के दौरान विशाल दूर जाकर गिर पड़ा था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और खून का थक्का जम गया। न्यूरो सर्जन डॉ. परेश सौंधिया ने बताया कि विशाल की स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है।







**संक्रमण रोकने के लिए विशेष इंतजाम-** बर्न यूनिट प्रभारी डॉ. सचिन वर्मा ने बताया कि मरीजों को संक्रमण से बचाने के लिए लगातार एंटीबायोटिक दवाएं दी जा रही हैं। साथ ही उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष आहार शुरू किया गया है। फिलहाल तीनों मरीजों को नली के माध्यम से फीडिंग दी जा रही है ताकि शरीर को जरूरी ऊर्जा मिल सके। बर्न यूनिट में संक्रमण की आशंका को देखते हुए पांच नर्सिंग कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज 24 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीजों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। उधर, चोइथराम हॉस्पिटल में एडमिट चार मरीजों की हालत ठीक है।

#### यह है मामला

- देवास जिले के टोंककलां इलाके में गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे पटाखा फैक्ट्री में जोरदार धमाका हुआ। हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए। मृत मजदूर उत्तर प्रदेश, बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।
- शुरूआत में धीरज, सनी और सुमित की मौत की जानकारी सामने आई थी। गुरुवार देर रात अमलतास अस्पताल में इलाजरत दो मजदूर अमर और गुड्डू ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई।
- ब्लास्ट इतना तेज था कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। फैक्ट्री की दीवारें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और आसपास के मकान तक हिल गए। हादसे के बाद झुलसे मजदूर बदहवास हालत में बाहर निकलते दिखे। कुछ लोगों के कपड़े स्किन से चिपक गए थे। फैक्ट्री के बाहर बाल और जले अवशेष बिखरे पड़े मिले।
- 5 मजदूरों की मौत के बाद प्रशासन ने बड़ा एक्शन लेते हुए एसडीएम संजीव सक्सेना, नायब तहसीलदार रवि शर्मा, सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे और टोंककला चौकी प्रभारी रमनदीप हुंडल को सस्पेंड कर दिया है। हालांकि हादसे के कई दिन बाद भी फैक्ट्री संचालन, विस्फोटक भंडारण और सुरक्षा निगरानी से जुड़े अन्य जिम्मेदार अफसरों पर अब तक एफआईआर नहीं हुई है।

## डीएवीवी हॉस्टल में फाइनल ईयर के छात्रों का उत्पात

**दारू बदनाम कर दी गाने पर अर्धनग्न होकर नाचे, टेबल-कुर्सियां, पानी की टंकी तोड़ी, यूनिवर्सिटी एक्शन लेगी**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी डिपार्टमेंट के रामानुजनम बी हॉस्टल में फाइनल ईयर के छात्रों ने रविवार अलसुबह जमकर उत्पात मचाया। अर्धनग्न होकर दारू बदनाम कर दी गाने पर डांस किया और हॉस्टल में जमकर तोड़फोड़ की।

स्टूडेंट्स ने टेबल-कुर्सी यहां तक की प्लास्टिक की पानी की टंकी तक तोड़ दी। घटना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें स्टूडेंट्स तोड़फोड़ करते और अर्धनग्न होकर डांस करते हुए नजर आ रहे है।

वीडियो वायरल होने के बाद अब यूनिवर्सिटी प्रबंधन भी एक्शन मोड में आ गया है। यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रोफेसर राकेश सिंघई का कहना है कि इन सभी छात्रों को चिह्नित किया जा रहा है और इन पर पैनल्टी के साथ ही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि ये वीडियो हॉस्टल में सुबह 4 बजे के बाद का है। जहां पर कई स्टूडेंट्स मौजूद है और अर्धनग्न हालत में दारू बदनाम कर दी गाने पर डांस कर रहे है। एक तरफ हॉस्टल की पहली मंजिल से कुछ स्टूडेंट्स बाल्टियों से नीचे खड़े स्टूडेंट्स पर पानी फेंक रहे हैं वहीं दूसरी तरफ नीचे खड़े स्टूडेंट्स जमकर थिरक रहे हैं।

डांस करने के साथ ही स्टूडेंट्स ने हॉस्टल में जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने हॉस्टल में रखी प्लास्टिक की कुर्सियां, टेबल और यहां तक की प्लास्टिक की पानी की टंकी भी तोड़ दी। खिड़कियों के कांच तोड़ने के साथ ही टेबल-कुर्सियां भी फेंकी गई।



#### एक्शन मोड में यूनिवर्सिटी प्रबंधन

वीडियो सामने आने के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन एक्शन मोड में आ गया है। बताया जा रहा है कि ये सभी फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स हैं। हालांकि इस मामले में इन सभी स्टूडेंट्स को चिह्नित किया जा रहा है। इस घटना की जानकारी आईईटी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ.प्रतोष बंसल ने कुलगुरु को दे दी है। कुलगुरु प्रो.सिंघई ने स्पष्ट कहा है कि इन पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा और नियमानुसार सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## इंदौर में बढ़ रही सौर ऊर्जा को लेकर जागरूकता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में स्वच्छता के साथ-साथ सौर ऊर्जा के प्रति भी तेजी से जागरूकता बढ़ रही है। रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव धेनू मार्केट इलाके में पहुंचे। यहां सफाई व्यवस्था को चेक किया। वहीं हाइड पार्क रेजिडेंस सोसाइटी के सोलर मॉडल को शहर के लिए प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

महापौर ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था को और ज्यादा प्रभावी बनाए रखने को कहा। इसके बाद उन्होंने हाइड पार्क रेजिडेंस सोसाइटी में रहवासियों के साथ मुलाकात कर शहर के विकास, स्वच्छता और ऊर्जा संरक्षण पर बात की।

महापौर ने कहा शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने में लोगों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंदौर को क्लीन सिटी से सोलर सिटी बनाने का संकल्प लिया गया था, जिसकी शुरूआत हर घर सोलर अभियान से की गई। 900 मेगावाट के लक्ष्य में से लगभग 100 मेगावाट क्षमता के लोग खुद अपने घरों की छतों पर सोलर सिस्टम लगा रहे हैं। हाइड पार्क रेजिडेंस सोसाइटी इस दिशा में एक आदर्श उदाहरण है। सोसाइटी के सभी 35 फ्लैट मालिकों के पास व्यक्तिगत सोलर कनेक्शन है, जबकि कॉमन उपयोग के लिए भी पूरी इमारत की छत पर सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किया गया है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 7 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के कनाड़िया थाना क्षेत्र में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मानवता नगर निवासी तरुण चौहान मनोरमागंज क्षेत्र में कैफे संचालित करते हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि उनकी पहचान उत्तर प्रदेश के रायबरेली निवासी अभिषेक पाल से हुई थी। अभिषेक ने खुद को शेयर मार्केट निवेशक बताते हुए एंजल वन एप्लीकेशन के जरिए निवेश करने पर कई गुना मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया।

**7 लाख से अधिक की राशि खाते में ट्रांसफर करवाई-** आरोपी की बातों में आकर तरुण ने 24 अप्रैल 2025 से 4 अक्टूबर 2025 के बीच अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 7 लाख 23 हजार रुपए अभिषेक के खाते में ट्रांसफर कर दिए। आरोपी हर ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट और रसीद भी भेजता था, जिससे फरियादी को भरोसा बना रहा। कुछ समय बाद अभिषेक ने तरुण के फोन उठाना बंद कर दिए और निवेश की रकम भी वापस नहीं की। इसके बाद मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से की गई। जांच के बाद कनाड़िया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड)
स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com